# जागरूक टाइम्स

सिरोही, गुरुवार, 27 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 67 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# अन्त्योदय कल्याण समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**27 मार्च, 2025 | अपराह्न 12:00 बजे | पुलिस परेड ग्राउंड, भरतपुर**

### हस्तांतरण / वितरण / शुभारम्भ

- 92 हजार निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपए का हस्तांतरण
- डांग, मगरा एवं मेवात क्षेत्रीय योजना हेतु 300 करोड़ रुपए
- दिव्यांगजनों को पावर ड्रिवन व्हील चेयर एवं असिस्टिव डिवाइस
- 20 हजार परिवारों को स्वामित्व कार्ड योजना में पट्टा वितरण
- माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक वितरण
- ग्रामीण विकास का नया ई-वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल एप

### योजनाओं के दिशा निर्देश

- पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना
- दादू दयाल घुमंतू सशक्तिकरण योजना
- दिव्यांगजनों हेतु समान अवसर नीति का विमोचन
- एमएलए लैड योजना के तहत विधायक जन सुनवाई केंद्र
- पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली में 150 यूनिट मुफ्त बिजली
- MAA योजना के तहत न्यू पैकेज एवं मा नेत्र वाउचर योजना
- गुरू गोलवलकर आशान्वित ब्लॉक विकास योजना

### पुलिस के 150 नए वाहनों की रवानगी

**27 मार्च, 2025 | जवाहर सर्किल, जयपुर**

**अन्त्योदय कल्याण - खुशहाल राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# जालोर क्लब में जिलास्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्य मों की श्रृंखला में स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय परिसर बीछवाल, बीकानेर में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा उदघाटन करने के साथ ही किसानों से संवाद किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ड्रीप संयंत्र, सौर ऊर्जा पम्प, मधुमक्खी पालन, सहकारिता विभाग की पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पशुपालन विभाग की पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के साथ ही राज्य द्वारा संचालित अन्य कृषक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही लाभार्थियों से संवाद किया गया।

## अनुदान राशि के चैक सौंपे

जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम जालोर क्लब में आयोजित किया गया जिसमें जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा अनुदानित योजनाओं यथा-खेत तलाई, सिंचाई पाइप लाइन, तारबंदी, ड्रीप संयंत्र स्थापना से लाभान्वित कृषक नेनाराम पुत्र पकाराम माली को 12 हजार, जसवन्तसिंह पुत्र मोडसिंह को 15 हजार, सिकन्दर खान पुत्र मोहम्मद खान को 15 हजार, राणसिंह पुत्र किशोरसिंह को 40 हजार, अमरसिंह पुत्र बलवन्तसिंह को 40 हजार, श्रीमती केसीदेवी प|ी भोमाराम को 1,71,963 रुपए, तलसाराम पुत्र सुमेरमल को 91,103 रुपए, लीलाराम पुत्र कपूराजी को 177957 रुपए, अर्जुनसिंह पुत्र तगसिंह को 2,17,707 रुपए व दलपतसिंह पुत्र गुमानसिंह को 1,97,971 रुपए की अनुदान राशि के प्रतीकात्मक चैक प्रदान किए गए। मंच का संचालन श्रीमती विमला पुरी व विष्णु कुमार गुर्जर ने किया।



## यह थे मौजूद

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामलाल जाट, उद्यान विभाग के उप निदेशक एल.एन. यादव, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सुनील वीरभान, उप निदेशक कृषि नरेन्द्र सिंह राठौड़, मंडी सचिव के.एस. भाटी, उपनिदेशक कृषि विस्तार खुमानसिंह रूपावत, सहायक निदेशक कृषि विस्तार जगदीश प्रसाद के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित जिले के कृषक, पशुपालक, कृषक हितधारक व कृषक उत्पादक संगठन उपस्थित थे।



# बूथ मेनेजमेंट को लेकर दिया मार्गदर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** शहर के भंडारी धर्मशाला में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस सायला की संगठनात्मक बैठक का जालोर विधानसभा प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, पूर्व विधायक प्रत्याशी रमीला मेघवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत की उपस्थिति में आयोजन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जालोर विधानसभा प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होने एवं बूथ मैनेजमेन्ट को लेकर मार्गदर्शित किया। उन्होने पार्टी को पुनः सत्ता में लाने के लिए बूथ कमेटी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इससे आगामी नगरपालिका एवं पंचायतीराज चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित होगी। पुखराज पाराशर ने कहा कि यह संघर्ष का समय है और कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी है। लेकिन जो पार्टी की रीति-नीति से अलग चलेगा उसे संगठन से निष्कासित किया जाएगा। उन्होनें ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को प्रत्येक माह बैठक आयोजित कर आमजन एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान का प्रयास करने की बात कही। जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने आपसी मतभेद दूर कर संगठन हित में कार्य करने की बात कही। रमीला मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है। सवाराम पटेल ने कहा कि कांग्रेस 36 कौम की हितैषी पार्टी है। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पन्नेसिंह पोषाणा ने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर संगठन हित को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक को सेवादल जिलाध्यक्ष भैरूपालसिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष छगनलाल गहलोत, जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी, शैतानसिंह धनानी, एडवोकेट रामसिंह चंपावत, गोपाल देवासी, वरिष्ठ कांग्रेसी नत्थु खान, मांगीलाल राणा ने भी संबोधित किया। ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन योगेन्द्रसिंह कुम्पावत ने किया। इस दौरान सूरजपालसिंह सुराणा, महेन्द्रपालसिंह पोषाणा, सुल्तान खान भाटी, चन्द्रसिंह तूरा, लालसिंह भूण्डवा, बाबूसिंह तालियाणा, मोतीसिंह निम्बलाना, इन्द्रसिंह सायला, पृथ्वीसिंह भाटी, मांगीलाल गर्ग, प्रकाश मेघवाल, दीपाराम मेघवाल, पीराराम माली, भोलाराम माली, वगताराम चौधरी, नवाब खान, करताराम चौधरी, वसनाराम देवासी, वोकसिंह दहिया, भैराराम घांची, प्रकाश माली आसाणा, जगदीश सरगरा, चुन्नीलाल बावरी, सद्दाम खान, अमरसिंह, आसु खां, खसाराम, सज्जन कंवर, चंपाराम रांगी समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित रामदेव शिक्षण संस्थान के तीन विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय जसवंतपुरा में चयन हुआ है। निदेशक जयंतीलाल जीनगर ने बताया कि जवाहर नवोदय समिति की ओर से 18 जनवरी को कक्षा 6 के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमे स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसका मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के वरुण बालोत, संजय कुमार व ललित कुमार का चयन हुआ। जिस पर विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों ने खुशी जताई है। साथ ही चयनित हुए विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

# रोटरी क्लब की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** शहर के एक निजी प्रतिष्ठान में बुधवार को रोटरी क्लब सायला की बैठक मोहन पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें रोटरी क्लब सायला की कार्यकारिणी बनाने एवं सदस्य जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही मोहन पाराशर ने रोटरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर, गांव व शहरों में हेल्प मिशन समेत अन्य कार्यों के बारे मे जानकारी दी। इस दौरान राजेन्द्र माहेश्वरी, वि' मसिंह दहिया, अशोक अग्रवाल, वस्तुपाल जैन, दिनेश सुथार ओटवाला, छैलाराम सैन, भंवरलाल सुथार, पारसाराम राणा मौजूद थे।

# मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग रहेंगे जालोर दौरे पर

जालोर। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 27 मार्च को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। जहां वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम जालोर सर्किट हाउस में करेंगे।

# प्लेसमेंट शिविर कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 28 मार्च को सुबह 10 बजे से सामतीपुरा रोड पर नर्मदा कॉलोनी जालोर में स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को स्थानीय व निजी क्षेत्र के नियोजकों की ओर से मौके पर साक्षात्कार के उपरांत रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक आशार्थी अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक अनुभव के दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज फोटो सहित शिविर में भाग लेकर विभिन्न अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

# जिला परिषद की विशेष बैठक स्थगित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला परिषद की साधारण सभा की विशेष बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में 27 मार्च को आयोजित की जानी थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया हैं। अब यह बैठक 7 अप्रेल को दोपहर 12.30 जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने दी।

# दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी, व्यापारियों ने दबोचा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** बडसम रोड स्थित एक मार्केट में दिनदहाड़े गैस की टंकी चोरी की वारदात सामने आई। स्थानीय व्यापारियों ने सतर्कता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना पर समस्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष हरीश पुरोहित, पुनमाराम पूनिया सहित कई लोग मौका स्थल पर पहुंचे व घटना की जानकारी ली व पुलिस को मौका स्थल पर बुलाया गया । व्यापारियों ने बताया कि बुधवार सवेरे एक संदिग्ध युवक मार्केट में घूम रहा था, जो मौके का फायदा उठाकर मार्केट के छत पर रहने वाले मजदूरों के खाना बनाने की टंकी उठाकर लेकर जा रहा था। जिस पर आसपास के व्यापारियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान एक स्थानीय युवक के रूप में हुई है, जो स्मैक की लत का शिकार बताया जा रहा है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी पहले भी इस तरह की किसी वारदात में शामिल रहा है या नहीं। ऐसे में व्यापारियों की सतर्कता से एक और चोरी की वारदात टल गई। जिससे बाजार के अन्य दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली।

# बनाएं फार्मर रजिस्ट्री आईडी, नहीं मिलेगी बीसवीं किस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत आगामी 20 वीं किश्त के लिए किसानों को 31 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे शिविरों में फार्मर रजिस्ट्री आईडी कार्ड बनवाने होंगे। पीएम किसान योजना के सहायक नोडल अधिकारी सुनील वीरभान ने बताया कि जिले में एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्रेशन के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर किसानों को फार्मर आईडी कार्ड बनाकर प्रदान किए जा रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी जिनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार हो चुकी है।

एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 27 मार्च को चान्दराई, पादरली, रोडला, कवराड़ा, डोडियाली, हरजी, चवरछा, रायथल, आईपुरा, देवकी व दयालुपरा, जालोर तहसील में 27 से 29 मार्च तक आकोली, बाकरा, उम्मेदाबाद व बिशनगढ़, सायला तहसील में 27 मार्च को जालमपुरा, खेतलावास व विशाला, बागोड़ा तहसील में 27 मार्च को जैसावास, मोरसीम, धुम्बडिया, लाखणी, कालेटी व कुका, सांचौर तहसील में 27 मार्च को दातां, अरणाय, सेड़िया, धमाणा, भादरूणा, भड़वल, बावरला, दांतिया, अचलपुर व गोलासन तथा रानीवाड़ा तहसील में 27 व 28 मार्च को रानीवाड़ा खुर्द, रतनपुर, बामनवाड़ा, गांग, मालवाड़ा, आलड़ी व कोड़का में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा।

# किसानों का जीएसएस पर प्रदर्शन, 10 गुना ज्यादा वसूली का आरोप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सांकड़ में किसानों ने जीएसएस के सामने किसानों की बिजली समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम के नाम नाम डिस्कॉम के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कहा कि पिछले 30 वर्षों से उनके कृषि कनेक्शन का बिल फ्लैट रेट पर आ रहा था। अब विभाग जबरन मीटर लगा रहा है और दस गुना तक अधिक बिल आ रहा है, जो किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग करते हुए बताया कि कि पहले की तरह फ्लैट रेट सिस्टम जारी रखा जाए, ताकि किसानों को पूरा फायदा मिल सके। इन समस्याओं को लेकर ज्ञापन में भी बताया कि घरेलू कनेक्शन में भी अधिक बिल आने की शिकायत है। किसानों ने मीटर रीडिंग की जांच कर सुधार की मांग करते बताया कि कृषि कनेक्शन में जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलने में 15 दिन तक का समय लग जाता है। किसानों ने मांग की है कि इसे 72 घंटे में बदला जाए। बिजली विभाग की एफआरटी टीम को नियमों का पालन करने के लिए पाबंद किया जाए, जिससे समय पर फॉल्ट दूर हो सके। किसानों ने यह भी बताया कि 25 एचपी के कृषि कनेक्शन को विभाग 40 एचपी बताकर अधिक बिल वसूल रहा है, उन्होंने इस त्रुटि को सुधारने की मांग की है, इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष छोगाराम चौधरी, गेनाराम, जुंजा राम, सांवला राम, थानाराम, खरता राम, भीमाराम, महादेवा राम, देवाराम, सुजाना राम, खंगाराराम, शंकरा राम, हरचंद राम, जामाराम व खेताराम सहित अन्य मौजूद रहे।

# रात्रि चौपाल, शराब की दुकान हटाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राज्य सरकार की ओर से आमजन को राहत प्रदान करवाने के लिए संचालित अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉक्टर प्रदीप के गावड़े के निर्देशानुसार मंगलवार रात्रि को ग्राम पंचायत जुंजाणी मुख्यालय पर रात्रि चौपाल का आयोजन तहसीलदार श्रीमती नीरजा कुमारी, विकास अधिकारी राजकुमार जीनगर, नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी, सानिवि अधिशाषी अभियंता ओमप्रकाश व डिस्कॉम सहायक अभियंता भरत कुमार देवड़ा की मौजूदगी में हुआ। जिसमे गांव में शराब की दुकान हटाने, पुलिस चौकी स्वीकृत करवाने व रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने सहित कुल 48 परिवाद दर्ज किए गए। इस दौरान तहसीलदार नीरजा कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार आमजन को घर बैठे समस्याओं से राहत दिलवाने और केंद्र व जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों लाभान्वित करवाने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्याओं से प्रशासन को अवगत करवाने की बात कही। ताकि संबंधित विभाग की ओर से निर्धारित समय में समाधान किया जा सके। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा गांव में शराबियों के आतंक से मुक्ति दिलवाने के लिए शराब की दुकान बंद करवाने, गांव में पुलिस चौकी स्वीकृत करवाने, रात्रि गश्त बढ़ाने, गांव व ढाणियों में ढीले विद्युत तारों की समस्या से निजात दिलवाने, आबादी व सरकारी भवन के सामने लगे विद्युत ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग करवाने, सरकारी विद्यालय का विद्युत मीटर बदलवाने, डेमेज विद्युत पोल बदलवाने, आवश्यकतानिसार मुख्य गांव व ढाणियों में नए ट्यूबवेल खुदवाने, आबादी को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करवाने, पुरानी पेयजल की पाइपलाइन बदलवाकर बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए नई पाइपलाइन लगवाने, जल जीवन मिशन के तहत वंचित घरों को जोड़ने और पानी की आपूर्ति करवाने, मुख्य गांव में आवश्यकतानुसार सीसी सड़क निर्माण करवाने, ढाणियों को सड़क से जोड़ने, दुदेलाई नाड़ी सरकारी विद्यालय भवन के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन हटवाने, वैर की ढाणी सरकारी विद्यालय में पोषाहार के लिए नवीन भवन स्वीकृत करवाने, दुदेलाई ढाणी से पूर्व सरपंच बलवंतसिंह की ढाणी व बागोड़ा मुख्य सड़क से मसराराम भील की ढाणी तक सड़क निर्माण करवाने, रोड लाईट लगवाने व खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन की मांग की। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य हिमताराम सैन, भूमि निरीक्षक शेखर ओझा, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र जोशी, पटवारी सुरेंद्र मीणा, हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन अध्यक्ष ओखाराम बॉस, भाजपा नेता कन्हैयालाल पुरोहित, करनाराम पुरोहित, भूपेंद्र दवे दुदाराम मेघवाल,राजूसिंह देवड़ा, दीपक पुरोहित व समाजसेवी रेवाराम सेन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राज्य सरकार की ओर से सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में ग्रामीणो का धरना 88 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार से हटधर्मिता छोड़ सांचौर जिले को बाहल करने की मांग की। ग्रामीणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि सांचौर जिले को गलत ढंग से खत्म किया गया है, जो अन्याय है, जिसको लेकर यहां कि लोग पिछले 88 दिनो से धरने पर बैठ है। गरीब लोग जालोर मुख्यालय पर जाने में सक्षम नहीं है, ऐसे में सरकार की कल्याणकारी योजनाओ का सांचौर के लोगों को फायदा देने के लिए जिले को बहाल करना जरूरी है। इस अवसर पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, केशाराम मेहरा, भीमाराम चौधरी, बाबूलाल लालपुरा, विरधाराम बिश्नोई लालपुरा, भारुराम लालपुरा, लेखराज, गोरखाराम, भजनलाल डूडी, भंवर सिंह रावना राजपूत, सांवलाराम, बाबुलाल, विरधाराम, भारुराम, लिखमाराम, प्रकाश किशनाराम, भागीरथ राम, इशाक खान, मलाराम, रामलाल, राजूराम नेन, ओमप्रकाश एचरा, हदुमनारम जांगू, हेमराज, सावताराम, भानाराम, खान्ग्राराम, अमलुराम, उदाराम मानाराम, भगवानाराम, गोरखाराम, मावाराम, हापुराम, वीरदान, लादूराम, जगराम मांजू, भीखाराम, हापुराम सियाक, भजनलाल डूडी, भंवरलाल गोदारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** घांचियों के वास से बुधवार को 40 श्रद्धालुओं का जत्था बस के जरिए विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस धार्मिक यात्रा का आयोजन मंचालाल पुत्र स्व. सवाजी प्रजापत (परिहार) परिवार की किया गया है। आठ दिवसीय इस यात्रा में श्रद्धालु गोकुल, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या के राम मंदिर, प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, मेहंदीपुर बालाजी, पुष्कर सहित अन्य पवित्र स्थलों के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, सरपंच श्रीमती चंपा देवी, हंसाराम, शंकरलाल, अमृतलाल, रतनाराम पावटी, जेठालाल पावटी, लालाराम गोलाणा, दिनेश कुमार डोरडा, मंगलाराम, वगताराम, लक्ष्मण कुमार, जितेंद्र कुमार, पत्रकार महेंद्र प्रजापत, नारायण भाई, प्रकाश कुमार निम्बज सहित कई श्रद्धालु एवं महिलाएं मौजूद रहे। यह यात्रियों का जत्था 2 अप्रैल को यात्रा पूर्ण कर वापस जसवंतपुरा पहुंचेगा।

# विधानसभा प्रभारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**सांचौर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्येक विधानसभा के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं जिसमें सांचौर विधानसभा क्षेत्र के लिए महेन्द्र जाखड़ को प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। जिन्होने कांग्रेस कार्यालय सांचौर के कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमें सांचौर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को बूथ स्तर पर किस तरह मजबूत करे इस बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया। पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पर कांग्रेस सरकार की योजनाओ को बंद करने का आरोप लगाया, पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा निकाली गई सभी प्रकार की योजना सिर्फ बन्द करने का कार्य किया। इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को तन-मन-धन से कार्य करे। जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने सांचौर में कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया जा रहे कार्य की वाहवाही की ओर कहा की जैसा कांग्रेस पार्टी सांचौर में कार्य कर रही हैं ऐसा ही कार्य पूरे राजस्थान में होना चाहिए। नगर परिषद सांचौर के सभापति नरेश सेठ, चितलवाना ब्लॉक अध्यक्ष मेवाराम देवासी, चन्दनसिंह राजपुत विरोल नवनियुक्त रामदेव 'य-वि' य सोचायटी के चेयरमेन, सुरजनराम साहु रणोदर मण्डल अध्यक्ष, सेधाराम मेघवाल पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सांचौर, बीरबल पूनीया पार्षद नगरपरिषद सांचौर, सुखराम खोखर, आसुराम गोदारा, सेसावा सरपंच विजयपाल चारण, पीराराम देवासी, अर्जुन देवासी, जगदीश सारण, नरेन्द्र मेघवाल डांगरा, पीराराम माली सहित कार्यकर्ताओं ने बैठक को सम्बोधित किया। इस अवसर पर समस्त मण्डलों के मण्डल अध्यक्ष, सांचौर व चितलवाना ब्लॉक के कार्यकारिणी के सदस्य, नगर कांग्रेस कार्यकारणी के सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सांचौर व चितलवाना पंचायत समिति के सरपंच, सांचौर नगरपरिषद के पार्षदगण, कांग्रेस पार्टी के समस्त संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य, समस्त बूथों के बूथ अभिकर्ताओं सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, गुरुवार, 27 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 67 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.




## न्यूज ब्रीफ

### सीएम योगी के राजकीय विमान में आई खराबी
#### 9 मिनट हवा में रहने के बाद करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राजकीय विमान में तकनीकी खराबी आई। खेरिया एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद पायलट को जानकारी हुई। विमान के नौ मिनट हवा में रहने के बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना देकर खेरिया एयरपोर्ट पर ही लैंडिंग की। सीएम योगी दो घंटे एयरपोर्ट के वीआइपी लांज में बैठे। दिल्ली से दूसरा विमान आने पर शाम 5.40 बजे लखनऊ के लिए रवाना हुए मुख्यमंत्री।



### घूसखोर एएसआई को रंगे-हाथों किया ट्रैप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ के आकोला थाने के एएसआई बाबूलाल मीणा (50) को 15 हजार रुपए लेते हुए उदयपुर एसीबी ने गिरफ्तार किया है। घूसखोर एएसआई ने पहले 50 हजार रुपयों की मांग की थी। कार्रवाई से पहले 20 हजार रुपए और कार्रवाई की बाद 30 हजार रुपयों की मांग की थी। आरोपी एएसआई ने सत्यापन के समय 2 हजार रुपए लिए थे। दोस्त की पत्नी के साथ डेढ़ साल तक लिव-इन में रहे परिवादी (29) से आरोपी को रिश्वत लेते रंगे-हाथों ट्रैप किया गया। परिवादी ने अपनी महिला मित्र के खिलाफ 420 का मामला दर्ज करवाया था। जिसमे बताया था कि उसकी महिला मित्र (26) 7 महीने के बच्चे को छोड़कर पीड़ित के मां के गहने और 2 लाख कैश लेकर चली गई।



### नर्स के एक फैसले ने बचाई पोप की जान

**रोम।** पोप फ्रांसिस मौत के इतने करीब पहुंच गए थे कि मेडिकल टीम ने उनका इलाज रोकने का फैसला कर लिया था, ताकि वे शांति से मर सकें। हालांकि पोप की नर्स इससे सहमत नहीं हुई। उन्होंने आखिरी वक्त तक पोप का इलाज जारी रखने को कहा। पोप फ्रांसिस का इलाज करने वाले डॉक्टरों ने खुद यह खुलासा किया है। 88 साल के पोप फ्रांसिस को सांस की बीमारी के कारण फरवरी में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।



## राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला

### बीकानेर में किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम

### अन्नदाता किसान विकसित तो देश-प्रदेश विकसित और खुशहाल

### किसानों की मेहनत से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई

# राज्य सरकार कृषक हित में उठा रही अहम कदमः सीएम शर्मा











जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें।

शर्मा बुधवार को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को राजस्थान दिवस तथा भारतीय नववर्ष 2082 की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा प्रदेशवासी धूमधाम से राजस्थान दिवस मनाएं।

### तपती धूप, कड़ाके की सर्दी, बारिश की बौछार में भी किसान खड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कियह कार्यक्रम किसानों के सम्मान को समर्पित है। किसान सिर्फ खेती नहीं करते, वे जीवन की नींव रखते हैं। किसानों की मेहनत से ही भारत ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है तथा विश्व में हम एक अग्रणी कृषि शक्ति के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि किसान सूरज की तपती धूप, कड़ाके की सर्दीतथा बारिश की बौछार में भी खेतों में खड़े रहकर सिंचाई करते हैं और रखवाली करते हैं। किसानों का यह त्याग और समर्पण अप्रतिम है।

### प्रधानमंत्री किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर रहे निरंतर प्रयास

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकारकिसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। केन्द्र सरकार द्वारा 10 हजार एफपीओ का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य में 72 लाख से अधिक किसानों को 1 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित, लगभग 47 लाख किसानों को 29 हजार करोड़ रुपये का अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बीमा क्लेम वितरित किए गए हैं।

### राज्य सरकार किसान हित में ले रही लगातार निर्णय

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के लिए किसान हित पहली प्राथमिकता है। हमनें अपने पहले ही वर्ष में किसान सम्मान निधि में सहायता राशि को 6 हजार रूपये से बढ़ाकर 8 हजार किया जिसे अब बढ़ाकर 9 हजार रूपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 20 लाख से अधिक पशुओं का पंजीकरण, पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क औषधियां और टीके उपलब्ध कराना, मोबाइल वेटनरी सेवा नंबर 1962 प्रारंभ करने, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के तहत लगभग 34 हजार पात्र गोपालकों के ऋण स्वीकृति सहित विभिन्न निर्णयों से पशुपालकों को राहत दी जा रही है।

### अन्नदाता किसान को मिली अनेक सौगातें

बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया।साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए। पीएमएफएमई योजना के तीन एफपीओ को अनुदान के तथा एक एफपीओ को शेयर मनी के चैक वितरण किए गए।

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

### किसान उत्पादक संगठन कृषक हित में बड़ी पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लघु एवं सीमांत कृषकों को लाभ की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए एफपीओ एक बड़ी पहल है। एफपीओ के माध्यम से किसान सामूहिक होकर काम करते हैं जिससे उन्हें कृषि अनुदान, सस्ते बीज तथा फसल का उचित मूल्य मिलता है। राज्य सरकार किसानों के हितों का ध्यान रखने के लिए एफपीओ जैसी पहलों को प्रोत्साहितकर रही है।

# सरकारी टीचर ने पेपर लीक कर बेटे-बहू को पढ़ाए थे

## जेईएन, कॉन्स्टेबल और एसआई भर्ती में मिलीभगत आई थी सामने, शिक्षा विभाग ने किया बर्खास्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पेपर लीक मामले में गिरफ्तार ग्रेड थर्ड टीचर राजेंद्र कुमार यादव को बुधवार को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। राजेंद्र कुमार यादव की जेईएन भर्ती परीक्षा-2020 में मिलीभगत सामने आने के बाद एसओजी ने 20 फरवरी 2024 को गिरफ्तार किया था। शिक्षा विभाग ने यादव को उसी दिन सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद राजेंद्र कुमार यादव की एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में भी मिलीभगत भई सामने आई थी। एसओजी की जांच में सामने आया कि जयपुर के झोटवाड़ा में कुमावत कॉलोनी में रहने वाले राजेंद्र कुमार यादव ने अपने बेटे और बहू को भी जेईएन और शिक्षक भर्ती का पेपर पढ़ाया था। अब जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) सुनिल कुमार सिंघल ने आदेश जारी कर उसे बर्खास्त कर दिया है। सिंघल ने आदेश में लिखा, जयपुर के खातीपुरा स्थित शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में पोस्टेड राजेंद्र कुमार यादव हाल निलंबित ने पेपर लीक करने जैसे अवैध और अनैतिक काम किया जो घोर अपराध की श्रेणी में आता है। इनको अब आगे राजकीय सेवा में रखना अवांछनीय होगा।

ऐसे में राजेंद्र कुमार यादव को राजस्थान सिविल सेवाएं नियम 1958 के नियम 19 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से राज्य सेवा से बर्खास्त किया जाता है।



### जेईएन से लेकर एसआई, शिक्षक भर्ती और आरओ-ईओ एग्जाम के पेपर लीक में था शामिल

एसओजी की जांच में सामने आया कि राजेंद्र कुमार यादव जिस स्कूल में पोस्टेड था, वहां भर्ती परीक्षाओं के सेंटर आते थे। यहां उसे परीक्षा सह प्रभारी का चार्ज दिया गया था। इसके बाद 2022 में उसे परीक्षा प्रभारी का चार्ज दिया गया था। जांच में सामने आया कि राजेंद्र कुमार जिस स्कूल में पोस्टेड थे, उसी स्कूल के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में पंकज चौधरी उर्फ यूनिक भांबू बच्चों के मोबाइल रखने का काम करता था। इसी दौरान उसकी पहचान पंकज चौधरी से हुई। पेपरलीक में पकड़ा गया जगदीश विश्नोई यूनिक भांबू को पहले से जानता था। राजेंद्र की यूनिक से पहचान होने के बाद वह भी इस गिरोह में शामिल हो गया। इसमें लाइब्रेरियन शिवरतन मोट भी शामिल था।

### दिल्ली में भी कमल खिल गया है और अब पश्चिम बंगाल की तैयारी : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि दिल्ली में भी कमल खिल गया है अब बस पश्चिम बंगाल बचा है। अमित शाह आयुष्मान भारत योजना पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कहा कि दिल्ली में कमल खिल गया है और अब आयुष्मान भारत दिल्ली में भी है। अब सिर्फ पश्चिम बंगाल बचा है, चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा और आयुष्मान भारत योजना पश्चिम बंगाल में भी आएगी। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा, इस सदन में त्रिभुवन सहकारी विवि. विधेयक 2025 पर लगभग 3 घंटे से चर्चा चल रही है। हर गांव में कोई न कोई इकाई ऐसी है जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगारी के काम में जुटी हुई है और देश की प्रगति में योगदान दे रही है।

# जज कैश केस पुलिस ने स्टोर रूम सील किया

## यहीं अधजले नोट मिले थे; एफआईआर की मांग पर सुप्रीम कोर्ट बोला, पिटीशनर बयानबाजी न करें

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले में बुधवार को पुलिस उनके घर पहुंची। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डीसीपी नई दिल्ली देवेश की टीम ने पैसे मिलने वाले स्टोर रूम को सील किया है।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने को कहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा को सार्वजनिक बयान न देने का आदेश दिया है। हालांकि मैथ्यू ने सीजेआई की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जले हुए नोटों के वीडियो को सार्वजनिक करके अच्छा काम किया है। इसके अलावा दूसरे याचिकाकर्ता ने सीजेआई के निर्णय को चुनौती दी, जिसमें 3 जजों के पैनल को आंतरिक जांच करने को कहा गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर इतना पैसा किसी बिजनेसमैन के घर पर मिलता तो ईडी और आईटी पीछे पड़ जातीं।



उधर, पुलिस ने जस्टिस वर्मा के घर में आग लगने की घटना को लेकर जांच की। वहीं, अधजले नोट मिलने को लेकर कर्मचारियों से पूछताछ की। दरअसल, जस्टिस वर्मा के घर में 14 मार्च को होली के दिन आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी। उनके घर के स्टोर रूम जैसे कमरे में 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले।

### 3 सदस्यीय टीम ने जस्टिस वर्मा के घर की जांच की

सुप्रीम कोर्ट की बनाई हुई तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने मंगलवार को जस्टिस वर्मा के घर पहुंचकर जांच की थी। टीम उस स्टोर रूम में भी गई, जहां 500-500 रुपए के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं। कमेटी में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं।

# राहुल गांधी बोले मुझे लोस. में बोलने नहीं दिया जाता

## हम जो कहना चाहते हैं, कहने नहीं देते, सदन अलोकतांत्रिक तरीके से चला रहे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज का बुधवार को 11वां दिन था। इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता है। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया।



मैंने कुछ नहीं किया। मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है। ये नया तरीका है। डेमोक्रेसी में सरकार और अपोजिशन (विपक्ष) की जगह होती है। यहां अपोजिशन की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है।

उस दिन प्रधानमंत्री जी ने कुंभ मेले के बारे में बोला। मैं कहना चाहता था कि कुंभ बहुत अच्छा हुआ। बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन बोलने नहीं दिया। पता नहीं इनकी क्या थिंकिंग (सोच), क्या अप्रोच है? सच्चाई यही है कि हमें बोलने नहीं दिया जा रहा। हमारी मुख्य विपक्षी पार्टी है। मैं विपक्ष का नेता हूं। सदन बिल्कुल नॉन-डेमोक्रेटिक स्टाइल (अलोकतांत्रिक तरीके) से चलाया जा रहा है।

### ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 प्रतिशत डिजिटल टैक्स खत्म किया गया

आज राज्यसभा में फाइनेंस बिल-2025 पेश हो सकता है। लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल-2025 पैंतीस बदलावों के साथ पास हो गया था। इस बिल में ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 प्रतिशत डिजिटल टैक्स खत्म करना शामिल है। राज्यसभा से मंजूरी के बाद 2025-26 के लिए बजट प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस साल सरकार ने कुल 50.6 5 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। यह चालू वित्त वर्ष से 7.4 प्रतिशत ज्यादा है। बजट दस्तावेजों के अनुसार 1 अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में केंद्र की योजनाओं के लिए 5.42 लाख करोड़ रुपए रखे गए हैं। वहीं, राज्यों को दी जाने वाली कुल राशि 25.01 लाख करोड़ रुपए है, जो 2023-24 से 4.92 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, रेप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी असंवेदनशील

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने कहा था कि नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप या अटेम्प्ट टु रेप नहीं है। जस्टिस बीआर गवई और एजी मसीह की बेंच ने बुधवार को इस केस पर सुनवाई की।

बेंच ने कहा, हाईकोर्ट के ऑर्डर में की गई कुछ टिप्पणियां पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय नजरिया दिखाती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा यह बहुत गंभीर मामला है और जिस जज ने यह फैसला दिया, उसकी तरफ से बहुत असंवेदनशीलता दिखाई गई। हमें यह कहते हुए बहुत दुख है कि फैसला लिखने वाले में संवेदनशीलता की पूरी तरह कमी थी।

### एक दिन पहले एससी ने खुद नोटिस लिया था

एक दिन पहले मंगलवार को एससी ने हाईकोर्ट के फैसले पर खुद सुनवाई करने का फैसला किया था। इस फैसले पर कानूनी विशेषज्ञों, राजनेताओं और अलग-अलग क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स के विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था। हालांकि, पहले इसी केस पर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। इस याचिका में जजमेंट के विवादित हिस्से को हटाने की मांग की गई थी। किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या अटेम्प्ट टु रेप का मामला नहीं बनता। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने ये फैसला सुनाते हुए 2 आरोपियों पर लगी धाराएं बदल दीं। वहीं 3 आरोपियों के खिलाफ दायर क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन स्वीकार कर ली थी।

CMYK CMYK

# सारंगवास खेतलाजी का दो दिवसीय मेले में हॉर्स शो



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सारंगवास खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 30 मार्च की सुबह 9 बजे शोभायात्रा के साथ शुरू होगा। वही ट्रस्ट कमेटी की ओर से मेले को आकर्षित करने के लिए हॉर्स शो कार्य' म आयोजित किया जाएगा। जिसमे घुड़सवार भाग लेंगे। वही मेले में समय कम होने के कारण दिनरात तैयारी को लेकर कार्य किया जा रहा है। वही ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य चारों गांव के ग्रामीणों के साथ मिलकर मेले की व्यवस्था में जुटे हुए है। सारंगवास खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष भगाराम चौधरी ने बताया कि सारंगवास खेतलाजी के दो दिवसीय मेला 30 व 31 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसके प्रथम दिन सुबह 9 बजे भक्तो के सान्निध्य में धूमधाम के साथ खेतलाजी मन्दिर से शोभायात्रा शुरू होगी, जो सोनाणा,शोभावास,आना होते हुए सारंगवास गांव पहुचेगा। वही शाम 5 बजे हॉर्स शो कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें हॉर्स को लेकर विभिन्न प्रतियोगिता में हॉर्स के साथ घुड़सवार भाग लेंगे। वही रात्रि में विशाल भजन संध्या कार्य' म आयोजित होगा,जिसमे भजन गायको व नृत्य कलाकारो की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वही मेले के दूसरे दिन 31 मार्च की सुबह धूमधाम के साथ मन्दिर पर भक्तो की ओर ध्वजारोहण किया जायेगा। उसके बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई गैरो की ओर गेर नृत्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेले के आयोजन में कम समय होने के कारण विभिन्न व्यवस्थाओ को लेकर टेंडर जारी कर दिए है। जिसके तहत मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही है। वही मेले के सफल आयोजन को लेकर ट्रस्ट के सचिव महेश चारण,कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य जूट हुए है।

### मेले में भक्तो को मिलेगा निःशुल्क भोजन व्यवस्था

सारंगवास खेतलाजी धाम को लेकर भक्तों में बड़ी आस्था है। ऐसे दो दिवसीय मेले में भक्त अपने परिवार के साथ मेले में पहुंचते है। ऐसे में भक्तो को मेले में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए बेहत्तर व्यवस्था की जा रही है। वही मेले में पहुचने वाले हजारों भक्तो को निःशुल्क भोजन की व्यवस्था मिलेगी।

### भजन संध्या का होगा आयोजन

सारंगवास खेतलाजी के दो दिवसीय मेले का शुभारंभ 30 मार्च की सुबह 9 बजे वरघोड़ा के साथ होगी,जिसमे हाथी घोड़े बैंडबाजे शामिल होंगे। वही रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक भाग लेंगे।

### मेले में आकर्षण का केंद्र रहेगा हॉर्स शो

सारंगवास खेतलाजी के दो दिवसीय मेले को भक्तो के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए 30 मार्च की शाम 5 बजे हॉर्स शो कार्य' म आयोजित किया जाएगा। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित होगी। वही हॉर्स शो में 50 से 60 घुड़सवार हॉर्स के साथ प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 29 से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई ।** निकटवर्ती जूनीधाम खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 29 व 30 मार्च को भरा जाएगा। इससे पूर्व 28 माच को खेतलाजी की बंदोली निकाली जाएगी। मेले में आने वाले भक्तों के लिए भोजन की व्यव-स्था निःशुल्क की जाएगी। वही मेले को लेकर मन्दिर प्रांगण को रोशनी से सजाया जा रहा है। जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाशवन गोस्वामी ने बताया कि स्व. ओकरमल नांनचन्द भंडारी की प्रेरणा से रमेश कुमार ओसवाल व ट्रस्ट कमेटी व सोनाणा ग्रामीणों के सान्निध्य व मेला लाभार्थी कश्मीरा ,अतुल, अशोक मावडीकर, कुशल मावडीकर, पलक मावडीकर, गिरीश, साधना, हितेश, मयुरी समस्त मावडीकर बबोली परिवार निवासी जोजावर की ओर से इस मेले का आयोजन हो रहा है। 29 मार्च सुबह 10 बजे खेतलाजी को भक्तों की ओर 56 भोग लगाया जाएगा। वही रात्रि भजन का आयोजन होगा। जिसमे इंडियन आइडल के नीतिन कुमार, महावीर सांखला नागौर, अर्जुन राणा भीलवाड़ा, विनोद गोमती, राजपुरोहित जालोर, त्रिशा कुमारी उदयपुर मेले में भजन प्रस्तुत करेंगे। वही मेले के दूसरे दिन 30 मार्च को खेतलाजी मन्दिर में ध्वजारोहण किया जाएगा। उसके बाद धूमधाम के साथ खेतलाजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।



वही ट्रस्ट के सचिव संदीपसिंह चारण व कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित ने बताया कि मेले में हजारो की संख्या में भक्तगण शिरकत करेंगे, जिनके लिए मेले में निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है। वही मेले को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों को अलग अलग व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई है। मेले को लेकर अनिता ओसवाल, विनोद परमार, उषा परमार, प्रमोद पालरेशा, अभिजीत लुंकड़, भारती लुंकड़, जयेश फुलफगर, सुरेखा फुलफगर, गिरीश मावडीकर, साधना मावडीकर, हेमंत भंडारी, अनिता भंडारी, आदेश खींवसरा, सोहन परमार, जॉय लकड, खुशी लुंकड़ सहित जैन समाज के लोग मेले को लेकर पहुंचे हुए है ।

# उत्कृष्ट कार्य पर सुमेरपुर चिकित्सालय सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्यो के लिए उप जिला चिकित्सालय सुमेरपुर को राज्य स्तरीय सम्मान मिला। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल एवं पीएमओ डॉ महिपाल परमार ने यह सम्मान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में जिले में स्वास्थ्य को लेकर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने पर मंगलवार को जयपुर में आयोजित समारोह में निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत ने उप जिला चिकित्सालय सुमेरपुर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. महिपाल परमार को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि हर माह की 9, 18 और 27 तारीख को गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित



मातृत्व की सेवाएं प्रदान करने, निशुल्क जांच, परामर्श, उपचार, पोषण आदि की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। पीएमओ डॉ परमार ने बताया कि उपजिला चिकित्सालय की पूरी टीम ने सराहनीय कार्य किया है जिसकी बदौलत राज्य स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने अभियान से जुड़ी पूरी टीम को बधाई दी। डॉ. परमार ने बताया कि हमें पूरी उम्मीद है कि आगे भी हमारी सेवाएं और बेहतर होगी और ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का लाभ मिलेगा।

# सिंधी समाज मनाएगा चेटीचंड महोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में इस बार छह दिवसीय चेटीचण्ड महोत्सव मनाया जाएगा। झूलेलाल मंडल के प्रवक्ता जय थावानी ने बताया कि महोत्सव तहत कार्यक्रम की शुरूआत हुई सुबह 10 बजे मंदिर में बुकी का आयोजन किया गया। जिसमें कोकिला नरवानी के नेतृत्व में समाज की सैकड़ों महिलाओं ने झूलेलाल भगवान सहित विभिन्न देवी -देवताओं के भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिस पर महिलाएं भक्ति भाव में बहकर झूमने पर मजबूर हो गई बुधवार से 31 मार्च तक रोजाना झूलेलाल मंदिर में शाम को भजनों की प्रस्तुति होगी। झूलेलाल मंदिर में विशेष श्रंगार कर आरती एवं प्रसाद का भोग लगाया।

# चार विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाडा।** स्थानीय कस्बें के चार विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय जोजावर के लिए चयन हुआ हैं। देव पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के देवांश मोबारचा व प्रेम कुमारी सीरवी व बालाजी चिल्ड्रन पेराडाईज सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय के महिराजसिंह व किर्तीपाल सीरवी का कक्षा छह के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय जोजावर के लिए चयन हुआ हैं। चार विद्यार्थियों का एक साथ चयन होने पर खिंवाडा व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़, खिंवाडा बालाजी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, डा. अम्बेडकर सेवा संस्थान संयोजक बस्तीमल सोनल, पूर्व उप जिला प्रमुख तेजाराम चौधरी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित बालकों का मीठा करवाया।

# बालाजी मेला दस से, तैयारियां जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाडा।** अरावल, तराई, कांठा, गोडवाड़ क्षेत्र व खिंवाड के आराध्य देव बालाजी के धार्मिक मेले को लेकर मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड, श्रीराम चौक सहित प्रमुख चौराहों को सजाने का कार्य दिन रात जारी है। दूसरी तरफ अन्य प्रान्तों में रहने वाले स्थानीय लोगों का आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मेले से पूर्व 6 अप्रेल को कलश यात्रा, 9 अप्रेल को एक शाम खिंवाड़ा बालाजी के नाम भजन संध्या व महाआरती एंव दस अप्रेल को निकलने वाली बालाजी असवारी व महाप्रसादी को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बालाजी विकास समिति के अध्यक्ष अमृत खांटेड़ ने बताया कि इस बार मेला आयोजक मनोज कुमार खांटेड़ परिवार की ओर से कलश यात्रा,भजन संध्या व महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। मेले से पूर्व राम नवमी को बालाजी मेला सेवा समिति, गायत्री परिवार, खिंवाड़ा व्यापार संघ व मेला आयोजक मनोज कुमार खांटेड़ परिवार के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल कलश यात्रा निकलेगी। जो विभिन्न मार्गो से होकर गुजरेगी। खिंवाडा व्यापार संघ के अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ ने बताया कि बालाजी मेले से पूर्व आयोजित कलश यात्रा में 2101 कन्याएं पीले वस्त्र धारण कर भाग लेगी। कलश यात्रा बालाजी मन्दिर प्रांगण से शुरू होगी,जो रावला प्रांगण, मुख्य बाजार, मेन बाजार होते हुए बालाजी महाप्रसादी स्थल जाकर संपन्न होगी। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोचार के साथ बालाजी महाप्रसादी बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

### मेले का 72 गांवों को न्योता

बालाजी ट्रस्ट,मेला सेवा समिति, खिंवाड़ा व्यापार संघ व आयोजक परिवार की ओर से अरावल के 72 गांवों में घर-घर जाकर सपरिवार न्योता दिया जा रहा हैद्ध यानि 72 गांवों के सभी ग्रामीण महाप्रसादी में शामिल होंगे।

### एक ही जाजम पर महाप्रसादी

बालाजी मेले में आपसी प्रेमभाव से बिना किसी भी भेदभाव के 72 गांवों के 36 कौम के 40 हजार बालाजी भक्त एक ही जाजम पर बैठकर प्रसादी ग्रहण करते है।

# नाली निर्माण नहीं, बहता गंदा पानी, ग्रामीण परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के बिठिया गांव के वार्ड नंबर 5 में स्वच्छ भारत अभियान नजर नहीं आ रहा है। यहां करीब एक दर्जन परिवार नाली न बनने से परेशान हैं। जिसके कारण गंदा पानी ब्लॉकिंग रोड पर बह रहा है। वार्ड वासियों व आमजन को गंदे पानी से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं। ग्राम पंचायत बलूपुरा के अधीन बिठियां में ब्लॉकिंग रोड के पास में नाली का निर्माण नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। कई बार ग्राम पंचायत बलूपुरा सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी को वार्ड वासियों ने वर्ष सितंबर 2020 व अगस्त 21 में लिखित व मौखिक और 2021 में अक्टूबर में प्रशासन गांवों के संग उसके बाद दिसंबर को ग्राम विकास अधिकारी को मौखिक रूप से अवगत करवाने के बावजूद 5 साल बीतने को आए आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं। वार्ड वासियों का कहना है की पंच वर्षीय योजना बीतने के बावजूद किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने नाली निर्माण का कार्य नहीं करवाया, जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है व लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही हैं।

### 5 वर्ष पहले इंटर लॉकिंग कार्य किया, नाली नहीं बनाई

वार्ड वासियों ने बताया कि पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य करीब 5 वर्ष पहले शुरू किया गया था लेकिन, जब नाली बनाने की बात उठाई तो ग्राम पंचायत ने कहा था कि दो फुट कांटों की बाढ़ का अतिक्रमण हटवा कर नाली का निर्माण करवाया जाएगा। नाली का निर्माण आधा-अधूरा कर छोड़ दिया की बाद में कर करवा देंगे अब नाली का गंदा पानी मार्ग पर बह रहा हैं।

### ग्राम पंचायत नहीं हटवा रही है अतिक्रमण

वार्ड नंबर 5 के वासियों ने सरपंच मगाराम देवासी, ग्राम विकास अधिकारी, उप सरपंच व वार्ड पंच से भी इस समस्या के समाधान की मांग की। लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वार्ड वासियों ने बताया कि कुछ ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद की वजह से नाली निर्माण नहीं हो पा रहा हैं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से ग्रामीण सखाराम केसाजी ने अपने घर के बाहर कांटों की बाढ़ अपने शरहद के बाहर कर रखी है। लेकिन ग्राम पंचायत अति' मण हटाने की कार्रवाई नहीं कर रहीं हैं। जिसकी वजह से पिछले 5 वर्षो से नाली निर्माण का कार्य रुका हुआ हैं।

### ग्राम प्रशासक ने ग्रामीणों को मुगालते में रखा

इस संबंध में मंगलवार को पंचायत में फॉर्मर आईडी बनवाने गए वार्ड वासियों ने जब ग्राम विकास अधिकारी विक्रम कुमार से बात कर नाली निर्माण करवाने का कहा तो उन्होंने कहा कि देख लेंगे। जबकि ग्राम प्रशासक मगाराम देवासी ने कहा कि अभी काम काफी ज्यादा है। तुम्हारे जैसे यहां रोजाना काफी लोग आते हैं जाओ यहां से नहीं करते काम बोलकर वहां से भगा दिया।

# आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आचार्यो का सम्मान

**बाली।** विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बाली में आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल आचार्यो का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के संस्कृति ज्ञान बोध परियोजना प्रमुख डॉ निर्मल परिहार, प्रधानाचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय केनपुरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्था प्रधान हीरालाल कुमावत ने बताया कि प्रतिवर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा व प्रज्ञा के लिए आयोजित होती है। जिसमें भारतीय संस्कृति से संबंधित प्रश्न पूछे जाते है। डॉ परिहार ने सभी सफल आचार्यो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस पर आचार्य तगाराम, रमेश चौधरी, भंवरलाल मारू पुष्पेंद्र सिंह, भंवरलाल वर्मा, सोहनलाल, शेषाराम, गुड्डी सुथार, निधि राजपुरोहित, चित्रा नागर, दीपिका परिहार, दीपिका गोस्वामी, कांता राजपुरोहित, जशोदा गोस्वामी, भाग्यवंती चारण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी गजेंद्र गर्ग ने किया।

# किसान सम्मेलन का आयोजन, योजनाएं गिनवाई





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान स्थापना दिवस समारोह 31 मार्च तक विविध आयोजन हो रहे है। बुधवार को बीकानेर में किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन एफपीओ कार्यक्रम राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित कर सौगात दी । इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा कि सरकार किसानों के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। समारोह में मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम में किसान उत्पादन संगठनों का मेला व प्रदर्शनी का उदघाटन, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न दिशा निर्देश जारी, 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपए का अनुदान हस्तांतरण, पीएम किसान सम्मान निधि में राशि में वृद्धि के दिशा निर्देश, मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वित का दायरा बढ़ाना, पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 किए जाने के निर्देश जारी करना, मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्य' म, आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाएं जाने पर 30 हजार की प्रोत्साहन राशि दिशा निर्देश दिए। राजस्थान दिवस का जिला स्तरीय कार्यकम जिला परिषद में आयोजित हुआ। आयोजित कार्य' म में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने कार्यक्रम में किसानों को खेत तलाई, तार बन्दी, फार्म पांउड की स्वीकृतियां देकर किसानो को लाभान्वित किया। कार्य' म में अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी सिंह पंवार, सीईओ मुकेश चौधरी, नोडल अधिकारी पी के छाजेड, हार्टीकल्चर के मनोज अग्रवाल व जिला स्तरीय अधिकारी विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी व किसान मौजूद रहे।

# आमजन की समस्याओं का हो त्वरित निस्तारणः मंत्री कुमावत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** कैबिनेट मंत्री पशुपालन विभाग जोराराम कुमावत ने बुधवार को पाली सर्किट हाउस में आमजन की समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए संबधित अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार व मुख्यमंत्री की मंशा है कि आमजन की सुनवाई हो और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो ताकि आमजन को कोई तकलीफ ना हो। जनसुनवाई मे पूर्व विधायक संजना आगरी ने सोजत में घायल के पीड़ित परिवारजन समस्या बताई। उन्होंने इस अवसर पर इस अवसर पर पाली की सीवरेज लाइन को हैड से टेल तक सुधार के लिए निर्देश दिए। उन्होंने खैरवा, गोदावास सोनाइमांजी में पानी की परिवेदना मणिहारी, गुडाप्रातपसिंह, पादरला डरी, गुरडाई गांवों में पेयजल स्कीम के टेंडर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर साथ ही मठ को रेवेन्यु गांव व आबादी विस्तार के प्रस्ताव शीघ्र विस्तार के लिए ी निर्देश दिये। साथ ही मठ के पास एनएच के पुल के नीचे पानी के भराव के निस्तारण के लिए एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सड़के डेंडा से गुंदोज, गुंदोज से नेशनल हाइवे, पडासला से राजकिया वास सहित अन्य सड़कों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री कुमावत ने आज सर्किट हाउस में आए लोगों की उन्होंने बारी बारी से लोगों की समस्याओं को सुना जिनमें पानी ,बिजली ,सडक आदि समस्याओं को सुनकर वहां मौजूद ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर इस अवसर



पर उपखण्ड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत, पुखराज पटेल, किसान पूर्व उप जिला प्रमुख नेता नव किशोर शर्मा, तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ,विकास अधिकारी, पूर्व जिला भंवर चौधरी, चेनसिंह सायला, चेनसिंह रावत, बाबुलाल कुमावत, वीर प्रतापसिंह, मोहन पटेल, हेमावास सरपंच मदनलाल, लाम्बिया सरपंच प्रतिनिधि राजुसिंह काणादरा सहित अन्य मौजूद रहे।

# सुमेरपुर में शिक्षा क्षेत्र के बड़े सितारों का जमघट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** निःशुल्क प्रतियोगी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाले एजुकेटर गौरव सिंह घाणेराव की ओर से स्थापित संस्था गौरव ज्ञान धारा के ऑफिस उदघाटन में भारत के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई बड़े नाम शामिल हुए। यह मारवाड़ के लिए संभवतः पहला अवसर है जब एक ही जगह पर सभी बड़े एजुकेटर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने शिरकत की। इनमें कुमार गौरव, गणपत सिंह राजपुरोहित, धीरसिंह धाभाई, कैलाश मांजू, सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित, अरुण व्यास, संतोष विश्नोई, विजेंद्र सिंह नेवरी, नरेंद्र सिंह चौहान, पुष्पेंद्र कसाना जैसे व्यक्तित्व शामिल है।

# कांग्रेसजनों का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**पाली।** शहर के रोटरी भवन के कोठारी हॉल में बुधवार को कांग्रेसजनों का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे जिलेभर से कांग्रेसजनों ने भाग लिया। पाली विधायक भीमराज भाटी व जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी के तत्वावधान मे शहर के कोठारी हॉल, रोटरी भवन में होली स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आरम्भ करने से पूर्व नेता प्रतिपक्ष भंवर राव के पिता के स्वर्गवास होने की जानकारी मिलने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठरी का साफा बांधकर व फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामना दी। इस मौके पर विधायक भीमराज भाटी, पाली प्रभारी हरीश चौधरी,पिसीसी सदस्य निम्बाराम, भूराराम सीरवी,डिम्पल राठौड़, शिशुपाल सिंह, हरिशंकर मेवाड़ा,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, शोभा चौहान,सुपारस भंडारी,नीलम बिड़ला, कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव अरुण जोशी, मदनसिंह जागरवाल, प्रदीप हिंगड़,मोहन काकू, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, मेहबूब टी, प्रकाश सांखला, पार्षद प्रकाश चौहान,रमेश चांवला,रिकब मरलेचा, ओमा चौधरी, सम्पत भंडारी, बाबू गौरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोहन राठौड़ ढाबर, उप प्रधान कानाराम पटेल, इंसाफ घोषी, फिरोज,लहर कंवर, सोजत ब्लॉक अध्यक्ष भंवरसिंह भैसाना, सुमेरपुर ब्लॉक अध्यक्ष नेपालसिंह, बाली ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह,अजीज लीडर सहित सेंकडो की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# पंचायत की भूमि पर बढ़ रहे अतिक्रमण

**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**दांतराई।** पादरू खेड़ा में स्थित सारणेश्वर गौशाला के आसपास गोचर भूमि पर बाहरी व स्थानीय लोगों ने कच्चे एवं पक्के निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी इन अतिक्रमणों को नहीं हटवाया जा रहा है। ग्रामीण लगातार तीन वर्ष से ज्ञापन दे रहे है। शिकायतों के बाद सीमा ज्ञान कर मौका फर्ज तक बन चुकी है। इसके बावजूद पिछले तीन सालों से जिम्मेदारों की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही है।



## सीमाज्ञान एवं मौका फर्ज भी तैयार

पादरूखेडा गोशाला के आसपास अवैध निर्माण को लेकर जन प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों को गौशाला कमेटी व ग्रामीणों की ओर से अतिक्रमण हटवाने को लेकर 2 दिसम्बर 2021 को सीमाज्ञान भी हुआ। जिसमें राजस्व विभाग टीम को नियुक्त किया गया। आदेश की पालना करते हुए गठित टीम ने सीमाज्ञान किया गया। जबकि मोका फर्द बनाकर भी ग्राम पंचायत में दी। लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी सकी।

## ग्राम पंचायत की कमेटी बरत रही बड़ी लापरवाही

अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन थोड़ा सख्त हुआ तो पादरू खेड़ा गोचर भूमि से अति' मण हटाने को लेकर 29 दिसंबर 2021 को ग्राम पंचायत प्रस्ताव संख्या 2 में पूर्व विकास अधिकारी ने14 दिसंबर 2021 को पत्र पर सीमाज्ञान किया। लेकिन अतिक्रमणियों को ग्राम पंचायत की गठित कमेटी द्वारा चिन्हित नहीं किया गया। अतिक्रमण हटाने से पूर्व सर्व सहमति से ग्राम पंचायत उप सरपंच मणिलाल रावल, वार्ड पंच नारायण लाल पुरोहित, वीसाराम, महेंद्र अग्रवाल, नवुदेवी, केसी देवी, सजना देवी, छेलू कुंवर को कमेटी में चिन्हित करने के लिए गठन किया गया था। लेकिन 3 साल से ज्यादा समय गुजारने के बाद भी कमेटी द्वारा अति' मण को चिन्हित नहीं करने के चलते अतिक्रमण नहीं हट पाया।

## आए दिन बढ़ रहे अतिक्रमण

ग्राम पंचायत व प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का फायदा उठाते हुए गोचर भूमि पर आए दिन अतिक्रमण बढ़ते जा रहे है। पिछले कुछ साल में जीएसएस से धाण जाने वाले ग्रेवल रोड पर 8 से 10 लोगों ने कच्ची झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। जबकि गोचर पर अतिक्रमण ज्यादातर बाहरी लोगों ने किए है।

## सूची आने पर होगी कार्रवाई

प्रशासक कमेटी की आगामी अप्रैल माह में बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें चिह्नित अति' मणियों की सूची पेश की जाएगी। इसके बाद आगे कार्रवाई होगी।

**>> रमेश विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी दांतराई**

# न्यूज ब्रीफ

## डकैती का वांछित गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने डकैती के मामले में छह माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत के अनुसार डकैती के मामले में छह माह से फरार आरोपी गुजरात के अंबाजी थाना के वीरमबेरी दौखजूरी फली निवासी भीमाभाई पुत्र राजाभाई उर्फराजू गरासिया को गिरफ्तार किया।

## पालिका में आम जन के काम नहीं होने पर भड़के पूर्व विधायक



**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**शिवगंज।** पालिका में आम जन की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर बुधवार को पूर्व विधायक संयम लोढा काफी नाराज नजर आए। उन्हें पालडी जोड स्कूल के प्रधानाचार्य फिरोज खान ने बताया कि उन्होंने मकान निर्माण की एनओसी के लिए 75 दिन से अधिक समय पहले आवेदन किया था। मगर आज तक उन्हें एनओसी नहीं मिल सकी है। इस पर पूर्व विधायक लोढा नाराज हो गए तथा वे फरियादी को लेकर सीधे अधिशासी अधिकारी के कक्ष में पहुंचे और ईओ विनीता प्रजापत आम जन के काम तय समय में करने के लिए कहा। अधिशासी अधिकारी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि आम नागरिकों को किसी की परेशानी नहीं हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे।

## शॉर्ट सर्किट से जली गेंहू की फसल



**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**आबूरोड।** पाबा के मारगेपीपला फली में बिजली के तार में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से काश्तकार के घर के बाहर बोरियों में भरी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। किसान पुनाराम पुत्र अणदाराम गरासिया ने बताया कि 12 बोरियों में गेहूं रखे थे। पास में लगे बिजली के पोल के पास तार में हुए शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से गेहूं जलकर राख हो गए। सूचना पर सरपंच सोमाराम गरासिया मौके पर पहुंचे। काश्तकार ने मुआवजा दिलवाने की मांग की।

## एक दिवसीय केम्पस प्लेसमेंट शिविर आज

**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**सिरोही।** आरसेटी केन्द्र में गुरुवार को रोजगार विभाग की ओर से एक दिवसीय एक केम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## भामाशाह ने करवाया रोजा इफ्तार



**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**आबूरोड।** चांदमारी मुल्तानिया मस्जिद में भामाशाह व समाजसेवी गोविंद अग्रवाल ने रमजान माह के 24वें रोजे पर मुस्लिम भाइयों को रोजा इफ्तार कराया गया। इसके बाद मस्जिद के इमाम ने नवाज अदा करवाई। शहर में भाईचारा व देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर मौलाना अब्दुल रहमानी, गोविंद प्रसाद अग्रवाल, नवीन सांखला, हाजी सत्तार भाई, नरेंद्रसिंह कच्छावा, इमरान खान, सलीम खान, निजाम भाई, नजीर भाई, मोहम्मद हुसैन, सददाम भाई, अब्दुल मजीद आदि उपस्थित थे।

## आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**आबूरोड।** डिस्कॉम की ओर से गुरुवार को आईओसी जीएसएस के रखरखाव को लेकर चार घंटे बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता जगदीश चारण के अनुसार आईओसी जीएसएस के अधीन समस्त फीडर अर्बुदा इंडस्ट्री एरिया, सांतपुर, आईओसीएल, डेरी, रीको कॉलोनी, कुंई, खड़ात फीडर से सम्बंधित क्षेत्र में सवेरे 8 से 12 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

## कार से अंग्रेजी शराब बरामद



**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने मावल चौकी पर गुजरात जा रही कार से अंग्रेजी शराब के 69 कार्टन जब्त किए। पुलिस के पीछा करने के दौरान चालक कार को चंद्रावती नदी की झाड़ियों में छोड़कर फरार हो गया। बरामद शराब व कार का मूल्य करीब 15 लाख रुपए आंका गय हैं। रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत के अनुसार मावल चौकी पर शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाइ की जा रही है। इसके लिए लगातार सघन नाकाबंदी की जा रही है। मुखबीर की सूचना पर आबूरोड से गुजरात की तरफ जा रही कार को रोकने का ईशारा किया। कार को चालक वापस धूमाकर भगाकर ले गया। इस पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। कार को चालक भगाता हुआ चंद्रावती नदी में झाड़ियों में छोड़कर भाग गया। जिसकी तलाश की गई। लेकिन, उसका सुराग नहीं लगा। कार की तलाशी लेने पर राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के 69 कार्टन भरे पाए गए। कार व उसमें भरी शराब को जब्त कर लिया गया। जब्त की गई शराब व कार की कीमती करीब 15 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है।



# 'जो कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेगा उसे पार्टी का कोई दायित्व नहीं मिलेगा'

**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**सिरोही।** शहर के डाक बंगले में बुधवार को सिरोही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि आदर्श घोटाले की सम्पत्ति को सरकार खुर्द बुर्द करने लगी है। राजस्थान सरकार बताए कि कौनसा नियम है जिसके तहत प्रर्वतन निदेशालय ईडी द्वारा अटैच की गई सम्पत्ति को बिना उसकी अनुमति के किसी अन्य के खाते में चढ़ाया जा सकता है। आदर्श मामले की जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोडा को दूरभाष पर दी है और उन्हें दस्तावेज भेजे है। विधानसभा प्रभारी एडवोकेट अश्विनी कुमार ने कहां कि कांग्रेस हमेशा गरीबों के साथ खड़ी रहने वाली पार्टी हैं। जो कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेगा उसे पार्टी का कोई दायित्व नहीं मिलेगा। जिलाध्यक्ष आनंद जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष रतन माली कांग्रेस के कार्यकर्ता जेसाराम मेघवाल, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष हेमलता शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष तेजाराम मेघवाल संबोधित किया। जावाल मंडल अध्यक्ष शैतानसिंह रावणा, कालंद्री मंडल अध्यक्ष प्रतापसिंह नून, बरलूट मंडल अध्यक्ष प्रतापराम मेघवाल, प्रकाश प्रजापति, ब्लॉक संगठन महामंत्री कल्पेश त्रिवेदी,ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवलाल घांची, शंकरलाल, खीमसिंह राठौर, मोहनलाल सिरवी, ईश्वर पुरोहित, दीपाराम वाडेली, तेजाराम मेघवाल, नारायणलाल सुथार, पुनीत अग्रवाल, गोविंद भाटी आदि मौजूद थे।



**शिवगंज।** नगर कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि आमजनता की समस्याओं का ध्यान रखना हमारा फर्ज है। अगर जनता के लिए जेल भी जाना पडे तो जेल जाने के लिए हम सभी को तैयार रहना पडेगा। शिवगंज कांग्रेस प्रभारी अश्विनी कुमार ने कहां कि बूथ अगर मजबूत होगा तो हम हर जगह मजबूती से खडे रहेंगे। उन्होंने बूथ प्रभारी बनाने की अपील की और कहां कि कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बैठक में आना आवश्यक है, यदि कोई पदाधिकारी लगातार तीन बैठक मे गैर हाजिर रहेगा तो उसे हटाकर उसकी जगह दूसरे व्यक्ति को पदाधिकारी बनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष आनंद जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष रताराम देवासी, सदस्य हरीश मेघवाल, अचलाराम माली,नगर कांग्रेस अध्यक्ष हनवंतसिंह मेड़तिया, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश राज मीना, मोटाराम देवासी, पन्नालाल हिरागर, सुमित परमार, सुरेशसिंह राव ने भी संबोधित किया। वजिंगराम घांची, हंजा देवी, नरपतसिंह, नजमा सिलावट, लक्ष्मी देवासी, चम्पालाल तिरगर, रतनाराम देवासी, जूली जैन, पार्षद किस्तूर चंद घांची, राजेंद्रसिंह, जयंती सोनी, गलबाराम मीना, तेजाराम मीना, रेवतसिंह, तेजाराम हिरागर आदि मौजूद थे।

## शराब दुकान बंद करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**राजसमंद।** ग्रामीणों ने बुधवार को थानाधिकारी प्रीती र्‌ एवं चारभुजा तहसीलदार पर्वतसिंह राठौड़ को ज्ञापन देकर शराब ठेके को बंद करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि चारभुजा तहसील क्षेत्र के गढ़बोर प्रभुश्री चारभुजा एवं रुपनारायण मन्दिर सेवंत्री राजस्थान के प्रमुख तीर्थ स्थल है। जहां रोजाना सैकड़ा भक्तों का आना जाना रहता है। रस्ते में रामदरबार लक्ष्मण झूला व रोकड़िया हनुमान धाम पर स्नान डूबकी लगाते है। इन तीर्थ स्थलों के मध्य दो किमी की दूरी पर ही आम सड़क पर आंवली की भागल (बागुन्दा) गांव के पास मुख्य मार्ग में ही शराब का एक दूकान (ठेका) है जहां कुछ असामाजिक लोग शराब व्यसन करके क्षेत्र के लोगों के साथ छेड़छाड़ व विवाद करते है। आए दिन कई घटनाएं होती है। कुछ लोग शराब पिकर मन्दिर में भी विवादास्पद स्थिति बना देते है। ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती है। ऐसे में इस ठेके को बंद करवाकर अन्यत्र संचालन किया जाए। ताकि यहां आने वाले भक्तों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान गोपाल गुर्जर, विष्णु गुर्जर, भेरुलाल गुर्जर, ललित गुर्जर, नंदलाल गुर्जर, धरमु गुर्जर आदि मौजूद थे।



## विधायक माहेश्वरी ने किसानों को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**राजसमंद।** राजस्थान दिवस महोत्सव सप्ताह के तहत गुरुवारा को 'सशक्त किसान, समृद्ध राजस्थान' दिवस पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने किसानों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के हित में सरकार द्वारा उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों के सम्मान और समृद्धि के लिए पूरी निष्ठा एवं शक्ति के साथ कार्य कर रहे हैं। माहेश्वरी ने कहा कि इन योजनाओं से किसानों को अतिरिक्त आय के साधन मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक सशक्त होगी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

E mail:-palikaabu@yahoo.in
फोन न. 02974-235172

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, आबूपर्वत, सिरोही (राज0)**

क्रमांक / न.पा.भूमि / हस्ता0/2025/8545 दिनांक :- 20.03.2025

**आपत्ति आमंत्रण-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न प्रार्थी अपने होटल/भूखण्ड के सम्पति नामान्तरण कराने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी विवरण निम्न प्रकार है :-

| आवेदनकर्ता का नाम | मौजा/स्थान पटटा संख्या/भूखण्ड संख्या विक्रय विलेख दिनांक | चतुर्दशी दिशा | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1.Viral Siddharth Jasubhai s/o late shri Siddharth banker Jasubhai 2. Moneesha Siddharth Jasubhai D/O late Siddharth Jasubhai Banker 3. Neeta Banker D/O Late Shri Sarvadaman Jasubhai Banker 4. leena Banker W/o Late Shri Gaurang Jasubhai Banker 5.Aditya Banker S/o Late Shri Gaurang Jasubhai Banker 6.Kashmira Daphtary D/o Late shri Jasubhai Lalbhai Banker, Near Adhar Devi Temple, Mount abu | (1) तत्कालीन सिरोही स्टेट द्वारा जारी पट्टा। (2) जरिये सेल डीड दिनांक 13.01.1943। (3) डीड ऑफ फेमली सेटलमेंट दिनांक 15.07.2024। | उत्तर में :-देलवाडा मार्ग। दक्षिण में :- रतन कॉटेज। पूर्व में : सीआरपीएफ सम्पत्ति। पश्चिम में : पोकरण हाउस। | आवेदित स्थल मौजा अधरदेवी मन्दिर के पास, आबूपर्वत, जिसका कुल क्षेत्रफल 7138.55 वर्गगज है। |

अतः अगर किसी को इस विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत दस्तावेज के जो इस मामले से संबंधित हो इस सूचना की प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा उक्त अवधि की कार्य समाप्ति के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। यह सूचना आज दिनांक 20.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई।

**आयुक्त, नगरपालिका आबूपर्वत**

**एनएचआईटी वेस्टर्न प्रोजेक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड**
**(राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रा ट्रस्ट की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)**

**सार्वजनिक सूचना**

**उंदवारिया टोल प्लाजा पर संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरे 01.04.2025 के 00:00:00 बजे से लागू।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एनएचएआई के दिनांक 24.03.2025 के पत्र संख्या एनएचएआई/14027/1/2018–आरओ–जीएनआर/सीओ/री–वैलिडेशन/वॉल्यूम.14/डी–1232 के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग–27–चार लेन के कि.मी. 646.000 से कि.मी. 677.000 आबू रोड – स्वरूपगंज खंड राजस्थान राज्य में उंडवारिया टोल प्लाजा पर संग्रहित किये जाने वाले निम्नलिखित संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क दरे दिनांक 01.04.2025 को 00.00 बजे से लागू होंगी।

| क्र. सं. | वाहन का प्रकार | एक तरफा यात्रा के लिये शुल्क (रुपये में) | बहुयात्राओं (अधिकतम दो एकतरफा) संदाय के समय से 24 घंटे के लिये शुल्क (रुपये में) | 50 एक तरफा यात्राओं के लिये मासिक पास शुल्क (रुपये में) | जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के लिये शुल्क (रुपयें में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार / जीप / वैन या हल्के मोटर वाहन | 50 | 75 | 1650 | 25 |
| 2 | हल्के वाणिज्यिक वाहन / हल्के माल वाहकवाहन / मिनी बस | 80 | 120 | 2665 | 40 |
| 3 | बस या ट्रक (दो धूरी वाले) | 170 | 250 | 5585 | 85 |
| 4 | वाणिज्यिक वाहन (तीन धूरी वाले) | 185 | 275 | 6090 | 90 |
| 5 | भारी निर्माण मशीनरी (भं.सं.म.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (अ.मु.उ.) या बहुधुरीय वाहन (ब.धु.व.) (चार से छह धुरी वाले) | 265 | 395 | 8760 | 130 |
| 6 | विशाल आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 320 | 480 | 10660 | 160 |

**नोटः** जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर–वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और टोल प्लाजा से बीस किलोमीटर तक की दूरी में निवास करता हो, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मासिक पास की दर रुपये 350/– होगी।

सम्पर्क करने के लिए पताः
एनएचआईटी वेस्टर्न प्रोजेक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः एनएचएआई भवन, जी–5 एवं 6, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075
दूरभाषः 011–25076536, फैक्सः 25076536, ईमेलः nwppl@nhit.co.in

सड़के ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

# माउंट आबू का नाम आबूराज करने की मांग



**जागरूक टाइम्स सवांददाता**

**पिण्डवाड़ा।** राष्ट्रीय महाकाल सेना ने उपखंड अधिकारी के मार्फत प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर माउंट आबू का नाम परिवर्तित कर आबूराज करने की मांग की। राष्ट्रीय महाकाल सेना के नगर अध्यक्ष यश व्यास ने बताया कि आबूराज का ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व है। माउंट आबू का नाम परिवर्तित कर इसे आबूराज करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष यश रावल ने बताया की माउंट आबू को वर्तमान में पर्यटक स्थल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। जहां मांस एवं मदिरा का सेवन व अनैतिक गतिविधियों हो रही है। जिससे इस पवित्र स्थल की गरिमा आहट हो रही है आबूराज के भक्तों में आक्रोश व्याप्त है आबू राज में 33 कोठी देवी देवताओं का वास है। और भारत में पर्यटक स्थल बहुत सारे हैं और आबू राज एक तीर्थ स्थल है जहां मांस मदिरा का सेवन करना उचित नहीं इस पर प्रशासन व सरकार माउंट आबू का नाम परिवर्तित कर इसे आबू राज करें जिससे महत्वता बनी रहे।इस अवसर पर राष्ट्रीय महाकाल सेना के महामंत्री प्रहलादसिंह, उपाध्यक्ष चंदन रावल, महासचिव युवराजसिंह बालिया, मीडिया प्रभारी उद्धव ओझा, अवतारसिंह राणावत, भरत रावल, कुलदीपसिंह राणावत, धर्मवीरसिंह राणावत, घनश्यामसिंह आढ़ा, जयपालसिंह भाटी, रणवीरसिंह भाटी, सिद्धराजसिंह राणावत, दिव्यांश ओझा, निखिल ओझा, सुदर्शन ओझा, वि' ंत ओझा, अनुराग दवे, नीलेश व्यास, अमन जैन, रमेश परमार सहित सदस्य उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष....राज्य सरकार कृषक हित में....

किसानों को बिजली, पानी उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता-शर्मा ने कहा कि उन्होंने खेती का हर काम किया है तथा वे किसानों की समस्या को भलीभाति समझते हैं। इसीलिए हम किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बिजली-पानी की प्राथमिकता पर काम करते हुए राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान में 35 हजार करोड़ के एमओयू किए है। राज्य सरकार के ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णयों से किसानों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि गत सरकार में कई पेपरलीक हुए थे,उन प्रकरणों में लिप्त दोषियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। हमारे 15 माह के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री नेयुवाओं को आह्वान किया कि वें मेहनत करे। हम निरंतर भर्तियां तथा नियुक्ति पत्र देकर युवाओं के सपनों को साकार करेंगे।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में पहली बार राजस्थान दिवस समारोह वृहद स्तर पर समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 25 लाख रुपए का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। चिकित्सा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए भी राज्य बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य बजट में बीकानेर संभाग को कई सौगातें दी है। राज्य बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दिया गया है। डिग्गी फॉर्म पॉन्ड्स और ग्रिड सब स्टेशन के निर्माण तथा किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी जैसे निर्णयों से प्रदेश का किसान खुशहाल है। उन्होंने बीकानेर विकास प्राधिकरण की स्थापना के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। ? इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने किसान उत्पादन संगठन मार्गदर्शिका का विमोचन किया तथा लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान सफल एफपीओ पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय किसान उत्पादक संगठन मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया और विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में एफपीओ के मॉडल के रूप में बनाए गए एफपीओ ट्री नवाचार को सराहा। इस दौरान राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी, डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, ताराचन्द सारस्वत, अंशुमान सिंह भाटी, जेठानंद व्यास सहित बड़ी संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान जुड़े।

## सुविचार

मत कर इतना गुमान अपने आप पर कि
कोई साथ रोने वाला भी ना मिले।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## फिर बिगड़े बोल

बिना नाम लिए शिवसेना प्रमुख पर की गई टिप्पणी के चलते कॉमेडियन कुणाल कामरा इन दिनों विवादों से घिरे हुए हैं। इसी बीच वे लगातार अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पैरोडी सॉन्ग वीडियोज शेयर कर रहे हैं। बुधवार को कॉमेडियन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक नया वीडियो शेयर करते हुए एक बार फिर बिना नाम लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा है। अपने ताजा वीडियो क्लिप में कुणाल कामरा एक और पैरोडी सॉन्ग सुनाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में वो महंगाई को लेकर सरकार पर तंज कस रहे हैं और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी जिक्र कर रहे हैं। वीडियो में कॉमेडियन टैक्स को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं। कुणाल के इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन भी आ रहे हैं। कुछ लोग जहां आलोचना को लोकतंत्र के लिए जरूरी बताते हुए कुणाल के इस वीडियो की तारीफ कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का ये भी कहना है कि कुणाल के इस वीडियो वाले मामले से औरंगजेब वाला चैप्टर अब बंद हो गया है। लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रहीं हैं। कुणाल कामरा को लेकर विवाद तब गरमाया, जब उन्होंने अपने एक हालिया वीडियो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे के राजनीतिक करियर को लेकर कटाक्ष किया था। कामरा ने अपने वीडियो में एक हिंदी गाने की धुन पर एक पैरोडी सुनाई थी, जिसको सुनकर शिवसैनिक नाराज हो गए थे। कुणाल कामरा ने शो की रिकॉर्डिंग अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट की थी। कॉमेडियन का वीडियो सामने आने के बाद शिवसैनिक नाराज हो गए थे और उन्होंने उस जगह भी तोड़फोड़ की थी, जहां कुणाल कामरा ने ये वीडियो शूट किया था। शिवसेना के लोगों ने कुणाल कामरा को माफी मांगने या नतीजे भुगतने की धमकी भी दी। इस पूरे मामले पर विवाद बढ़ता देख कुणाल कामरा ने सोशल मीडिया पर अपने एक्स अकाउंट पर एक लंबा चौड़ा बयान जारी किया था, जिसमें उन्होंने माफी मांगने से इंकार कर दिया था। कुणाल कामरा ने कहा था, "मैं माफी नहीं मागूंगा। मैं भीड़ से नहीं डरता। एंटरटेनमेंट वेन्यू महज एक प्लेटफॉर्म है, जो हर किस्म के शो का मंच है। हैबिटेट या कोई भी जगह मेरी कॉमेडी के लिए जिम्मेदार नहीं है। मैं जो भी कहता या करता हूं, उस पर उसका कोई अधिकार नहीं है। न ही किसी और पार्टी का कोई अधिकार है। एक कॉमेडियन के कहे शब्दों के लिए किसी जगह को नुकसान पहुंचाना, वैसी ही नासमझी है, जैसे अगर आपको चिकन नहीं परोसा जाता तो आप टमाटर के ट्रक को पलट दें।"

## कामरा की कमेडी को मात देती

# बीएमसी की कार्यवाही..!!



**शाहिद ए. चौधरी**

अगर किसी व्यक्ति को यह लगता है कि किसी अन्य व्यक्ति के शब्दों से समाज में उसकी बदनामी हुई है तो भारत के संविधान के तहत उसके पास न्याय पाने के दो कानूनी विकल्प उपलब्ध हैं। वह संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक या सिविल मामला दर्ज कर सकता है और फिर अदालत तय करेगी कि उसकी मानहानि वास्तव में हुई या नहीं। लेकिन उसे किसी भी सूरत में कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। इसलिए स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के वायरल हुए व्यंग्य से महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मानहानि हुई या नहीं, का फैसला अदालत करेगी, मैं या आप नहीं और अगर कामरा दोषी हैं तो भी उन्हें सजा अदालत ही सुनायेगी मैं या आप नहीं। कानून और लोकतंत्र का यही तकाजा है। लेकिन हुआ क्या?

इमेज

जैसे ही कामरा का राजनीतिक व्यंग्य वायरल हुआ तो शिंदे शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने उस होटल के स्टूडियो में जाकर तोड़फोड़ की, गाली गलौज की और हंगामा किया, जहां कामरा ने अपना वीडियो शूट किया था। इन असामाजिक तत्वों (राजनीतिक कार्यकर्ता इनके लिए उचित शब्द नहीं हैं) ने कामरा को फोन पर मुंह काला करने से लेकर जान से मारने तक की धमकी दी। इससे अलग बीएमसी ने संबंधित होटल पर बिना नोटिस के बुलडोजर कार्यवाही की, यह कहते हुए कि उसने होटल के अवैध निर्मित हिस्से को गिराया है। यह मुमकिन है कि होटल ने कुछ अवैध विस्तार किया हो, लेकिन महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि तथाकथित अवैध निर्माण कामरा प्रकरण के तुरंत बाद ही क्यों गिराया गया? क्या इसके बारे में बीएमसी को पहले से मालूम नहीं था? अगर मालूम था तो उसने कार्यवाही क्यों नहीं की थी? क्या उसको कामरा प्रकरण होने की प्रतीक्षा थी? फिर शिंदे शिव सेना के तत्वों को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत किसने दी? क्या उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं होनी चाहिए? खार पुलिस ने 12 शिव सैनिकों को स्टूडियो में तोड़फोड़ करने के आरोप में हिरासत में अवश्य लिया है, लेकिन क्या सिर्फ 12 व्यक्तियों ने तोड़फोड़ की? वीडियो में तो इससे कहीं अधिक लोग तोड़फोड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। बाकी सब को हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह सब सत्तारूढ़ दल के समर्थक कर रहे हैं, शायद इस वजह से कि जब सैंया भए कोतवाल तो फिर डर काहे का। लोकतंत्र के लिए यह खतरे की घंटी है। सत्तारूढ़ दल का कर्तव्य राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने का है, न कि अपने समर्थकों को गुंडागर्दी करने की खुली छूट देने की या अपने अधीन प्रशासनिक अधिकारियों से कानून का उल्लंघन या दुरुपयोग कराने की। महाराष्ट्र में पिछले एक सप्ताह के दौरान सुप्रीम कोर्ट के नवम्बर 2024 के आदेश का दो बार खुला उल्लंघन देखने को मिला है, जिसने इमारतों को गिराने के संदर्भ में, जिनमें अवैध इमारतें भी शामिल हैं, स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए



थे, जो अखिल भारतीय स्तर पर लागू हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में सब कुछ एकदम स्पष्ट है, "बिना कारण बताओ नोटिस के, जिसका जवाब स्थानीय नगरपालिका नियमों या 15 दिनों के भीतर दिया जाए, जो भी अधिकतम हो, बिना नोटिस किसी इमारत को नहीं गिराया जा सकता।" नागपुर नगर निगम ने दंगे के एक आरोपी के मकान को सर्वेयर द्वारा 20 मार्च को अवैध घोषित कराया और 24 मार्च को उसे तोड़ दिया। मुंबई के होटल के तथाकथित अवैध निर्माण को तो कामरा के वीडियो वायरल होने के अगले दिन ही तोड़ दिया गया। यह किस क़िस्म का प्रशासन चल रहा है जिसे नियमों, कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। जो मन में आता है वह कर दिया जाता है। यह लोकतंत्र है या तानाशाही? दरअसल, यह सब एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है। सत्तारूढ़ दलों को यह पसंद नहीं है कि कोई उनसे सवाल करे, कोई उनकी नीतियों की आलोचना करे, कोई उनके नेताओं का कार्टून बनाए (किसी अखबार में आपको लक्ष्मण या सुधीर धर नज़र आ रहे हैं?), या कोई स्टैंड-अप कॉमेडियन उन पर व्यंग्य करे। इसलिए तोड़फोड़ व त्वरित 'कानूनी कार्यवाही' से लेखकों, पत्रकारों, कॉमेडियनों आदि को यह संदेश देना है कि वह तोल-मोलकर बोलें, सरकार से कुछ न कहें और केवल विपक्ष से सवाल करें। इसके अतिरिक्त होटल या स्टूडियो मालिकों को भी संदेश दिया जा रहा है कि वे सरकार से सवाल करने वाले व्यक्तियों को अपनी जगह न दें। यह एक तरह से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने का ही प्रयास मात्र है। इसलिए जो कुछ मुंबई में हुआ है, वह मजाक एकनाथ शिंदे पर नहीं है बल्कि उन सब पर है जो लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और देश को संविधान के अनुसार चलाये जाने की इच्छा रखते हैं। जब जीवन ही कॉमेडी बनकर रह जाए तो बेचारा कॉमेडियन क्या करे। इसमें शक नहीं है कि राजनीति हमेशा से ही हास्य व्यंग्य के लिए उपजाऊ मसाला प्रदान करती रही है। दुनियाभर के खुले लोकतंत्रों में लोग अपने सियासी नेताओं की कीमत पर खुलकर हंसते रहे हैं। हमारे यहां भी हरिशंकर परसाई या केपी सक्सेना के राजनीतिक व्यंग्यबाणों ने लोगों को खूब गुदगुदाया है। लेकिन यह गुज़रे ज़माने की बात सी लगती है। आज के अधिकतर या लगभग सभी खद्दरधारी छुईमुई के पौधे से भी अधिक छुईमुई हो गए हैं, जब व्यंग्य का बाण उनकी तरफ चलता है, विशेषकर जब उन पर किए गए मज़ाक पर श्रोता अतिरिक्त ठाहाका लगाकर हंसते हैं। यह हो सकता है कि कामरा के नवीनतम जोक्स मजेदार न होकर पूर्णतः बकवास हों। लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? मुद्दा यह है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत 'तार्किक पाबंदियों' के भीतर सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। उद्धव ठाकरे की सेना को कामरा के लतीफों में तर्क नज़र आता है, लेकिन शिंदे की सेना को आपत्ति है। ठीक है। हर किसी को अपने तौर पर फैसला करने का अधिकार है। लेकिन किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का हक नहीं है। शिंदे सेना को आपत्ति है तो उसके लिए अदालत के दरवाज़े खुले हुए हैं, लेकिन तोड़फोड़ करने या धमकी देने का अधिकार उसे नहीं है। आधुनिक समाज की रीढ़ शब्दों से असहमति का जवाब शब्दों से देने वाली है। कानूनी सहअस्तित्व का आधार यह है कि शब्दों पर असहमति हिंसा से व्यक्त न की जाए और अगर कोई हिंसा करता है तो राज्य उसे सज़ा दे। यह सही है कि पुलिस ने तोड़फोड़ करने वाले कुछ शरारती तत्वों को हिरासत में लिया है, लेकिन साथ ही कामरा को भी बीएनएस की धाराओं 353(1)बी व 353(2)-सार्वजनिक शरारत उत्पन्न करने वाले वक्तव्य और अपराधिक मानहानि, 356(2) के तहत बुक किया है।

## पंचांग

गुरुवार, 27 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - त्रयोदशी 23.05 तक
- वार - गुरुवार
- नक्षत्र - शतभिषा 24.35 तक
- योग - साध्य 09.26 तक
- करण - गर 12.29 तक
- सूर्योदय - 06.38 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.49 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.37 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.55 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कुंभ
- अभिजित् मुहूर्त - 12.19 से 13.08
- राहु काल - 14.15 से 15.47
- व्रत, त्यौहार - प्रदोष, शिवरात्रि, वारुणीयोग सूर्योदय से सूर्यास्त, पंचक, भद्रा 23.05 प्रारंभ, प्रकाशपुरी निर्वाण, मंडोर जोधपुर
- दिशा शूल - दक्षिण

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## वास्तु शास्त्र

### पाकिस्तान के हिंगलाज भवानी का मंदिर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक पॉडकास्ट में सरहद पार पाकिस्तान के शक्तिपीठ हिंगलाज भवानी का जिक्र करते हुए भावुक हो गए। बता दें कि हिंगलाज माता का मंदिर माता सती के 51 शक्तिपीठों में से एक है, जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित है। यह मंदिर कभी भारत में होता था लेकिन भारत-पाक युद्ध के बाद हिंगलाज माता का मंदिर पाकिस्तान के हिस्से में चला गया। हिंगलाज माता का मंदिर अब मुस्लिम राष्ट्र में है लेकिन इस पवित्र मंदिर की मान्यता अभी भी कम नहीं हुई है। यह मंदिर भले ही हिंदू देवी को समर्पित हो लेकिन यहां मुस्लिम भक्त भी श्रद्धा से अपना सिर झुकाते हैं।

**विशालकाय गुफा में माता का मंदिर**

पॉडकास्ट में सीएम योगी ने कहा था कि साल 1947 से पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश में भारत के हिस्से थे। हम उस सच्चाई को कैसे भूल सकते हैं। क्या पाकिस्तान में हमारी हिंगलाज माता का मंदिर नहीं है क्या बांग्लादेश में माता ढाकेश्वरी का मंदिर नहीं है। हिंगोल नदी और चंद्रकूप पहाड़ पर हिंगलाज माता का मंदिर स्थित है। पहाड़ियों की तलहटी में एक विशालकाय गुफा है, जहां माता अपने भक्तों को दर्शन देती हैं। इतिहास में हिंगलाज माता के मंदिर को 2000 साल से पुराना बताया गया है।

**नानी पीर के नाम से प्रसिद्ध मंदिर**

हिंगलाज माता का मंदिर पाकिस्तान की वैष्णो देवी के नाम से प्रसिद्ध है। शास्त्रों के अनुसार यहां पर देवी सती का ब्रह्मरंध्र (मस्तिष्क) गिरा था। इस मंदिर को हिंगुला देवी, नानी का मंदिर या नानी पीर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर हिंदुओं के साथ साथ वहां के मुस्लिम समुदाय के बीच भी आस्था का केंद्र बना हुआ है और एक साथ इस शक्तिपीठ के देखरेख भी करते हैं। नवरात्रि के 9 दिनों में यहां पर विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। पाकिस्तान के लाखों सिंधी और हिंदू माता के दर्शन करने के लिए यहां आते रहते हैं।

**भगवान राम यहां कर चुके दर्शन**

मान्यता है कि रावण का वधन करने के बाद ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति के लिए भगवान श्रीराम ने भी हिंगलाज शक्तिपीठ के दर्शन किए थे। साथ ही भगवान परशुराम के पिता जमदग्नि ने भी यहां पर घोर तपस्या की थी। परशुराम के अलावा मनोरथ सिद्धि के लिए गुरुनानक देव, दादा मखान और गुरू गोरखनाथ जैसे आध्यात्मिक संत यहां पर आ चुके हैं। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी यहां पर माता के दरबार में माथा टेक चुके हैं।


**मुस्लिम लोग भी करते पूजा**

हिंगलाज माता मंदिर का दरबार गुफा के अंदर ही है और भगवान शिव यहां पर भीमलोचन भैरव के रूप में प्रतिष्ठित हैं। हिंगलाज माता के अलावा यहां पर भगवान गणेश और कालिका माता की भी प्रतिमा लगी हुई है। बलुचिस्तान के मुसलमान हिंगला माता को नानी पीर कहकर बुलाते हैं और उनको लाल कपड़ा, अगबत्ती, मोमबत्ती, इत्र, फूल आदि चीजें चढ़ाते हैं। हिंगलाज माता को चारण वंश की कुलदेवी माना जाता है। हिंगलाज माता के मंदिर पर कई बार पाकिस्तान के चरमपंथी हमला कर चुके हैं लेकिन माता को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा पाए हैं।

## तारीख विशेष

### विश्व रंगमंच दिवस

विश्व रंगमंच दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाता है। 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) द्वारा नामित यह दिन रंगमंच कला के सार, सौंदर्य और महत्व, मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और जीवन पर रंगमंच के प्रतीकात्मक प्रभाव का जश्न मनाता है। यह दिन दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को सूचित करने का भी काम करता है, जिन्होंने अभी तक लोगों के लिए रंगमंच के महत्व और आर्थिक विकास के लिए इसकी क्षमता को नहीं समझा है। प्राचीन ग्रीस से ही थिएटर कला और मनोरंजन का एक लोकप्रिय रूप रहा है, जो अपने दर्शकों को रोमांचित करता है और उन्हें विस्मय में डाल देता है। यह न केवल मनोरंजन और शिक्षा देता है, बल्कि थिएटर विभिन्न कला रूपों को मिलाकर अपने लाइव दर्शकों को एक वास्तविक मंच का अनुभव भी देता है, जो उन्हें कहीं और नहीं मिल सकता। विश्व रंगमंच दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाता है, जिसे आईटीआई अपने केंद्रों के माध्यम से बढ़ावा देता है और दुनिया भर के रंगमंच समुदायों द्वारा इसका समर्थन किया जाता है। आईटीआई द्वारा इस दिन की शुरुआत जून 1961 में वियना में आईटीआई की नौवीं विश्व कांग्रेस में राष्ट्रपति अरवी किविमा द्वारा विश्व रंगमंच दिवस की स्थापना के लिए दिए गए प्रस्ताव के बाद की गई थी। इस प्रस्ताव को आईटीआई के स्कैंडिनेवियाई केंद्रों द्वारा समर्थन दिया गया और उत्साह के साथ प्रचारित किया गया। अगले वर्ष 27 मार्च, 1962 को विश्व रंगमंच दिवस आईटीआई केंद्रों, आईटीआई सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। आज, यह दिन दुनिया भर के 90 से अधिक आईटीआई केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं।




## इस बार आईपीएल में

# कई युवा बन सकते नए सितारे!

**सारिम अन्ना**

हर सत्र में कुछ नए हीरो उभरकर सामने आते हैं, जो अपनी निडर बल्लेबाजी, शानदार गेंदबाजी व गेम को पलट देने वाले प्रदर्शन से सुर्खियों के सरताज बन जाते हैं। यह साल भी कुछ अलग नहीं है। हमें उम्मीद है कि इस बार के आईपीएल में ये छह युवा तहलका मचा सकते हैं। बहरहाल, यह तो प्रतियोगिता के अंत में ही मालूम हो सकेगा कि हमारा अनुमान कितना सही बैठता है, लेकिन फिलहाल आप इनके बारे में संक्षेप में जान लीजिए और इन पर नज़र रखिए। पंजाब किंग्स ने 20 वर्षीय आलराउंडर मुशीर खान को मात्र 30 लाख रुपए में खरीदा गया है, लेकिन यह राइट-हैंड टॉप आर्डर बैटर व लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाज़ टीम को मजबूती प्रदान करने में सक्षम है, जैसा कि उसने देश के लिए अंडर-19 में और रणजी ट्राफी में मुंबई के लिए करके दिखाया है। मुशीर 2024 के अंडर-19 विश्व कप में लाइमलाइट में आए, जिसमें उनके बल्ले से शतक भी निकला और उन्होंने अपनी स्पिन से विकेट भी चटकाए। फिर मुंबई के लिए अपने रणजी ट्राफी करियर की शुरुआत उन्होंने पिछले साल धमाके से की और अपने पहले ही मैच में दोहरा शतक लगाया।

आईपीएल 2025 का सत्र 22 मार्च से शुरू हो चुका है और इस बार दर्शकों में उत्साह केवल स्थापित सितारों जैसे विराट कोहली, ऋषभ पंत आदि को लेकर ही नहीं है बल्कि उनकी निगाहें उभरते हुए युवा व निडर खिलाडियों पर भी हैं, विशेषकर इसलिए कि नीली जर्सी में वह ही देश का संभावित भविष्य हैं। देखना यह है कि भारतीय प्रतिभा की यह नई लहर किस हद तक अपने जौहर का प्रदर्शन करती है। इसमें शक नहीं है कि हर सत्र में कुछ नए हीरो उभरकर सामने आते हैं, जो अपनी निडर बल्लेबाजी, शानदार गेंदबाजी व गेम को पलट देने वाले प्रदर्शन से सुर्खियों के सरताज बन जाते हैं। यह साल भी कुछ अलग नहीं है। हमें उम्मीद है कि इस बार के आईपीएल में ये छह युवा तहलका मचा सकते हैं। बहरहाल, यह तो प्रतियोगिता के अंत में ही मालूम हो सकेगा कि हमारा अनुमान कितना सही बैठता है, लेकिन फिलहाल आप इनके बारे में संक्षेप में जान लीजिए और इन पर नज़र रखिए। पंजाब किंग्स ने 20 वर्षीय आलराउंडर मुशीर खान को मात्र 30 लाख रुपए में खरीदा गया है, लेकिन यह राइट-हैंड टॉप आर्डर बैटर व लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाज़ टीम को मजबूती प्रदान करने में सक्षम है, जैसा कि उसने देश के लिए अंडर-19 में और रणजी ट्राफी में मुंबई के लिए करके दिखाया है। मुशीर भारत की टेस्ट टीम के सदस्य सरफराज खान के छोटे भाई हैं। वह 2024 के अंडर-19 विश्व कप में लाइमलाइट में आए, जिसमें उनके बल्ले से शतक भी निकला और उन्होंने अपनी स्पिन से विकेट भी चटकाए। फिर मुंबई के लिए अपने रणजी ट्राफी करियर की शुरुआत उन्होंने पिछले साल धमाके से की और अपने पहले ही मैच में दोहरा शतक लगाया। उनके टी-20 नंबर भी निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। पंजाब किंग्स नए कप्तान श्रेयस अय्यर व कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में फिर से खड़ी होने का प्रयास कर रही है और मुशीर में जो हर स्थिति में खुद को ढालने की क्षमता है, उससे उनका उपयोग मध्य क्रम में किया जा सकता है या स्पिन को मदद करने वाली पिचों पर उनका प्रयोग पांचवें गेंदबाज के रूप में किया जा सकता है। मुशीर की बहुआयामी प्रतिभा उन्हें आईपीएल 2025 का स्लीपर पिक बना सकती है, विशेषकर अगर पंजाब किंग्स अपनी किस्मत को पलटने के लिए युवाओं की तरफ झुकती है। रोबिन मिंज अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी के लिए जाने जाते हैं। वह चंद ओवर में ही मैच की धारा को बदल सकते हैं। इस लेफ्ट-हैंड विकेटकीपर बैटर को मुंबई इंडियन ने 65 लाख रुपए में खरीदा है। मुंबई के स्काउटिंग नेटवर्क ने उनकी क्षमता को जल्द ही पहचान लिया था और मुंबई को विश्वास है कि वह इस सत्र में अपनी छाप छोड़ेंगे। ईशान किशन अब मुंबई में नहीं हैं और मिंज का पॉवर गेम मुंबई की बिग हिटर परम्परा को ही आगे बढ़ाता है यानी वह किशन का अच्छा विकल्प हैं। 22 वर्षीय मिंज ने अब तक केवल दो ही फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, लेकिन आयु-वर्ग प्रतियोगिताओं में झारखंड के लिए उन्होंने कमाल किया है, जिससे उनके महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। अठारह साल के सी आंद्रे सिद्धार्थ एक और सितारे के रूप में उभर सकते हैं। घरेलू सर्किट में उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर आर अश्विन ने अपने पॉडकास्ट में सिद्धार्थ की ज़बरदस्त प्रशंसा की है। तमिलनाडु प्रीमियर लीग में सिद्धार्थ के निरंतर शानदार प्रदर्शन ने चेन्नै सुपर किंग्स को उनकी ओर आकर्षित किया। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और एमएस धोनी की मेंटरशिप में सिद्धार्थ का चेन्नै के सहयोगी वातावरण में अच्छा विकास हो सकता है। चेन्नै की मजबूत बल्लेबाजी में शायद उन्हें एकदम से टीम में स्थान न मिले, लेकिन जब भी उन्हें पुकारा जाएगा तो वह स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर अपने बल्ले से कमाल कर सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिज़वी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और छक्के मारने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। यह 21 वर्षीय बैटर दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच-विनर साबित हो सकता है। रिजवी ने 2022 की उत्तर प्रदेश टी-20 लीग में 188.80 के स्ट्राइक रेट से 9 मैचों में प्रभावी 455 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता में उन्होंने 35 छक्के लगाए और सबसे तेज शतक (47 गेंदों में) भी लगाया। इसके कारण उन्हें 2024 के आईपीएल में चेन्नै ने 8.4 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके डेब्यू सीजन में उन्हें सीमित सफलता मिली और अब कैपिटल्स ने उन्हें 95 लाख रुपए में खरीदा है और उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी इस सत्र में दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। इसी क्रम में हरियाणा के उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी अंशुल कम्बोज हैं, जिन्हें चेन्नै ने 3.4 करोड़ रुपए में खरीदा है, जबकि उनका बेस प्राइस मात्र 20 लाख रुपए था। कम्बोज लम्बे कद (6 फीट 2 इंच) के तेज़ गेंदबाज़ हैं। यह 24 साल का तेज गेंदबाज नई गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सकता है।

## पाठक पाती

### समाज को कलंकित करना उचित नहीं

शादी के बाद एक स्त्री पर पति और उसके पूरे पीढ़ी की खुशियों की जिम्मेदारी होती है। माना जाता है कि पत्नी गुणवान हो तो वह बिगड़े हुए आदमी को भी सुधार देती है, उसकी असफलताओं को सफलता में बदलने की ताकत रखती है। लेकिन यदि पत्नी का स्वभाव इसके विपरीत हो तो इसका परिणाम परिवार के प्रत्येक सदस्य को भुगतना पड़ सकता है। खुद पति भी कभी अपने जीवन में सुख का अनुभव नहीं कर पाता है। पति-पत्नी के बीच सच्चा प्रेम, वफादारी, सेवा, आत्मीयता, विश्वास तभी रह सकता है जब उनमें एकनिष्ठा का व्रत हो। यदि कोई स्त्री अनेक पुरुषों से अवैध संबंध स्थापित करती है तो उसके शरीर, रक्त, मन एवं मस्तिष्क में अनेकों तत्व मिल जाने के कारण अस्थिरता, खींचतान, आकर्षण, विकर्षण के दौर चलने लगते हैं। ऐसी अवस्था में सच्चा प्रेम, वफादारी एवं आत्मीयता असंभव है।

- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)


**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



मेरे संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं, जहां सदस्यों का आचरण मानकों के अनुरूप नहीं है। लोकसभा में पिता-पुत्री, माता-पुत्री, पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। मैं नेता विपक्ष से अपेक्षा करता हूं कि वे नियम 349 के अनुसार आचरण करें, जो सदन में सदस्यों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों से संबंधित है।

- ओम बिरला



दिशा के पिता सतीश सालियान ने मुंबई पुलिस आयुक्त से मुलाकात की है और आदित्य ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नैतिक आधार पर इस्तीफा देना या न देना उन पर और उनकी पार्टी पर निर्भर करता है, लेकिन सरकार के तौर पर मैं बताना चाहता हूं कि दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

- शंभूराज देसाई



मुसलमान खतरे में नहीं हैं। इनकी (औवेसी की) वोट बैंक की राजनीति खतरे में है। जिस दिन भारतीय मुसलमान अपने पूर्वजों को समझ लेंगे, इन सभी को बोरिया-बिस्तर बांधकर भागना पड़ेगा। भारतीय मुसलमानों को याद रखना होगा कि वे तभी सुरक्षित हैं, जब हिंदू और हिंदू परंपरा सुरक्षित है।

- योगी आदित्यनाथ

## कुछ अलग | अजब गजब

# राजस्थान : बयाना का किला पुरानी और अदभुत बनावट व ऐतिहासिक महत्व को लेकर मशहूर

राजस्थान के भरतपुर में स्थित बयाना का किला अपनी पुरानी और अदभुत बनावट और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह किला एक ऊंची पहाड़ी पर बना है, जो इसे एक शानदार और मजबूत किला बनाता है। इस किले की दीवार गढ़ीदार बुर्ज और प्राचीन संरचनाएं इसकी भव्यता और ऐतिहासिकता का प्रमाण देती हैं। यह किला सिर्फ एक सुंदर इमारत नहीं, बल्कि कई राजाओं के शासन का गवाह भी रहा है। बयाना का किला कई शताब्दियों पुराना है और इसका निर्माण प्राचीन काल में करवाया गया था। इसे अनेकों राजाओं के शासनकाल से जोड़ा जाता है। इस किले का उपयोग मुगलों और राजपूतों के लिए एक महत्वपूर्ण रक्षा स्थान के रूप में किया जाता था। कई युद्धों और आक्रमणों के बावजूद यह किला आज भी अपने गौरव को संजोए हुए खड़ा है।

**किले में प्राचीन शिव मंदिर**

इस किले की गाथाएं इसकी दीवारों में बसी हुईं हैं। जो वीरता पराक्रम और संघर्ष की कहानियां कहती हैं। किले के अंदर स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आने वाले श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। भूतिया बावड़ी को रहस्यमयी और रहस्यों से भरा स्थान माना जाता है। इसकी गहराइयों और अंधेरे गलियारों को देखकर यह स्थान एक अलग ही रोमांचक अनुभव कराता है।



**किले का पौराणिक महत्व**

इसके अलावा किले में भीम लाइट भी मौजूद है। ऐसा माना जाता है, कि इस स्थान का संबंध महाभारत काल से है और इसे भीम द्वारा निर्मित बताया जाता है। यह स्थान न केवल ऐतिहासिक बल्कि पौराणिक महत्व भी रखता है। इस किले की स्थापत्य कला अदभुत है। विशाल पत्थरों से बनी इसकी दीवारें इसे अजेय बनाती हैं। यहां मौजूद नक्काशीदार दरवाजे गुप्त सुरंगें और विशाल प्राचीरें इसे एक अनूठा ऐतिहासिक स्मारक बनाती हैं।

**पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र**

आज भी यह किला इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी प्राचीनता अदभुत वास्तुकला और गौरवशाली इतिहास इसे राजस्थान के महत्वपूर्ण किलों में से एक बनाते हैं। यहां आने वाले सैलानी इसकी भव्यता और रहस्यमयी स्थलों को देखकर रोमांचित हो उठते हैं।

# आसमान से बरसने वाली है आग!

## राजस्थान में मौसम साफ, लेकिन तापमान 40 के करीब



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल चुका है। देश के ज्यादातर राज्यों में पारा धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। कई राज्यों में तो तापमान 30 डिग्री से भी अधिक पहुंच चुका है। पूरे दिन धूप निकलने के कारण तापमान काफी तेजी से बढ़ा है। दिल्ली में मंगलवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है।आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा, आम तौर पर गर्मियों के मौसम में 5-6 दिनों तक हीटवेव का दौर रहता है, लेकिन इस साल गर्मी के मौसम में पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से थोड़ी अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। इस साल हमें 10 से 12 दिन की उम्मीद है, जो सामान्य से दोगुना है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक मौसमी पूर्वानुमान है और इसका मतलब यह नहीं है कि मौसम के सभी दिन सामान्य से अधिक होंगे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है, इसलिए सामान्य से अधिक गर्मी के लिए तैयार रहें।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) का दावा है कि इस बार की गर्मियों के दौरान दिल्ली एनसीआर सहित देशभर में लू वाले दिनों की संख्या 15 से 20 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। मौसम विभाग से मिले इनपुट के आधार पर सीईईडब्ल्यू ने एक विश्लेषण जारी कर यह भी कहा कि वर्षा में बहुत ज्यादा अनिश्चितता दिखाई दे रही है, जैसे मानसून में भी देरी हो रही है।

इसीलिए लू का प्रभाव बढ़ रहा है, प्रभावित हीट आइलैंड भी बढ़ रहे हैं। यहां तक कि लू का ओवरऑल सीजन बढ़ रहा है।आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा, आम तौर पर गर्मियों के मौसम में 5-6 दिनों तक हीटवेव का दौर रहता है, लेकिन इस साल गर्मी के मौसम में पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से थोड़ी अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। इस साल हमें 10 से 12 दिन की उम्मीद है, जो सामान्य से दोगुना है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक मौसमी पूर्वानुमान है और इसका मतलब यह नहीं है कि मौसम के सभी दिन सामान्य से अधिक होंगे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है, इसलिए सामान्य से अधिक गर्मी के लिए तैयार रहें।

### राजस्थान में आज बारिश और आंधी का अलर्ट

जयपुर से जागरूक टाइम्स संवाददाता को मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान में मंगलवार को मौसम साफ रहा। चित्तौड़गढ़, पिलानी सहित कई शहरों में तापमान 40 डिग्री के करीब होने से गर्मी का पारा चढ़ गया। राजस्थान में एक बार फिर मौसम परिवर्तन का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदेश में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे कुछ इलाकों में मामूली बारिश के साथ तेज हवाओं का दौर देखने को मिल सकता है। इससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

देश में यूपीआई पेमेंट अटके

# गूगलपे, पेटीएम से लेनदेन में हुई परेशानी, 10 से ज्यादा बैंकों की सर्विस भी प्रभावित

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार शाम यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) डाउन हो गया। इसके अलावा, 10 से ज्यादा बैंकों की सर्विसेस भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि, यह टेक्निकल गड़बड़ी किस वजह से हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, बुधवार शाम को 7 बजे से यूजर्स को यूपीआई से पेमेंट करने में दिक्कतें आने लगी। 23,000 से ज्यादा यूजर्स ने शिकायत कर कहा, फंड ट्रांसफर, पेमेंट और लॉगिन एक्सेस नहीं हो रहा। गूगल पे, फोन पे, पेटीएम, एयरटेल मनी, एचडीएफसी, एक्सिस समेत 10 से ज्यादा बैंकों की सर्विसेस प्रभावित हैं।

**82 प्रतिशत लोगों को पेमेंट करने में दिक्कतः-** डाउनडिटेक्टर के अनुसार, करीब 8 2 प्रतिशत लोगों को पेमेंट करने में समस्या आई, वहीं 14 प्रतिशत लोगों को फंड ट्रांसफर और लगभग 5 प्रतिशत को ऐप एक्सेस करने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सीएम भजनलाल शर्मा बोले, पूर्व सीएम ट्विटर से सुर्खियों में रहना चाहते हैं

## गहलोत बोले, ढाई साल पुराना ट्वीट याद दिला रहा हूं, एमएसपी पर बाजरा कब खरीदेंगे?

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम अशोक गहलोत पुराने वादों और ट्वीटर पर सक्रियता को लेकर आमने सामने हो गए हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर विधानसभा में नहीं आने और ट्वीटर पर सक्रिय रहकर सुर्खियों में रहने को लेकर तंज कसा। इस पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर सीएम भजनलाल शर्मा को विपक्ष में रहते हुए एमसपी पर बाजरा खरीदने के मांग पर किए गए प्रदर्शन के ट्वीट को याद दिलाते हुए पलटवार किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर तंज कसते हुए कहा हमारे पूर्व मुख्यमंत्री जी विधानसभा में एक भी दिन आए नहीं, लेकिन मैं कह सकता हूं वो आए दिन ट्विटर पर चलते हैं। वो सुर्खियों में रहना चाहते हैं और वह बात कहते हैं। मैं जरा उनसे कहना चाहता हूं आप ट्विट करते हैं, उससे पहले अपने ट्वीट तो देख लीजिए।



सीएम ने कहा- जब आपके 5 साल की सरकार थी उन कामों को देख लीजिए कि राजस्थान की जनता के लिए आपने क्या किया, ट्विटर से काम नहीं चलता है। राजस्थान की जनता के बीच जाना होता है। उनके दुख और दर्द को समझना पड़ता है। जो दुख और दर्द होता है उसे ठीक करने का काम भी सरकार का होता है। गहलोत का पलटवार, सरकार को डेढ़ साल हो रहा है, एमएसपी पर बाजरा कब खरीदेंगे?

### पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल शर्मा पर पलटवार किया

गहलोत ने एक्स पर लिखा आज मुख्यमंत्री जी ने एक सरकारी कार्यक्रम में जनता की शिकायतें बताने वाले और सरकार की कमियां उजागर करने वाले मेरे ट्वीट्स पर टिप्पणी की।



मुख्यमंत्री जी, मैं आपको लगभग ढाई साल पुराना आपका यह ट्वीट याद दिलाना चाहता हूं जिसमें आप कांग्रेस सरकार से बाजरे की एमएसपी पर खरीद की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। गहलोत ने लिखा- मुख्यमंत्री जी, आपकी सरकार को अब डेढ़ साल होने जा रहा है। आपके घोषणा पत्र में भी बाजरे की एमएसपी पर खरीद का वादा था। आज आप बता ही दीजिए कि एमएसपी पर बाजरे की खरीद आप कब से शुरू करने वाले हैं?

# राणासांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद के घर हमला

## आगरा में करणी सेना के कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर पहुंचे, पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल

**आगरा।** राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर रखी 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। बवाल के वक्त सांसद रामजीलाल सुमन दिल्ली में थे। वहीं, घटनास्थल से 1 किमी दूरी पर सीएम योगी का कार्यक्रम चल रहा था।

**बैरिकेडिंग तोड़ी, एक्सप्रेस-वे से शहर में घुसे:-** करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। कार्यकर्ता जयश्री राम का नारा लगा रहे थे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकने की कोशिश की, लेकिन वे एक्सप्रेस-वे से शहर के अंदर घुस गए। इधर, सुरक्षा को देखते हुए सपा सांसद की सोसाइटी के दोनों गेट बंद करा दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी घर से बाहर नहीं निकलेगा।

# राजकीय अवकाश के दिन में संचालित होंगे उप पंजीयक कार्यालय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति के अंतिम सप्ताह में लगातार तीन दिन राजकीय अवकाश होने के बावजूद पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के सभी कार्यालय कार्य दिवसों की भांति यथावत खुले रहेगें। शनिवार, रविवार एवं 31 मार्च को राजकीय अवकाश के दिन भी प्रदेश में सभी उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। कलक्टर मुद्रांक एवं उप महानिरीक्षक पंजीयन जयपुर डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग लगातार प्रयास कर रहा है इसी कवायद के तहत शनिवारए रविवार एवं 31 मार्च के राजकीय अवकाश को भी सभी उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखा जावेंगा जहां कार्य दिवसों की भांति सभी प्रकार के दस्तावेजों को पंजीबद्ध करवाया जा सकेंगा।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया झुंझुनूं जिले के खिरोड़ में शहीद हवलदार रामजी लाल कटेवा की मूर्ति का अनावरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ तहसील के खिरोड़ में शहीद हवलदार रामजी लाल कटेवा की मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शहीदों के बलिदान को अमूल्य बताया। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी को याद करते हुए कहा कि वाजपेयी जी ने शहीदों की पार्थिव देह को शहीदों के घर तक पहुंचाने का कार्य शुरु किया था। दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैनिक कल्याण के क्षेत्र में 'वन रैंक, वन पेंशन' शुरु करने के लिए आभार जताते हुए विगत 11 वर्षों में




देश में सैनिक कल्याण और सुरक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में हुए कार्यों की भी जानकारी आमजन को दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंगलवार को बाड़मेर में आयोजित सभा में 30 हजार से अधिक संख्या में महिलाएं आईं, जो बड़ी बात है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्षेत्र के शहीदों की वीरांगनाओं का भी सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री ने नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल और शहीद के परिजनों की मांग को स्वीकार करते हुए तुर्किनी जोहड़ से कैमरी की ढाणी तक 5 किमी. सड़क निर्माण शहीद कटेवा के नाम से करने की घोषणा की।

**नवलगढ़ में करवाए गए विकास कार्य भी बताए:-** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि लोहार्गल के बरखंडी में रोप वे का कार्य शुरु हो रहा है। वहीं नवलगढ में ट्रोमा सेंटर, जिला अस्पताल, 90 करोड़ से अधिक की सड़कों की सौगात दी गई है। सभा में नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, खंडेला विधायक सुभाष मील ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शहीद कटेवा की वीरांगना प्रभाती देवी, परिवारजन सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बालमुकुंद आचार्य ने निगम अधिकारियों को लगाई फटकार

## बोले जमकर कर रहे भ्रष्टाचार, कमिश्नर ने कहा दोषियों के खिलाफ लेंगे एक्शन

**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य बुधवार को क्षेत्र के दौरे पर निकले। इस दौरान पौंड्रिक उद्यान और जय निवास उद्यान के साथ ही स्मार्ट सिटी के कामकाज में मिली अनियमितताओं को लेकर नगर निगम अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। इसके बाद निगम कमिश्नर ने दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। दरअसल, बुधवार को हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी और नगर निगम हेरिटेज द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। जहां अनियमित देख उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। आचार्य ने कहा कि मैं पिछले डेढ़ साल से



निगम अधिकारियों को बोल-बोलकर परेशान हो चुका हूं। लेकिन आप लोग मेरी भी सुनवाई नहीं कर रहे, तो आम जनता का क्या हाल होगा। इस तरह के भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जयपुर के विकास के लिए 800 करोड रुपए की स्वीकृति दी गई थी। जिसके तहत अलग-अलग विकास कार्य होने थे लेकिन धरातल पर काफी कम अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं। जो काम पूरे भी हुए हैं, वह बहुत ही ज्यादा घटिया क्वालिटी के हैं। जो किसी काम के नहीं है। ऐसे में जिन अधिकारियों की देखरेख में यह काम हुए हैं। उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए।

**फील्ड में नहीं निकलते अधिकारी :-** आचार्य ने कहा कि नगर निगम हेरिटेज में गार्डन शाखा ने शहर के उद्यानों के हालात बद से बदतर कर दिए हैं। जो उपायुक्त है वह फील्ड में निकलते ही नहीं है। इसलिए उन्हें बदहाल गार्डन की जानकारी तक नहीं है। गार्डन मेंटेनेंस से लेकर टेंडर तक की प्रक्रिया में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए जो भी अधिकारी इस मामले में दोषी है ना सिर्फ उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बल्कि, दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड कर उनसे रिकवरी भी की जानी चाहिए। नगर निगम उद्यान शाखा की उपायुक्त मोनिका सोनी ने कहा कि गार्डन के रखरखाव और फाउंटेन को लेकर क्षेत्रीय विधायक को आपत्ति थी। दोनों ही ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा चुका है।

**दोषी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई :-** नगर निगम हेरिटेज कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि गार्डन के रखरखाव को लेकर जो भी अधिकारी या ठेकेदार जिम्मेदार है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी जबकि ठेकेदार से पेनल्टी वसूली जाएगी।

# सस्ते कपड़े खरीदने के नाम पर साइबर ठगी, युवती से ठगे 6 लाख रुपए

**जयपुर।** देशभर में 12 से ज्यादा साइबर ठगी करने वाले दो ठगों को जयपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों ठग पिछले 9 महीने से एक युवती के साथ साइबर ठगी कर 6 लाख रुपए ले चुके थे। मामला शहर के विद्याधर नगर थाना पुलिस का है। दोनों से पूछताछ में सामने आया कि इंस्टाग्राम और यूट्यूब से ठगी का तरीका सिखा था। पुलिस ने सौरभ कासोटिया (22) और नेमीचंद (25) को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इनके खिलाफ देशभर में 12 से ज्यादा मामले दर्ज है। ये आरोपी फर्जी सिम से ठगी कर उसे तोड़ दिया करते थे। दोनों ने ठगी के लिए इंस्टाग्राम पर जेजे कलेक्शन और कुर्ती हब के नाम से पेज बना रखा था। जहां कम रुपए में अच्छा मेटेरियल देने का लालच देकर ये पूरा स्कैम करते थे। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि 24 मार्च को दया शंकर गुप्ता ने विद्याधर नगर थाने में उनकी बेटी के साथ हुए साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि 1 जुलाई 2024 को उनकी बेटी ने इंस्टाग्राम के एक पेज से 700 रुपए का कुर्ता ऑर्डर किया था। इसके बाद धोखाधड़ी करने वाले बदमाशों ने जीएसटी चार्ज के नाम 1700 रुपए की मांग की। इसके बाद इन्होंने जुर्माना, कानूनी नोटिस और झूठे आरोप लगाकर धमकाना शुरू किया। झूठा दावा किया गया कि इन सब की वजह से उनके बेटे की मौत हो गई है। इसके बाद वह पुलिस कार्रवाई के नाम रुपए लेते रहे।

# ट्रम्प ने वोटिंग नियम बदले, अब नागरिकता का सबूत जरूरी

## पासपोर्ट दिखाना होगा, कहा भारत में बायोमीट्रिक इस्तेमाल हो रहा, हम पुराने तरीके पर अटके

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को चुनावी प्रकिया में बदलाव से जुड़े एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। इसके तहत अमेरिकी नागरिकों को वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नागरिकता का प्रमाण देना होगा। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक इसका मकसद वोटर लिस्ट में अवैध रूप से शामिल अप्रवासियों पर नकेल कसना है। अभी अमेरिका के कई राज्यों में वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए पासपोर्ट या बर्थ सर्टिफिकेट दिखाने की जरूरत नहीं पड़ती है। ट्रम्प ने 2020 के चुनाव में अपनी हार के पीछे फर्जी मतदान को वजह बताया था। हालांकि, ट्रम्प के इस आदेश को राज्यों ने कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर ली है। आदेश में ट्रम्प ने कहा कि भारत और ब्राजील के मतदाता किसी भी व्यक्ति की पहचान को बायोमीट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि अमेरिका में नागरिक इसके लिए काफी हद तक सेल्फ अटेस्ट करने पर निर्भर हैं।

अमेरिका में वोटिंग को लेकर कोई एक जैसे नियम नहीं है। हर राज्य के अपने अलग कानून हैं। टेक्सास, जॉर्जिया और इंडियाना जैसे राज्यों में वोटिंग की प्रक्रिया बेहद सख्त है। यहां पर वोट डालने के लिए फोटो आईडी (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट) दिखाना जरूरी है। वहीं, कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और इलिनॉय जैसे राज्यों में वोटिंग को लेकर उतने सख्त नहीं हैं। इन राज्यों में नाम और पता बताकर या फिर कोई दस्तावेज जैसे कि बिजली का बिल दिखाकर वोटिंग की जा सकती है। इसके अलावा मिशिगन जैसे राज्यों में वोट डालने के दौरान फोटो आईडी मांगी जाती है। अगर किसी के पास यह नहीं है तो वह एक हलफनामा साइन कर वोट कर सकता है।एग्जीक्यूटिव ऑर्डर वह आदेश होते हैं जो राष्ट्रपति द्वारा एकतरफा जारी किए जाते हैं। ये आदेश कानून की शक्ति रखते हैं। इन्हें कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। कांग्रेस इन्हें पलट नहीं सकती। हालांकि, इन्हें अदालत में चुनौती दी जा सकती। ट्रम्प के चुनावी वादों को पूरा करने के मकसद से इन एग्जीक्यूटिव ऑर्डर को तैयार किया गया।

# उदयपुर सिटी पैलेस में 300 साल बाद राजपुरोहितों ने कदम रखा

**उदयपुर।** मेवाड़ और मारवाड़ के रिश्तों के बीच बुधवार को उदयपुर में एक सुखद पल देखने को मिला। करीब 300 साल बाद मारवाड़ के पांच गांवों के राजपुरोहितों ने उदयपुर के सिटी पैलेस में कदम रखा। ये पांच गांव पाली के देसूरी के पास के स्थित घेनड़ी, पिलोवणी, वणदार, रूंगड़ी और शिवतलाव है। जो उदयपुर के सिटी पैलेस में मेवाड़ की आखिरी सीमा के पास बसे हुए हैं। पांचों गांव से करीब सवा सौ बुजुर्ग राजपुरोहित परिवार के सदस्य उदयपुर आए। सिटी पैलेस में लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने उनका स्वागत किया। पैलेस से बरसों बाद उनको आमंत्रण मिला था। गांव में खुशी थी कि रुकी परंपरा अब वापस कायम हो जाएगी। अपने पूर्वजों की परंपरा को पुनर्जीवित होते देख गांव से आए सदस्य खुश थे।

वणदार गांव के एक राजपुरोहित दारा सिंह ने बताया महाराणा प्रताप के साथ हल्दीघाटी का युद्ध लड़ते हुए नारायण दास राजपुरोहित वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी वीरता और बलिदान के सम्मान में महाराणा ने उनके वंशजों को घेनड़ी, पिलोवणी, वणदार, रूंगड़ी और शिवतलाव गांव जागीर में दिए थे। वे कहते है कि हम राजपरिवार के सेनापति थे। हमने सेवाएं दी थी। इसके बाद सदियों से उदयपुर सिटी पैलेस से इनके गहरे संबंध रहे हैं। पूर्व में इन गांवों की बहन-बेटियां हर साल सिटी पैलेस में राखी भेजती थी। इसके बदले में राजमहल से उनके लिए चूंदड़ (परंपरागत चुनरी) भेजी जाती थी।

## तिहाड़ जेल को शिफ्ट करने की तैयारी

# दिल्ली सरकार ने सर्वे के लिए 10 करोड़ बजट रखा

## क्षमता 10 हजार कैदी की, 19 हजार से अधिक मौजूद

**नईदिल्ली।** बीजेपी की दिल्ली सरकार तिहाड़ जेल को शहर से बाहर शिफ्ट करने की प्लानिंग में है। 25 मार्च को सीएम रेखा गुप्ता ने 2025-26 के लिए दिल्ली के लिए 1 लाख करोड़ का बजट पेश किया था, इसमें तिहाड़ को शिफ्ट करने की बात कही। उन्होंने कहा मौजूदा तिहाड़ कैंपस में कैदियों की भीड़ कम करने के लिए इसे शहर के बाहर शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। इससे कैदियों को भी फायदा मिलेगा। इसके सर्वे और एडवाइजरी के लिए 2025-26 के बजट में 10 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। तिहाड़ से जुड़े सूत्र के मुताबिक हमने बपरौला में भी जगह मांगी थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण हमें वह नहीं मिल पाई। हालांकि, हमने दिल्ली सरकार को कहीं और 100




एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के लिए लिखा है। तिहाड़ को दो मंजिला बढ़ाने का भी प्रस्ताव है।

सूत्र के मुताबिक इससे तिहाड़ की कैदी क्षमता 3 गुना हो जाएगी। साथ ही कैदियों के पांच-दस साल तक रहने के लिए पर्याप्त जगह होगी। सूत्र ने बताया कि जेल नंबर 1 से 9 को लगभग 5,000 कैदियों को रखने के लिए डिजाइन किया गया, लेकिन वर्तमान में इनमें 12 हजार से अधिक कैदी हैं।

जेल नंबर 10-16 को करीब 3700 कैदियों के लिए बनाया गया, लेकिन वर्तमान में इनमें 3900 से अधिक कैदी हैं। तिहाड़ में जेल नंबर 4 और मंडोली जेल में 12 को मुलैजा जेल के नाम से जाना जाता है, जिसका मतलब है पहली बार अपराध करने वाले। इन दोनों जेलों में हमारे पास बड़ी संख्या में कैदी हैं। सीएम रेखा ने दिल्ली जेल के अधीन एक सोसाइटी के गठन की भी घोषणा की। जो कैदियों के सुधार और पुनर्वास पर ध्यान देगी। कैदियों के जेल के अंदर ही अलग-अलग इंडस्ट्रीज में काम करने के लिए तैयार करेगी। दिल्ली सरकार के कार्यालय, मंत्रालय और विभाग भी तिहाड़, रोहिणी और मंडोली जेल परिसरों में निर्मित उत्पादों की खरीद में प्राथमिकता देंगे।

# जोधपुर में दर्दनाक हादसा, तीन की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** एक तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। एक्सीडेंट में डेढ़ साल की मासूम सहित दो लोग घायल हैं। कार सवार जोधपुर एम्स से बच्ची का इलाज करवा कर लौट रहे थे। एक्सीडेंट फलोदी के शेरगढ़ थाना इलाके में चाबा गांव के पास मंगलवार रात को हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक्सीडेंट में कार पूरी तरह से पिचक गई थी। घायलों को मुश्किल से बाहर निकाला गया।



## सरकारी टीचर और क्लर्क की मौत

■ शेरगढ़ थाने के एएसआई रघुनाथ सिंह चंपावत के अनुसार हादसे में भोजाकोर (जोधपुर) के ग्रेड सेकेंड टीचर गणेशराम (32) पुत्र रामूराम, ममता पत्नी गणेशराम की मौत हो गई। वहीं, सीनियर स्कूल के एलडीसी अजय कुमार (35) निवासी भादरा (हनुमानगढ़) ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। गणेश और ममता की डेढ़ साल की बेटी मनस्वी शेरगढ़ हॉस्पीटल में भर्ती है। वहीं, गणेशराम के दोस्त और स्कूल लेक्चरर गिरधारीराम (30) निवासी बरजासर (बीकानेर) गंभीर घायल हैं। उन्हें शेरगढ़ से जोधपुर रेफर किया गया है।

## फरार डंपर ड्राइवर

■ हादसे के बाद डंपर का ड्राइवर मौके से भाग निकला। वहीं, घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और किसी तरह पुलिस ने लोगों की मदद से कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। इनमें बच्चे को मामूली चोट लगी है। वहीं, गंभीर घायल गिरधारीराम को जोधपुर रेफर किया गया। गणेशाराम की दिसंबर 2023 में ही नौकरी लगी थी अभी वे प्रोबेशन पर ही थे।

## इलाज के कारण जोधपुर गए थे

■ चंपावत के अनुसार, सभी लोग गणेशराम और ममता की बेटी मनस्वी का इलाज कराने के लिए जोधपुर गए थे। शाम को सात बजे वे जोधपुर से राजमथाई (जैसलमेर) के लिए रवाना हुए थे। रात करीब 10 बजे चाबा गांव के नजदीक सामने से आ रहे डंपर ने कार को कुचल दिया। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों टीचर और क्लर्क जैसलमेर के राजमथाई में अलग-अलग जगह पोस्टेड थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी डंपर की तलाश की जा रही है। जिस कार का एक्सीडेंट हुआ है वो सरकारी क्लर्क अजय की कार थी। वो ही ड्राइव भी कर रहे थे।

# कंटीले तारों में फंसे कोबरा सांप की बचाई जान

**जैसलमेर।** जैसलमेर के बडोड़ा गांव में बीती रात एक जहरीला कोबरा सांप कंटीली तारों में फंस गया। गांव के एक खेत में जब किसानों ने कोबरा सांप को फंसे हुए देखा तो जैसलमेर शहर से स्नेक कैचर प्रेम चौधरी को बुलाया। मौके पर पहुंचे प्रेम ने 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद पांच फीट लंबे कोबरा सांप को कंटीले तारों से रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कोबरा सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्रेम ने उसे जंगल में छोड़ दिया। सांप को जंगल में छोड़ने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

स्नेक कैचर प्रेम चौधरी ने बताया- कोबरा सांप करीब पांच फीट से भी ज्यादा लंबा था। बडोड़ा गांव स्थित एक खेत में तारबंदी के लिए कंटीले तार रखे हुए थे। सांप उन तारों के नीचे फंस गया था। खेत पर कोबरा सांप होने से किसान काफी डरे हुए थे। हमने तारों के बीच फंसे सांप को बचाने का प्रयास किया।

# मां से दो साल का बेटा छीना, फंदे पर लटकी

## ▶▶ ससुराल वाले दहेज के लिए करते थे परेशान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में विवाहिता ने अपने ससुराल में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। विवाहिता ससुराल वालों की प्रताड़ना और घरेलू कलह से परेशान थी। उसके दो साल के बेटे को भी सास-ससुर ने अपने बड़े बेटे और बहू को दे दिया था। दहेज के लिए भी परेशान करते थे। इसके बाद विवाहिता फंदे पर लटक गई। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया और शव उठाने से मना कर दिया। एमजीएच मॉर्च्युरी पर बुधवार को प्रदर्शन किया। पुलिस ने समझाइश की और मृतका के पति और ससुर को हिरासत में लिया है। इसके बाद पोस्टमॉर्टम कराने को राजी हुए। घटना माता का थान थाना क्षेत्र की है। माता का थान एसएचओ भंवर सिंह जाखड़ ने बताया- बनाड़ के नांदड़ा खुर्द में करणी विहार कॉलोनी निवासी हनुमान प्रसाद गौड़ पुत्र बाबूलाल ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया- उनकी बहन ममता की शादी साल 2021 में माता का थान के पास मदेरणा कॉलोनी में रहने वाले वासुदेव गौड़ के साथ हुई थी। शादी के बाद ममता को एक बेटा हुआ। वहीं ससुर सुरेश, सास लक्ष्मी, जेठ विमल और जेठानी पुष्पा उसे प्रताड़ित कर रहे थे।



## ▶▶ पति ने धमकाया

■ ससुराल वाले रविवार (23 मार्च) को ममता के दो साल के बेटे को चुराकर बनाड़ में रहने वाले उसके जेठ विमल के यहां देकर आ गए। ममता ने इसकी शिकायत अपने पति वासुदेव से की। पति ने ममता को ही धमकाया। इससे वह इतनी आहत हो गई कि 24-25 मार्च की रात करीब तीन बजे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। ससुराल वालों ने अगले दिन सुबह 8:30 बजे ममता के चचेरे भाई अभिषेक को फोन किया। कहा कि- तुम्हारी बहन रात तीन बजे से दरवाजा नहीं खोल रही है। अभिषेक ममता के ससुराल पहुंचा। अनहोनी का शक होने पर उसने हमें फोन किया। इसके बाद चाचा के साथ हम ममता के ससुराल पहुंचे। वहां पहुंचने पर ससुराल वालों ने हमारे साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को हॉस्पीटल लेकर गई।

# जैसलमेर में 26 कि.मी. की रफ्तार से चली तेज हवा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

## ▶▶ तापमान में दो डिग्री की गिरावट



**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से मंगलवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। दिनभर बादलों की आवाजाही रही। साथ ही 26 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चली। जिससे पारे में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 16 डिग्री का अंतर रहा। पिछले चार दिनों से पारा 38 से 40 डिग्री के बीच रहा है। ऐसे में चार दिनों से गर्मी का असर तेज है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक ओर तेज हवा चलने की संभावना जताई है। जिससे तापमान में और गिरावट होने के साथ गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने जिले में आगामी चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। गौरतलब है कि जैसलमेर जिले में सोमवार को पारा 40 डिग्री पर पहुंच गया था। जिससे गर्मी के तेवर तीखे हो गए थे। हालांकि मंगलवार को पारे में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। लेकिन तापमान 38 डिग्री पर होने से गर्मी का असर तेज ही रहा।

# 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की शिव पुलिस ने ऑपरेशनल भौकाल के तहत कार्रवाई करते हुए तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर आरोपी 25 हजार रुपए का इनामी है। इसके खिलाफ गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान के अलग-अलग थानों में कुल 12 मामले दर्ज है। उप अधीक्षक ऑफिस के टॉप-10 आरोपी शामिल है।



- मध्यप्रदेश-गुजरात और बाड़मेर में 12 मामले दर्ज
- दो थानों का वांटेड

## 25 हजार रुपए का इनामी

एसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया- पुलिस थाना शिव में दर्ज एनडीपीएस, रीको थाने में एससी-एसटी व राजकार्य बाधा और शिव थाने में गंभीर मारपीट मामलों में वांटेड चल रहे आरोपी मुन्ना उर्फ सरूपाराम पुत्र रणछाराम निवासी काश्मीर पुलिस थाना शिव करीब एक साल से फरार चल रहा था। पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद भी पकड़ में नहीं आने पर इस पर 25 हजार रुपए का इनामी घोषित किया। आरोपी उप अधीक्षक ऑफिस के टॉप-10 आरोपियों में शामिल किया गया।

# युवक पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर के बबर मगरा इलाके में एक युवक के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक ने छगनलाल नामक ड्राइवर पर रविवार को अपने भाइयों के साथ मिलकर हमला किया था, जिससे उसको गंभीर चोटें आई थी। पीड़ित युवक छगनलाल जवाहिर हॉस्पीटल में भर्ती है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने छगन लाल के भाई रमेश कुमार की रिपोर्ट पर आरोपी हयात खान को गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य हमलावरों की तलाश कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रेमदान रतनू ने बताया- 23 मार्च को रमेश कुमार ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसका भाई छगनलाल, माता धापू देवी, पत्नी गीता देवी व निजाम खान उर्फ राहू बैठे थे। उस दौरान हयात खान, शकूर खान व अमीर खान ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए घर में घुसकर मारपीट की। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाल प्रेमदान के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार, कॉन्स्टेबल धारासिंह व मोहनलाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी हयात खान निवासी बबर मगरा को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जैसलमेर के बबर मगरा इलाके में रविवार रात एक युवक पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले की घटना CCTV में कैद हो गई।



# जोधपुर में पुलिस की जनसहभागिता बैठक

**जोधपुर।** मथानिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेवरा रोड में बुधवार को जन सहभागिता बैठक हुई। बैठक में पुलिस उपायुक्त नाजिम अली ने साइबर क्राइम पर विशेष जोर दिया। डीसीपी ने बताया कि साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रही है। थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर चिंता जताई। उन्होंने अभिभावकों से युवाओं पर विशेष नजर रखने की अपील की। सहायक थाना अधिकारी मीठालाल ने अवैध तस्करी रोकने में ग्रामीणों की भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में थाना अधिकारी जयकिशन सोनी, बीट अधिकारी राजीव भार्गव समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। महिला सखी गुड्डी, पप्पू देवी, लक्ष्मी और सामाजिक कार्यकर्ता पापा राम जाखड़, सतराम जाखड़, भंवर गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया।




# बाड़े के कबाड़ में लगी आग, कार जली

## ▶▶ दो-तीन बकरियों की भी जलने से मौत

**जोधपुर।** जोधपुर के बोम्बे मोटर्स चौराहा के पास गली में एक बाड़े में रखे कबाड़ में बुधवार दोपहर बाद आग लग गई। तेज हवा के चलते कुछ ही देर में आग की लपटों ने कुछ दूरी पर खड़ी कार को चपेट में ले लिया। आग की सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकलकर्मियों की टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। फायर ऑफिसर हेमराज शर्मा ने बताया- बोम्बे मोटर्स चौराहे के पास गली में आग लगने की सूचना 2:54 बजे मिली थी। इस पर फायरमैन चैनाराम, विकास चौधरी, प्रेम व सुभाष की टीम दमकल के साथ मौके पर पहुंची। यहां स्थिति को देखते हुए तीन और गाड़ियां भेजी गई।

# बाड़मेर रिफाइनरी में लेपर्ड का हमला



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**22 घंटे से अंदर, दो कार्मिकों को मारा पंजा**

**बाड़मेर।** बालोतरा में हिंदुस्तान पेट्रोलियम की रिफाइनरी में 22 घंटे से लेपर्ड ने आतंक मचाया हुआ है। लेपर्ड अटैक में रिफाइनरी के दो कर्मचारी भी घायल हुए हैं। जोधपुर से बुलाई गई रेस्क्यू टीम भी उसे पकड़ नहीं सकी है। मंगलवार शाम करीब चार बजे रिफाइनरी कैंपस में घुसा लेपर्ड बुधवार सुबह कुछ मिनट के लिए बाहर आया, लेकिन फिर अंदर कूद गया। पचपदरा की रिफाइनरी के बड़े हिस्से का काम पूरा हो चुका है। इसके जल्द शुरू होने की संभावना है। रिफाइनरी में लगे अलग-अलग सीसीटीवी कैमरे में लेपर्ड का मूवमेंट कैद हुआ है। हमले में घायल युवक रंजन कुमार ने बताया कि वो एक निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स में छुपकर बैठा था। उसने अचानक ही हमला कर दिया। हमले में उसके हाथ और पीठ पर चोट लगी है। वहीं एक अन्य युवक की कमर पर उसने वार किया है। दोनों की चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे बाकी कर्मचारियों ने उन्हें बचाया। लेपर्ड की जानकारी के बाद पूरी रिफाइनरी में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

## ▶▶ 100 से ज्यादा लोगों की टीम रेस्क्यू में लगी

रिफाइनरी में लेपर्ड बार-बार जगह बदल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि रिफाइनरी में कर्मचारी होने की वजह से भी वह ऐसा कर रहा है। लेपर्ड के रेस्क्यू के लिए जोधपुर, बाड़मेर और बालोतरा की टीमें लगी हुई हैं। वन विभाग के 40 कर्मचारी, प्रशासन और रिफाइनरी के सिक्योरिटी स्टाफ के 100 से ज्यादा लोगों का ग्रुप रेस्क्यू में लगा हुआ है। इलाका खुला और बड़ा होने के कारण लेपर्ड को भी छिपने की जगह मिल रही है।

# व्यापार जगत

# साउथ सूडान की अर्थव्यवस्था को लगे पंख

## ▶▶ पांच देश हैं हमसे आगे, नाम जान चौंक जाएंगे

**नई दिल्ली।** दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेजी से बढ़ रही इकॉनमी है। इसमें दुनिया के ऐसे 19 देश शामिल हैं जिनकी इकॉनमी का साइज एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक इस साल भारत की इकॉनमी की रफ्तार 6.5% रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत की इकॉनमी का साइज 4.3 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही इकॉनमी कौन है? यह ऐसा देश है जो हाल में वजूद में आया है और भारत की इकॉनमी इससे 804 गुना बड़ी है। आईएमएफ के मुताबिक इस साल साउथ सूडान की इकॉनमी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ेगी। 2025 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 27.2% रहने का अनुमान है।



इसके साथ ही इसकी इकॉनमी का साइज 5.3 अरब डॉलर हो जाएगा। जुलाई 2011 में वजूद में आए पूर्वी अफ्रीका के इस देश की आबादी 1.15 करोड़ है और एरिया 644,329 वर्ग किमी है। इस लिस्ट में दूसरा नाम गुयाना का है। इस कैरेबियाई देश का जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 14.4 फीसदी रहने की उम्मीद है। इसके बाद लीबिया (13.7%), सेनेगल (9.3%) और पलाउ (8.5%) का नंबर है। यानी इस साल इन सब देशों का ग्रोथ रेट भारत से ज्यादा रहेगा।

## बड़े देशों का हाल

जहां तक बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की बात है तो भारत के बाद इंडोनेशिया की इकॉनमी के इस साल सबसे तेजी से बढ़ने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े इस्लामी देश की इकॉनमी इस साल 5.1 फीसदी की रफ्तार से बढ़कर 1.5 ट्रिलियन डॉलर पहुंच जाएगी। सऊदी अरब की इकॉनमी 4.6 फीसदी की तेजी के साथ 1.1 ट्रिलियन डॉलर, चीन की 4.5 फीसदी के साथ 19.5 ट्रिलियन डॉलर और तुर्की की इकॉनमी 2.7 फीसदी की तेजी के साथ 1.7 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है।

# टैरिफ की टेंशन से बिगड़ा शेयर बाजार का मूड

## ▶▶ निवेशकों के 3.55 लाख करोड़ स्वाहा



**मुंबई।** बीते सात दिनों की जोरदार तेजी के बाद शेयर बाजार एक बार फिर बिकवाली मोड में आ गया है। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार मच गया और निवेशक शेयर बेचकर निकलने लगे। बीएसई सेंसेक्स 729 अंक या 0.93% गिरकर 77,288 पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 182 अंक या 0.77% गिरकर 23,486 पर बंद हुआ। 3.55 लाख करोड़ रुपए डूबे इस बिकवाली की वजह से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.55 लाख करोड़ रुपए घटकर 411.39 लाख करोड़ रुपए रह गया। मतलब ये कि निवेशकों को तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ। बता दें कि शेयर बाजार में यह गिरावट सात कारोबारी दिन की तेजी के बाद आई है। इन सात दिनों में सेंसेक्स 4,189 अंक और निफ्टी 1,271 अंक चढ़े थे। बहरहाल, आइए जान लेते हैं कि वो कौन से फैक्टर हैं जिस वजह से शेयर बाजार में भूचाल आ गया। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने संभावित टैरिफ बढ़ोतरी को लेकर निवेशक सतर्क हैं। कई मीडिया रिपोर्ट बताती है कि सभी प्रस्तावित टैरिफ दो अप्रैल की समयसीमा तक प्रभावी नहीं होंगे। इस पर स्पष्टता की कमी ने वैश्विक बाजार में अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। ट्रेड टेंशन में कोई भी टैरिफ बढ़ोतरी भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकती है। खासतौर से आईटी और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में इसका बड़ा असर दिख सकता है। पिछले सात कारोबारी दिन से शेयर बाजार रॉकेट की तरह बढ़ रहा था। इस दौरान निफ्टी और सेंसेक्स में करीब 5.7% की तेजी आई है। इस माहौल का फायदा उठाते हुए निवेशक मुनाफावसूली पर जोर दे रहे हैं। इस वजह से बाजार में गिरावट आई है। कुछ ही दिनों में वैल्यूएशन में तेज उछाल ने ट्रेडर्स को सतर्क कर दिया है। यही वजह है कि हैवीवेट शेयरों में बिकवाली बढ़ गई है। बाजार में गिरावट की एक बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतें हैं। दरअसल, बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और तीन सप्ताह के हाई पर पहुंच गया। अमेरिका ने वेनेजुएला और ईरान के तेल निर्यात पर प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं। अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में उम्मीद से अधिक गिरावट ने भी कीमतों को बढ़ाया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भारत के आयात बिल को बढ़ा सकती हैं, जिससे मुद्रास्फीति और कॉर्पोरेट मार्जिन प्रभावित हो सकते हैं।

# आप का राशिफल 27 मार्च

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्गजनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

# हरियाणा में बनेगा मारुति का नया प्लांट

## ▶▶ उत्पादन बढ़ने से घटेगा कारों का वेटिंग पीरियड

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने हरियाणा के खरखौदा में तीसरे प्लांट को मंजूरी दे दी है, जिससे सालाना 2.5 लाख अतिरिक्त गाड़ियां बनाई जा सकेंगी। इस विस्तार से कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 2029 तक 7.5 लाख यूनिट प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगी। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। मारुति सुजुकी ने इस नए प्लांट के लिए 7,410 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी दी है। यह निवेश कंपनी के बढ़ते उत्पादन और ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने की रणनीति का हिस्सा है। मारुति सुजुकी ने 2024 में पहली बार एक कैलेंडर इयर में 20 लाख गाड़ियों का उत्पादन कर नया इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि केवल भारत में ही नहीं, बल्कि सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की किसी भी वैश्विक उत्पादन यूनिट के लिए एक बड़ी सफलता है। 2024 में निर्मित 20 लाख गाड़ियों में से लगभग 60% हरियाणा के प्लांट्स में बनीं, जबकि 40% उत्पादन गुजरात में हुआ। खास बात यह रही कि 20 लाखवीं कार अर्टिगा थी, जो हरियाणा के मानेसर प्लांट से निकली थी।



# यूपीआई ट्रांजैक्शन, एटीएम चार्ज के बदलेंगे नियम

## ▶▶ जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**नई दिल्ली।** एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो रहा है। इसके साथ ही तमाम क्षेत्रों में कई नए नियम लागू होंगे। इन नियमों का असर सीधे ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। इन नियमों के चलते आपको कई बदलाव महसूस होंगे। ये बदलाव एटीएम से पैसे निकालने, यूपीआई ट्रांजैक्शन, बचत खाते और क्रेडिट कार्ड से जुड़े हैं। बैंकों को धोखाधड़ी रोकने, तकनीकी विकास का फायदा उठाने और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव करना होगा। आइए, यहां उनके बारे में जानते हैं। एटीएम से पैसे निकालने के नियमों में बदलाव किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंकों ने एटीएम से मुफ्त निकासी की सीमा को कम कर दिया है। अब ग्राहकों को दूसरे बैंकों के एटीएम से महीने में सिर्फ तीन बार ही मुफ्त में पैसे निकालने की अनुमति होगी। इसके बाद, हर ट्रांजैक्शन पर 20 से 25 रुपए का शुल्क लगेगा। इसका मतलब है कि अगर आप महीने में तीन से ज्यादा बार दूसरे बैंक के एटीएम से पैसे निकालते हैं तो आपको हर बार शुल्क देना होगा। यूपीआई ट्रांजैक्शन के नियमों में भी बदलाव किया गया है। एक अप्रैल से, जिन मोबाइल नंबरों से जुड़े यूपीआई खाते लंबे समय से इस्तेमाल नहीं किए गए हैं, उन्हें बैंक रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। अगर आपका फोन नंबर यूपीआई ऐप से जुड़ा है और आपने लंबे समय से इसका इस्तेमाल नहीं किया है तो बैंक इसे अपने रिकॉर्ड से हटा देगा और आपके खाते के लिए यूपीआई सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। इसलिए, अगर आप यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं तो आपको अपने खाते को एक्टिव रखना होगा।




# डिफेंस कंपनी को मिला 4362 करोड़ का ऑर्डर

**मुंबई।** मिनिरत्न डिफेंस पीएसयू भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के शेयरों में बुधवार के कारोबारी सेशन में 4% तक की उछाल आई है। शेयर ने 1,357.70 का इंट्राडे हाई टच कर लिया। शेयर की कीमत में यह उछाल तब आया जब सरकारी कंपनी ने घोषणा की कि उसे रक्षा मंत्रालय से भारतीय सशस्त्र बलों को हथियारों की सप्लाई के लिए 4,362.23 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। भारत डायनेमिक्स के शेयरों ने मार्च 2018 में 428 प्रति शेयर के आईपीओ प्राइस पर शेयर बाजार में अपनी शुरुआत की थी। बुधवार को भारत डायनेमिक्स के शेयरों में अपने आईपीओ प्राइस से तीन गुना से अधिक बढ़ गए। भारत डायनेमिक्स अब मार्केट कैप 50,000 करोड़ के करीब है। हाल ही में रक्षा स्टॉक अधिक ऑर्डर की उम्मीदों के कारण चर्चा में रहे हैं। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 54,000 करोड़ से अधिक मूल्य के आठ रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी दी है। चार्ट पर, भारत डायनेमिक्स लगभग ओवरबॉट क्षेत्रों में है क्योंकि इसका रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (आरएसआई) 67.6 पर है। 70 से ऊपर का आरएसआई रीडिंग दर्शाता है कि स्टॉक ओवरबॉट है।

# फिर होगी रनों की बारिश!

## हैदराबाद में एसआरएच से भिड़ेगी लखनऊ



**नई दिल्ली। जैसे-जैसे आईपीएल 2025 का कारवां आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही टूर्नामेंट का रोमांच भी बढ़ रहा है। 27 मार्च को आईपीएल का सातवां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेला जाएगा। हैदराबाद ने अपना पहला मुकाबला जीत लिया है तो वहीं लखनऊ की शुरुआत टूर्नामेंट में हार के साथ हुई है। लखनऊ सुपर जायंट्स और एसआरएच के बीच ये मैच, शाम 7.30 बजे हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। तो चलिए मैच से पहले जानते हैं लखनऊ सुपर जायंट्स और एसआरएच में से कौन किस पर भारी पड़ सकता है, दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 और पिच रिपोर्ट के साथ-साथ मौसम का हाल भी।**

### हेड टू हेड रिकॉर्ड



पहले जान लेते है कि लखनऊ सुपर जायंट्स और एसआरएच के बीच कितनी बार भिड़ंत हुई और कौन कितनी बार बाजी मार चुका है। दोनों टीमों के हेड टू हेड आंकड़े की बात की जाए तो लखनऊ टीम काफी आगे नजर आती है। लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच आईपीएल में अब तक 4 मुकाबले हुए हैं, जिनमें एसआरएच ने 1 और एलएसजी ने 3 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो लखनऊ का 185 और हैदराबाद का 182 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं इन मुकाबलों में एसआरएच का लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सबसे कम स्कोर 121 रन है।

### पिच रिपोर्ट

ये तो रहा टीम और प्लेइंग 11 का लेखा-जोखा अब आते हैं, पिच रिपोर्ट पर, तो ये हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। पिछले ही मुकाबले में इस पिच पर जमकर रन बरसे। यहां राजस्थान के खिलाफ इस सीजन के अपने पहले मैच में हैदराबाद ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था। वहीं राजस्थान ने भी 240 का आंकड़ा छूआ था। आईपीएल के इतिहास में राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर अब तक कुल 78 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 35 तो दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 42 मुकाबले जीते हैं। वहीं एक मुकाबले का कोई नतीजा नहीं निकला है। पहली पारी का औसत स्कोर इस पिच पर 162 रन है। हालांकि, जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिन गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआती ओवरों में कुछ स्विंग मिल सकती है, लेकिन कुल मिलाकर यह पिच बल्लेबाजों के लिए फायदेमंद रहती है।

### हैदराबाद की संभावित प्लेइंग 11

एसआरएच की संभावित प्लेइंग 11 में ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिंस (कप्तान), सिमरजीत सिंह, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी। इम्पैक्ट प्लेयर – एडम जाम्पा।

पिछले मैच में जमकर रन बरसाने वाले ट्रैविस हेड निश्चित तौर पर एक बार फिर बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे, जिसमें भारतीय स्टार अभिषेक शर्मा उनका साथ देने आएंगे। वहीं नंबर तीन पर ईशान किशन आएंगे वहीं नीतीश कुमार रेड्डी चौथे और हेनरिक क्लासेन पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं।

### एलएसजी की संभावित प्लेइंग 11

लखनऊ के प्लेइंग इलेवन में – एडेन मार्कराम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), डेविड मिलर, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई। इम्पैक्ट प्लेयर – मणिमरण सिद्धार्थ।

पिछले मुकाबले की तरह इस मैच में भी एडेन मार्कराम और मिचेल मार्श ओपनिंग के लिए आ सकते हैं। वहीं तीन नंबर पर निकोलस पूरन बल्लेबाजी के लिए आएंगे। ऋषभ पंत और डेविड मिलर चौथे और पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने आ सकते हैं।

# 3 करोड़ लौटाएंगे गंभीर?



नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया को चैंपियन बनाने के बाद बीसीसीआई ने पूरी टीम को 58 करोड़ रुपये इनाम देने का ऐलान किया। गौतम गंभीर को भी 3 करोड़ रुपये देने का ऐलान हुआ। अब इस राशि पर पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने एक बड़ा दिलचस्प सवाल पूछा है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को 58 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। उन्होंने गंभीर पर सवाल उठाते हुए एक लेख में पूछा कि क्या नए कोच गौतम गंभीर भी पिछले हेड कोच राहुल द्रविड़ की तरह सपोर्ट स्टाफ से ज्यादा बोनस लेने से इनकार करेंगे?

### द्रविड़ ने 25 करोड़ लेने से किया था मना

पिछले साल जून में, भारतीय टीम ने T20 विश्व कप 2024 जीता था, जिसके बाद बीसीसीआई ने कोच और खिलाड़ियों को भारी इनाम राशि दी थी। द्रविड़ को दूसरे कोचिंग स्टाफ से ज्यादा पैसा मिल रहा था, लेकिन उन्होंने इसे लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि वो बाकी स्टाफ के बराबर ही पैसा लेंगे। द्रविड़ के इस फैसले ने सभी का दिल जीत लिया था। गावस्कर ने लेख में लिखा- 'T20 विश्व कप जीतने के बाद, द्रविड़ ने साबित किया कि वो सच्चे टीम मैन हैं। उन्होंने कोचिंग स्टाफ के बीच इनाम की राशि को बराबर बांटकर एक बेहतरीन मिसाल पेश की।'

### क्या गंभीर भी द्रविड़ के नक्नशे कदम पर चलेंगे गंभीर?

▪ अब सवाल ये है कि क्या गौतम गंभीर भी द्रविड़ के कदमों पर चलेंगे? गावस्कर ने कहा – 'बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी का इनाम घोषित किए दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन गंभीर ने अभी तक ये नहीं बताया कि क्या वो द्रविड़ की तरह सपोर्ट स्टाफ के साथ इनाम बांटेंगे। क्या इस मामले में द्रविड़ उनके लिए रोल मॉडल नहीं हैं?' फिलहाल, गंभीर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। क्या वो टीम यूनिटी का संदेश देंगे या फिर अलग रास्ता चुनेंगे? ये देखना दिलचस्प होगा। गंभीर इस वक्त अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने फ्रांस गए हुए हैं।

## पाकिस्तानी खिलाड़ी का नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** एक और मैच, एक और इनिंग और एक और बार जीरो पर आउट। ये कहानी है बाबर आजम की जगह T20 टीम का हिस्सा बनकर न्यूजीलैंड के दौरे पर गए ओपनर हसन नवाज की, जो कीवी टीम के खिलाफ खेली 5 मैचों की T20 सीरीज में तीसरी बार जीरो पर आउट हुए है। जो एक नया रिकार्ड है। हसन नवाज ने इस सीरीज से अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की है। मगर अपने इंटरनेशनल करियर की खेली पहली 5 पारियों में 3 बार जीरो पर आउट होकर उन्होंने नया पाकिस्तानी रिकॉर्ड बना दिया है। हसन नवाज T20 सीरीज में सबसे ज्यादा जीरो पर आउट होने वाले पाकिस्तानी ओपनर बन गए हैं।

## क्यों शतक से चूके श्रेयस?



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर 97 रन बनाकर नाबाद रहे। यानी वो 3 रन से अपने शतक से दूर रह गए। ऐसा नहीं था कि श्रेयस अय्यर के पास शतक पूरा करने का मौका नहीं था। उन्हें बस एक या दो गेंद खेलने की ही दरकार थी। लेकिन आखिरी ओवर में स्ट्राइक लेने वाले शशांक सिंह ने उन्हें वो मौका नहीं दिया। सवाल है क्यों? इस क्यों का जवाब मैच खत्म होने के बाद शशांक सिंह ने खुद दिया है, जिनके मुताबिक ये उनका नहीं कप्तान श्रेयस अय्यर का ही कॉल था। शशांक ने कहा कि वो इस बारे में बात करने ही वाले थे कि उससे पहले अय्यर ने मुझसे कहा कि मेरे शतक की चिंता नहीं करना। हर गेंद को मारो। अपना शॉट खेलो। शशांक ने कहा कि कप्तान से ऐसे शब्द सुनकर मुझे खुशी तो हुई लेकिन हैरानी भी हुई क्योंकि आईपीएल में शतक लगाना आसान नहीं होता।

### गुजरात को 11 रन से हराया

पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन बनाए। इसमें श्रेयस अय्यर के नाबाद 97 रन के अलावा शशांक सिंह के सिर्फ 16 गेंदों पर बनाए नाबाद 44 रन का बड़ा योगदान रहा। अब गुजरात टाइटंस के सामने 244 रन का लक्ष्य था। उसके जवाब में गुजराज टाटंस ने 232 रन ही बनाए।

## 14 साल बाद भारत आएंगे मेसी



अर्जेंटीना फुटबॉल टीम भारत में खेलेगी मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए अच्छी खबर आई है, दुनिया के सबसे मशहूर फुटबॉलरों में शुमार लियोनल मेसी अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के साथ भारत आएंगे। अर्जेंटीना टीम इसी साल में मैच खेलने आएगी। आपको बता दें कि मेसी इससे पहले 2011 में आखिरी बार भारत आए थे, अब 14 साल बाद फुटबॉल स्टार वापस भारत आ रहे हैं। भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एचएसबीसी इंडिया ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के साथ करार किया है। इस करार के अंतर्गत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम भारत में एक फ्रेंडली मैच खेलेगी। एचएसबीसी इंडिया ने एक बयान में कहा, "अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच के लिए भारत का दौरा करेगी। इस टीम में स्टार प्लेयर लियोनल मेसी भी शामिल होंगे।"करार के तहत अर्जेंटीना टीम भारत के केरल राज्य में इसी साल अक्टूबर में एक फ्रेंडली मैच खेलने आएगी। ये मैच केरल के कोच्चि में खेला जाएगा।

### हिंदी कमेंट्री पर फैन का सवाल

## भज्जी ने दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली।** आईपीएल में हरभजन सिंह के अलावा वीरेंद्र सहवाग, नवजोत सिंह सिद्धू, शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायुडू जैसे पूर्व क्रिकेटर हिंदी कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। अब एक फैन ने हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता पर चिंता जाहिर की। जिसके बाद हरभजन सिंह ने फैन को जवाब दिया। दरअसल, उस फैन ने कहा कि मनिंदर सिंह और अरूण लाल जैसे हिंदी कमेंटेटर्स की कमेंट्री में अच्छी जानकारी होती थी, लेकिन आजकल के हिंदी कमेंटेटर्स व्यंग्यात्मक लाइनों से आगे बढ़ नहीं पाते। लिहाजा, क्रिकेट फैन अपने आप को मैच के साथ कनेक्ट नहीं कर पाते। इसके बाद हरभजन सिंह ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस जानकारी के लिए आपका शुक्रिया, हम इस पर काम करेंगे।

# म नो रं ज न

## 400 करोड़ कमाएगी सिकंदर!


सलमान खान और रश्मिका मंदाना इन दिनों फिल्म सिकंदर को लेकर खबरों में बने हैं। फिल्म 30 मार्च को ईद के मौके पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म को एआर मुरुगादॉस ने डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है। फिल्म को लेकर बहुत हाइप है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करेगी इसे लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं। बॉलीवुड लाइफ से बातचीत में ट्रेड एनालिस्ट सुमित कडेल ने कहा, 'ये अब स्वीकार करना होगा कि सलमान खान अब पहले जैसे (2009 से 2017) प्राइम नहीं रह गए हैं। तो उनसे 400 से 500 करोड़ की उम्मीद करना रियलिस्टिक नहीं होगा। लेकिन अगर सिकंदर 250 से 300 करोड़ कमा लेती है तो ये फिल्म के लिए अच्छी खबर होगी।'रोहित जयसवाल ने कहा, 'अगर सिकंदर एंटरटेनिंग साबित होती है तो भी ये 270 से 300 करोड़ ही कमा पाएगी। लेकिन अगर फिल्म बहुत ही शानदार हुई तो ये 450 करोड़ से 500 करोड़ तक आसानी से पहुंच जाएगी।' फिल्म की कमाई को लेकर सलमान ने कहा था कि 'मेरी पिक्चर चाहे जैसी भी हो, मेरे फैंस 200 पार करवा ही देते हैं।'बता दें कि सिकंदर में सलमान खान के अलावा रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी, सत्यराज जैसे स्टार्स नजर आएंगे। फिल्म में खूब एक्शन दिखेगा। साथ ही रश्मिका और सलमान खान की लव स्टोरी नजर आएगी। फिल्म के ट्रेलर को फैंस ने बहुत पसंद किया था। ट्रेलर लॉन्च में सलमान ने रश्मिका संग 30 साल के एज गैप पर बात की थी। सलमान ने कहा था जब हीरोइन को दिक्कत नहीं है। उनके पापा को दिक्कत नहीं है तो आपको क्यों हो रही है।




## 'भूल चूक माफ' की रिलीज डेट बढ़ी

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' की टक्कर अब सनी देओल की जाट के साथ बड़े पर्दे पर नहीं होगी। पहले ये फिल्म 10 अप्रैल को जाट के साथ ही रिलीज होनी थी। लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज की तारीख आगे खिसका दी है। अब 'भूल चूक माफ' 9 मई को रिलीज होगी। आखिरकार वही हुआ जिसकी हर कोई उम्मीद कर रहा था। राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म 'भूल चूक माफ' की रिलीज की तारीख बदल दी गई है। पहले ये फिल्म 10 अप्रैल को सनी देओल की 'जाट' के साथ रिलीज होने वाली थी। मगर इतनी बड़ी फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' के मेकर्स ने पंगा लेना सही नहीं समझा और अपनी फिल्म की रिलीज डेट करीब एक महीने आगे खिसका दी है।मैडॉक ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, "अपनी हल्दी में ही अटक गए रंजन और तितली। क्या उनकी शादी का दिन आएगा कभी? पता चलेगा 9 मई को। भूल चूक माफ सभी सिनेमाघरों में।" राजकुमार राव की ये कॉमेडी फिल्म अब 9 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। काफी दिनों से चर्चा थी कि दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी 'भूल चूक माफ' अगर जाट से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेगी, तो इस छोटे बजट की फिल्म को नुकसान हो सकता है। हालांकि 'भूल चूक माफ' का जब टीजर आया था तो लोगों ने काफी पसंद किया था।

फिल्म का यूनीक कॉन्सेप्ट इसे एक्साइटेड बना रहा था। मगर बिग बजट फिल्म के आगे इसे दर्शकों के साथ साथ स्क्रीन के लिए भी जद्दोजेहद करना पड़ता। 'भूल चूक माफ' का डायरेक्शन करण शर्मा ने किया है। इस फिल्म को करण शर्मा ने लिखा भी है। फिल्म में राजकुमार राव और वामिका के अलावा सीमा पाहवा, जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, संजय मिश्रा, प्रगति मिश्रा और जय ठक्कर जैसे कलाकर नजर आएंगे।




## सीएम योगी दिखेंगे पर्दे पर



सम्राट सिनेमैटिक्स ने अपनी आगामी फिल्म, अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ ए योगी का पहला लुक जारी किया है। यह मोशन पोस्टर योगी आदित्यनाथ के प्रेरक परिवर्तन की एक झलक पेश करता है, जो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक मार्ग को आकार देने वाले फैसलों को दिखाता है। मूवी उनके जीवन के पहलुओं को समेटे हुए है। उनके शुरुआती साल, नाथपंथी योगी के रूप में संन्यास लेने का उनका निर्णय और उत्तर प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने वाले नेता के रूप में उनका विकास। सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले ऋतु मेंगी द्वारा निर्मित और रवींद्र गौतम (महारानी 2 फेम) द्वारा निर्देशित यह मूवी शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है। इसमें ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का एक रोमांचक मिश्रण देखने को मिलेगा। मूवी में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है, जबकि फिल्म में परेश रावल, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, ने भी दमदार अभिनय किया है। 2025 में दुनिया भर में भव्य रिलीज के लिए तैयार फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खीचेगी। फिल्म का संगीत मीट ब्रदर्स द्वारा दिया गया है, लेखन दिलीप बच्चन झा और प्रियंक दुबे ने किया है। सम्राट सिनेमैटिक्स की निर्माता रितु मेंगी ने कहा, "योगी आदित्यनाथ का जीवन चुनौतियों और परिवर्तन से भरा है। फिल्म उनके सफर को आकर्षक और नाटकीय तरीके से पेश करती है।



## आधा सच, आधा फसाना

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अपनी बेटी राहा कपूर के साथ मुंबई के बांद्रा स्थित बंगले में रहते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बंगले की कीमत लगभग 250 करोड़ रुपये है और रणबीर-आलिया अपना ये खूबसूरत आशियाना राहा कपूर के नाम करने वाले हैं। हालांकि यह आधा सच और आधा फंसाना है। खबरों के मुताबिक, इसका मतलब ये नहीं कि राहा कपूर इस बंगले की मालकिन हैं। जानकारी के मुताबिक राहा को ये घर रणबीर की तरफ से गिफ्ट में जरूर मिला है। लेकिन इस गिफ्ट में बंगले के वो फ्लोर शामिल हैं, जिनमें आलिया और रणबीर रहेंगे। इन दोनों के अलावा इस बंगले में रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर की भी हिस्सेदारी है। यानी 250 करोड़ का घर राहा के नाम पर करने की खबर भी पूरी तरह से सच नहीं है। दरअसल ऋषि कपूर अपनी पत्नी नीतू कपूर, बेटी रिद्धिमा कपूर और बेटे रणबीर कपूर के साथ सालों पहले बांद्रा के 'कृष्णा राज' बंगले में शिफ्ट हुए थे। राज कपूर ने ये घर अपने बेटे के नाम कर दिया था। ऋषि कपूर के निधन के बाद रणबीर कपूर और उनकी मां नीतू कपूर ने इस बंगले की जगह पर एक बहुमंजिला बिल्डिंग बनवाया है।

# जवाई बांध में रोमांचक की लेपर्ड सफारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जेसीआई पाली डायनामिक के सदस्यों ने हाल ही में जवाई बांध के पास स्थित आरामगाह रिसॉर्ट में एक यादगार टूर का आयोजन किया। जो प्रकृति के रोमांच और औद्योगिक ज्ञान के संगम का एक अनूठा अनुभव रहा। अध्यक्ष नरेंद्र गोलेच्छा के नेतृत्व में आयोजित इस टूर में सदस्यों ने न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया बल्कि स्थानीय उद्योग से भी परिचित हुए। टूर की शुरुआत जवाई बांध के मनोरम दृश्यों के साथ हुई, जहां सदस्यों ने बुलेट और जिप्सी जैसी गाड़ियों में रोमांचक यात्रा की। आरामगाह रिसॉर्ट पहुंचने पर सदस्यों का स्वागत किया गया और उन्होंने शानदार विला में आराम किया। रिसॉर्ट में सदस्यों ने स्विमिंग पूल में खूब मस्ती की और गेम जोन में विभिन्न खेलों का आनंद लिया। शाम को ओपन थिएटर में मूवी का प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। टूर का एक प्रमुख आकर्षण जवाई में आयोजित लेपर्ड सफारी रही। सदस्यों ने रोमांचक जंगल सफारी में भाग लिया और क्षेत्र के वन्यजीवों, खासकर तेंदुओं को उनके प्राकृतिक आवास में देखकर रोमांचित हो उठे।





### अविस्मरणीय अनुभव रहा

प्रकृति प्रेमियों के लिए यह अनुभव अविस्मरणीय रहा। अगले दिन, सदस्यों ने फालना में स्थित एक छतरी निर्माण की फैक्ट्री का दौरा किया। इस औद्योगिक अवलोकन का उद्देश्य सदस्यों को स्थानीय व्यापार और उत्पादन प्रक्रियाओं से अवगत कराना था। फैक्ट्री के दौरे के दौरान, सदस्यों ने छतरी बनाने की विभिन्न प्र' याओं को करीब से देखा और इस उद्योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस टूर के बारे में बात करते हुए, जेसीआई पाली डायनामिक के अध्यक्ष नरेंद्र गोलेच्छा ने कहा कि यह टूर हमारे सदस्यों के लिए एक बहुआयामी अनुभव था। हमने जवाई में प्रकृति का रोमांच महसूस किया और फालना में औद्योगिक जगत को समझा। आरामगाह रिसॉर्ट में बिताए पल अविस्मरणीय रहे।

### एक दूसरे से जुड़ने से नए अनुभव

इस तरह के आयोजन सदस्यों को एक-दूसरे से जुड़ने और नए अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। सदस्यों ने इस अनूठे टूर की सराहना करते हुए कहा कि इसने उन्हें मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान भी प्रदान किया। उन्होंने जेसीआई पाली डायनामिक के प्रयासों की सराहना की, जो नियमित रूप से ऐसे सार्थक और मनोरंजक कार्य' म आयोजित करते हैं। यह टूर जेसीआई पाली डायनामिक की सामाजिक और व्यावसायिक गतिविधियों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो सदस्यों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सफल टूर के बाद, जेसीआई पाली डायनामिक के सदस्य भविष्य में और भी ज्ञानवर्धक और रोमांचक गतिविधियों की उम्मीद कर रहे हैं। इस एडवेंचर ट्रिप में संस्थापक अध्यक्ष विनय बम्ब,पूर्व अध्यक्ष विशाल कोठारी, विकास बुबकिया, ललित जालान,कपिल देसरला, धीरज मूंदड़ा आदि सदस्य भी थे।



# सपा सांसद की टिप्पणी पर भड़के लोग, ज्ञापन सौंपा

**▶ महाराणा सांगा के गलत टिप्पणी करने कहा मामला**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से महाराणा सांगा को गद्दार कहने के विरोध में राजपूत समाज और सनातन धर्म के संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है। बुधवार को बाली प्रताप चौक पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकाला और कचहरी के बाहर सांसद का पुतला फूंका व बैठक को संबोधित करने के बाद संगठनों ने बाली एडीएम शेलेन्द्र सिंह चारण को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि संसद सत्र के दौरान एसपी सांसद ने मेवाड़ रियासत के महान शासक महाराणा सांगा के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी की। महाराणा सांगा भारत के इतिहास में एक महान राष्ट्रभक्त और वीर शासक थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों से युद्ध में लोहा लिया। संगठनों ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए एक महान देशभक्त शासक के खिलाफ इस तरह की स्तरहीन टिप्पणी की गई है। उन्होंने दोषी सांसद की सदस्यता समाप्त करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे पूरे भारत में विशाल आंदोलन करेंगे।



### ये रहे मौजूद

ज्ञापन देने वालों में राजपूत करणी सेना, विश्व हिंदू परिषद, व्यापार संघ फालना, मारवाड़ एकता परिषद, बजरंग दल, अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद, चौहान राजपूत महासभा और सनातन धर्म संगठन शामिल थे। जिसमे शैलेन्द्र सिंह श्रीसेला,श्री राजपूत करणी सेना जोधपुर संभाग अध्यक्ष मनमोहन सिंह बीसलपुर, रूपसिंह राजपुरोहित,प्रह्लाद सिंह, मूलाराम चौधरी, शक्ति सिंह श्रीसेला, अजयपाल सिंह जोधा, छैलसिंह बोया, हनवंत सिंह कोट, सुमेर सिंह, राकेश फौजदार, वि' म सिंह, रतनपुरी, साकलाराम, श्यामसिंह जोधा, मनमोहन सिंह देवड़ा, रतन सिंह पुनाड़िया, मूलसिंह, लखमाराम मेघवाल, भगवत सिंह चौहान, मनोहर सिंह शेखावत,कमलेश माली,मूलसिंह राजपुरोहित, अमित बिरावत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रभारी बोले बूथ व नगर स्तर पर संगठन को करना होगा मजबूत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सोमवार को शाम 4 बजे ढिबरी जाव रामदेव मंदिर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी की ओर से नियुक्त विधानसभा प्रभारी देवीसिंह सिसोदिया ने की। बैठक में बाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर बूथ और नगर स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। अब हमें नगरपालिका हो या पंचायत का चुनाव हमें कांग्रेस को जीताना होगा। तभी हम बूथ स्तर पर मजबूत होंगे। आयोजित बैठक में नगर कांग्रेस अध्यक्ष अकरम कुर-ैशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष इंदु चौधरी, पूर्व पार्षद जीवाराम पालीवाल, भंवर डांगी, जसाराम डांगी, अजयपाल सिंह जोधा, नारायण वर्मा,राजेन्द्र सिंह चौहान और रावत डांगी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के 2 लाख का भुगतान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक सेवाड़ी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के 2 लाख रुपए बीमा क्लेम का भुगतान किया है। शाखा प्रबंधक हितेशसिंह ने बताया कि सेवाड़ी निवासी राज कुमार का कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था, जिसपर राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक द्वारा मृतक राज कुमार की पत्नी भाग्यवती को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत राशि 2 लाख रुपए का चेक दिया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक हितेश सिंह, सहायक प्रबंधक अभिषेक वसीटा, कार्यालय सहायक निशा मीणा, कमल कुमार तथा सुरज वैष्णव मौजूद रहे।



# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को फ्लैगशिप योजनाओं की दी जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** देसूरी पंचायत समिति में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) और विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अतिरिक्त विकास अधिकारी ललित व्यास ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पेंशन और पालनहार योजना के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। सहायक विकास अधिकारी रमेशदास वैष्णव ने पट्टे और डिजीटल पट्टे संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। राजेंद्रसिंह राजपुरोहित ने जीपीडीपी के अंतर्गत सतत विकास के 17 लक्ष्यों को प्राप्त करने की रणनीति पर चर्चा की। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विकास कुमार गोयल ने जीपीडीपी प्लान को 9 थीम के आधार पर लागू करने की विस्तृत जानकारी दी। कार्य' म में मास्टर ट्रेनर्स ने ग्राम सभाओं को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के तरीके बताए। विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा ने समापन पर जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यशाला में सहायक लेखाधिकारी भगवानसिंह राठौड़, ट्रेनर भरत सिंह, जितराम और विभिन्न केंद्रों से लगभग 80 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## जिला विधक चेतना समिति की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला विधिक चेतना समिति की बैठक गुरूवार को सुबह 11:30 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला न्यायाधीश विक्रम सिंह भाटी की अध्यक्षता में मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले में आयोजित किए जा रहे विधिक जागरूकता कार्यक्रमों, भावी विधिक जागरूकता कार्य' मों के संबंध में रूप रेखा और रणनीति के संबंध में चर्चा, विधिक जागरूकता कार्यक्रमों में विधिक चेतना समिति में नियुक्त अधिकारी व सदस्य की सक्रिय भूमिका के संबंध में चर्चा की जाएगी।

## काश्तकार-पशु पालकों को बोनस, लाभांश व उपहार दिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** निकटवर्ती देवतरा दूध समिति पर बुधवार को बोनस, लाभांश व उपहार वितरण किया गया। समारोह में पाली डेयरी के चेयरमैन प्रताप सिंह बिटिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यहां पर 70 हजार रुपए बोनस लाभांश व 24 हजार रुपए के उपहार काश्तकारों को समिति की तरफ से दिए गए। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणो को संबोधित करते हुए प्रताप सिंह बिटिया ने कहा कि काश्तकारों को ज्यादा से ज्यादा सहकारिता में जुड़ना चाहिए। जिससे संबल बन सके। इस अवसर पर देवतरा समिति के अध्यक्ष देवाराम, फालना डेयरी अध्यक्ष शौतान सिंह, फतेहसिंह,अर्जुन सिंह, सोनाराम, वरदाराम, वि' म सिंह देवड़ा,सुखाराम सहित ग्रामीण व काश्तकार मौजूद थे।

## जगदगुरु के सुमेरपुर पहुंचने पर स्वागत किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी वैदेही वल्लभ देवाचार्य महाराज के बुधवार को सुमेरपुर पहुंचने पर नगर के सांई वाटिका स्थित सन स्टोन होटल में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जहां स्वामी का भक्तनजों द्वारा बहुमान किया गया। इसके बाद नरसिंह द्वारा खौड़ के लिए भक्ति एवं संत महात्माओं के साथ महाराज को विदाई दी गई। इस मौके पर सुरेश रामावत सोनपुरा, गौरीशंकर कोलीवाड़ा, दिनेश कुमार गंगावा, महेश कुमार बालवाड़ा, प्रकाश कुमार जोगापुरा, जितेंद्र खत्री, नरपत अग्रावत आदि मौजूद थे।

## सुमेरपुर कृषि मंडी कल से 31 मार्च तक बंद रहेगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** महाराजा उम्मेदसिंह कृषि उपज मंडी वार्षिक लेखाबंदी के चलते चार दिन तक मंडी बंद रहेगी। आगामी 28 मार्च से लेकर 31 मार्च तक नीलामी कार्य पूर्णतया बंद रहेगा। उपखंड क्षेत्र में फसलों की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। सुमेरपुर व्यापार संघ सचिव जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सुमेरपुर व्यापार संघ की कार्यकारिणी बैठक में निर्णय लिया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के समापन के कारण व्यापारियों के वार्षिक लेखाबंदी के चलते व्यापारी मंडी के दैनिक नीलामी कार्य में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसलिए नीलामी कार्य 28 से 31 मार्च तक बंद रहेगा। व्यापार संघ ने किसानों से अपील की है कि इन अवकाश के दिनों में मंडी में अपनी उपज लेकर नहीं आए। 1 अप्रेल से सही तरीके से मंडी में नीलामी कार्य शुरू होगा।

## स्कूली बच्चों व नगर वासियों को 101 परिंडे व 21 गौरेया हाऊस बांटे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के संजय नगर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एजुकेट गर्ल्स संस्था व एक व्यक्ति एक पौधा मिशन के यूज वेस्ट-पर्यावरण बेस्ट व प्रोजेक्ट गौरेया आओ ना के तहत बुधवार को गौरेया हाउस कार्यशाला व परिंडा वितरण कार्य' म आयोजित किया गया। शिक्षक राम स्वरूप छाबा ने बताया कि पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने बच्चों को युज वेस्ट-पर्यावरण बेस्ट प्रोजेक्ट के तहत विलुप्त गौरेया पक्षी के लिए जूते के बाक्स से गौरेया हाउस बनाने विधि कौशल से अवगत कराया। वहीं बालिका शिक्षा को समर्पित संस्था एजुकेट गर्ल्स संस्था प्रेरक शकुन कुमारी व प्रकाश कुमार ने बालिकाओं को पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत की प्रेरणा से बालिकाओं को गौरेया संरक्षण गौरेया हाउस बनाने के कौशल सीखने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्य' म में संजय नगर पूर्व पार्षद गोविंद राठौड, राजेश कुमार मालवीया, शिक्षक प्रवीण कुमावत, सज्जन कंवर, जीतू माली, पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत के सानिध्य में नीम के पेड़ पर परिंडा भर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालिकाओं ने भी गौरेया संरक्षण के वेस्ट वस्तुओं से निमित्त गौरेया बनाकर आमजन को प्रेरित किया। गौरेया संरक्षण का महत्व बताते हुए विद्यालय के बच्चों व नगर वासियों को 101 परिंडे व वेस्ट वस्तुओं से निमित्त 21 गौरेया हाउस वितरण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया।



## फरार आरोप पुलिस के हाथ लगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लालाराम उर्फ विरेन्द्र यादव (30) उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले का रहने वाला है। बाली थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 2021 में धारा 354क (यौन उत्पीड़न), पोक्सो एक्ट की धारा 7/8 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वह धारा 299 सीआरपीसी के तहत फरार चल रहा था और थाना स्तर पर टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल था। गिरफ्तारी में थानाधिकारी परबतसिंह के नेतृत्व में एएसआई गणपतसिंह,कांस्टेबल गणाराम, हनुमानराम, जितेन्द्र और अशोक की टीम शामिल थी। आरोपी खालीसपुर, थाना करोदी कला, तहसील कादीपुर, जिला सुल्तानपुर का निवासी है।



## रोजगार सहायता शिविर बैनर का किया विमोचन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर बैनर का विमोचन बुधवार को जिला कलक्टर एलएन मंत्री की ओर से किया गया। जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा 28 मार्च को बांगड़ कॉलेज में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न निजी कम्पनियों द्वारा आशार्थीयों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगी। इस अवसर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह समेत रो.जगार कार्यालय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुडा पृथ्वीराज में जगदम्बा माताजी का मेला कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** गुडा पृथ्वीराज गांव के ओरण स्थित जगदम्बा माताजी प्रांगण में शुक्रवार को मेला भरेगा। मेला कमेटी के मूलाराम प्रजापत ने बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे गांव के महादेव मंदिर से बैण्ड बाजों एवं देव झाकियों के साथ शोभायात्रा रवाना होकर मुख्य मार्गो से निकलेगी। गेर नृत्य के साथ महाप्रसादी आयोजन होगा।

## पालिका अधिशाषी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारीयो ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजल राव को नगर की समस्याओं से अवगत करवाते हुए ज्ञापन सौंपा। जिला महामंत्री हितेश माली ने बताया कि ज्ञापन सौंपकर बताया कि बाली में आए दिन गोमाता के घायल होने, बीमार होने की सूचना मिलती है। समय पर उनको सहायता नहीं मिल पाती। इसलिए नगर पालिका से उचित सहायता की मांग की।



# दो माह से युवती लापता, ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** बाली तहसील बीजापुर गांव से एक विवाहिता लापता हो गईं। इस संबंध में क्षत्रिय घॉची समाज, क्षत्रिय घांची समाज खागडी व रानी, बाली के समाज के लोगों ने पाली विधायक भीमराज भाटी के सान्निध्य में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया कि 20 जनवरी 2025 को बीजापुर से विवाहिता ससुराल रानी गांव जाने के लिए निकली थी बीच रास्ते में उनके पिता द्वारा फोन करने पर मोबाइल फोन स्वीच ऑफ बताया। उसके बाद काफी खोजबीन करने के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लगने पर बाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कराते और दो महिने गुजर जाने के भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक से माग की गई है कि जल्द से जल्द खोजबीन कर सुपुर्द कराएं। इस अवसर पर क्षत्रिय घांची समाज महासभा खागड़ी अध्यक्ष आनन्द सोलंकी, घांची समाज रानी पारा अध्यक्ष हंसाराम भाटी, सचिव बी एल भाटी, खीमाराम परमार लुणावा इत्यादि मौजूद थे।



# जिलास्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में गुरुवार को राजस्थान दिवस पर जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्यान विभाग से राशि 16.91-16.91 लाख के ग्रीन हाउस की अनुदानस्वीकृति आदेश हिमांशी मीणा नांदिया एवं कृषक बलराजसिंह पोसालिया को तथा प्रगतिशील किसानों को जिला कलक्टर ने प्रशस्ति पत्र वितरित किए। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, प्रशिक्षु आरएएस नरेन्द्र जांगिड, संयुक्त निदेशक कृषि शंकरलाल मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक डॉ. हेमराज मीना, आत्मा परियोजना निदेशक ओम प्रकाश बैरवा, जिला नाबार्ड प्रबंधक दिनेश कुमार प्रजापत, अग्रणी बैंक अधिकारी उम्मेदाराम मीणा, कृषि विज्ञान केन्द्र सिरोही के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सुरेश खीची, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक, सहायक निदेशक कृषि पवन बरडीया, सहायक निदेशक डॉ. पन्नालाल चौधरी, डॉ. जितेन्द्रसिंह सहित जिलास्तरीय अधिकारी व किसान उपस्थत थे। राजस्थान दिवस गुरूवार को जिलास्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह का आयोजन राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में किया जाएगा। जिसमें चिन्हिकरण शिविर के माध्यम से चिन्हित किए गए दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपकरण वितरित किए जाऐंगे। यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित ने दी।

## जिला कलक्टर ने दिए सम्पूर्ण स्वच्छता रखने के निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी के निर्देश पर बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संवेदक की ओर से अजारी, जनापुर, झाड़ोली एवं बसंतगढ में की जा रही सफाई का जिला अल्पंसख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चौधरी ने निरीक्षण किया। उन्होने अजारी में मौके पर ही पिंक टॉयलेट शुरू करवाने, सार्वजनिक स्थानों पर कूडे के ढेर की तीन दिन में सफाई कर नोटिस बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया। ग्राम पंचायत बसंतगढ़ में घर-घर कचरा संग्रहण वाहन की नियमित व्यवस्था एवं सुपरवाईजर की उपस्थिति के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान नारायणलाल पुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी नीरू मीना, दिनेश मीणा, पूजा मीणा, प्रभुराम दाना उपस्थित रहें।

## राज्य मंत्री केके विश्नोई आज जिले के दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्य मंत्री केके विश्नोई गुरूवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वें गुरूवार को राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में जिला स्तरीय गरीब एवं अन्त्योदय कल्याण समारोह में भाग लेंगे।

## मातर माता का मेला कल, तैयारियां अंतिम चरण में

### सुबह शुभ मुहूर्त में चढ़ेगी ध्वजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के सारणेश्वर दरवाजे के बाहर, निडोरा तालाब के समीप अशोक कॉलोनी (भटवाड़ा) स्थित अतिप्राचीन मातर माता मंदिर का वार्षिक मेला महोत्सव शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा।अध्यक्ष मदनलाल माली के अनुसार मेला महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। मंदिर व परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाने सहित कार्यकर्ता अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में जुटे हुए है। महासचिव प्रमोद प्रजापति के अनुसार सुबह छीपाओली से माताजी की ध्वजा का जुलूस रवाना होगा। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेगा। जहां संस्थान पदाधिकारियों की ओर से ढोल ढमाकों के बीच ध्वजा की अगवानी की जाएगी। इसके बाद जयकारों के बीच मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी। प्रजापति के अनुसार संस्थान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की देखरेख में दिनभर कई धार्मिक आयोजन होंगे। आराध्य के दर्शन-पूजन को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसंभव व्यवस्थाएं की गई है। शाम 6.30 बजे महाआरती होगी। हर साल की भांति इस बार भी शाम 7 से रात 10 बजे तक भव्य गेर नृत्य का आयोजन होगा। आयोजन में खोबावीर भगवान मंदिर के श्रद्धालु शानदार गेर नृत्य की प्रस्तुति देंगे। गेर नृत्य में भाग लेने के इच्छुक लोग भी आयोजन के सहभागी बन सकेंगे। नाचने के इच्छुक लोगों को डिडोरी (छड़ी/लाठी) साथ लानी होगी। समय प्रबंधन का खास ध्यान रखा जाएगा।



### मेले में सजेगा हाट बाजार

वार्षिक मेले के मौके पर हाट बाजार सजेगा। जहां मिठाई, आइस'ीम, केंडी, चाट-पकौड़ी, पानी पुड़ी, पाव भाजी जैसे व्यंजनों के साथ बच्चों के लिए खिलौने भी सुलभ रहेंगे।

### 797वां वार्षिक मेला कल



अरावली पर्वत की श्रृंखला में मातरमाता का 797वां वार्षिक मेला शुक्रवार को नामदेव छीपा समाज सिरोही, जालोर, पाली एवं गुजरात की ओर से सार्वजनिक मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूजा अर्चना, भजन, महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। नामदेव छीपा समाज सिरोही अध्यक्ष रामलाल भाटी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मातर माता के निवास स्थान से माताजी के मंदिर प्रांगण सिरणवा पहाड़ी पर ढोल धमाके के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में छीपा समाज के माता एवं बहनें भाग लेंगी। माता के साझ श्रृंगार पोशाक श्रृंगार के बाद महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा। नामदेव युवा परिषद जिलाध्यक्ष भरत डी छीपा ने बताया कि सिरोही, जालोर, पाली एवं गुजरात के छीपा समाज के लोग मेले में भाग लेंगे। रोहिडा गांव से पैदल संघ भी इसी दिन मंदिर प्रांगण पर आते हैं।

### छीपाओली में हुआ था माता का जन्म

मातरमाता का जन्म छीपा समाज के भाटी गोत्र में हुआ था। मातर माताजी का बाल रूप में नाम मौनी देवी था। माता के पिता का नाम प्रेमाराम छीपा था। मातरमाता का जन्म सिरोही शहर के छीपा ओली में प्रेमाराम भावसार भाटी गोत्र छीपा समाज में हुआ था। माताजी परमार वंश की कुलदेवी के रूप में पूजनीय है।

## सांसद चौधरी ने लोकसभा में उठाया कड़ाना बांध का मुद्दा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दिल्ली/सिरोही।** सांसद लुम्बाराम चौधरी ने बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान माही एवं कड़ाना बांध का मुद्दा उठाया। सांसद चौधरी ने कहा कि जालोर सिरोही में कम वर्षा के होने से भू-जल स्तर बहुत भारी गिरावट आई है। जिसके कारण दोनो जिले डार्क जोन घोषित हो चुके है। खोसला कमेटी की रिपोर्ट 1 सितम्बर 1965 के अनुसार गुजरात राजस्थान के बीच बोर्डर पर कडाणा बांध बनाना प्रस्तावित था। उस समय 1 अक्टूबर 1966 को राजस्थान एवं गुजरात सरकार के बीच माही जल बंटवारा समझौता में कडाणा बांध का निमार्ण हुआ था। समझौते के अनुसार गुजरात के खेड़ा जिले को कडाणा बांध से पानी तब तक मिलेगा जब तक नर्मदा का पानी नहीं आता है। चुकि अब नर्मदा का पानी गुजरात के खेडा जिले को मिल रहा है।



तो स्वत ही समझौते के अनुसार कडाना और माही बांध के पानी का 2/3 भाग राजस्थान के सिरोही जालोर तय हो चुका था। जो समझौता के अनुसार सिरोही जालोर के हक पानी मिलना था मगर नही मिला। जबकी पानी कडाना बांध का ओवर फलो हो कर सुजलाम नहर के द्वारा पानी को बहकर समुद्र मे जा रहा है। वापकॉस कम्पनी गुडगाव की ओर से किए गए में बताया गया कि 37 साल में 27 बार ओवरफलो होकर 1.30 लाख एमसीएम पानी समुद्र में बहकर बर्बाद हो गया है। सांसद चौधरी ने सरकार से अनुरोध किया कि जो पानी समुद्र मे बह कर जा रहा है उसको राजस्थान सरकार और गुजरात सरकार का संयुक्त बैठक बुलाकर डीपीआर बनाकर कार्य स्वीकृत की जाए। इसके अलावा जवाई नदी के लिए जावई बांध के पानी का हिस्सा तय करके इसको जवाई नदी में डालकर नदी को पुनर्जीवित किया जाए।

## सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन हादसों को दे रहे न्यौता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की जानकारी देने के बावजूद लोगों की ओर से पालना नहीं की जाती है। टैक्सी चालकों की ओर से फोरलेन पर क्षमता से अधिक सवारियां ढोई जा रही हैं। इन वाहनों को देखकर तो ऐसा नहीं लग रहा की यातायात नियमों की पालना हो रही है। शहर समेत आसपास के क्षेत्र में सड़कों पर वाहन चला रहे चालक यातायात नियमों की पालना करते नजर नहीं आ रहे हैं। क्षमता से अधिक सवारियां होने से वाहनों के असंतुलित होकर अन्य वाहन से टकराने या पलटने का खतरा बना रहता है। आबूरोड एवं पिण्डवाड़ा मार्ग पर ओवरक्राउडेड वाहनों के कारण पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है, इसके बावजूद कई वाहन चालक थोड़े फायदें यात्रियों की जान जोखिम में डालकर सफर करते हैं।



## रोजेदारइबादत के साथ-साथ गरीबों की मदद कर रहे

### रमजान के आखिरी अशरे में दुआओं का दौर तेज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** रमजान का पाक महीना इबादत, संयम और समर्पण का है। इस दौरान मोमिनों की हर दुआ कबूल होती है। रमजान में की गई इबादत का खास महत्व होता है। मोमिन का रिज्क बढ़ा दिया जाता है। जो एक रुपया खुदा की राह में खर्च करता है, उसे 70 गुना से ज्यादा सवाब मिलता है। किसी रोजेदार को रोजा खुलवाता है, उसे जहनम से आजाद कर दिया जाता है। मंडार मस्जिद के पेश इमाम सिद्दीकी अकबरी ने कहा कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। नेक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। रमजान में रोजेदार अपने गुनाहों की तौबा करते हैं। अल्लाह से माफी मांगते हैं। इस दौर में की गई इबादत और सच्चे दिल से मांगी गई दुआओं को अल्लाह कबूल करता है। अमीर और गरीब दोनों दिनभर भूख-प्यास रहते हैं ओर शाम होने पर रोजा इफ्तार करते हैं। नमाज, तिलावत



और इबादत से इंसान अपने गुनाहों की माफी मांगता है। आध्यात्मिक रूप से खुद को मजबूत करता है। पहला अशरा रहमत और दूसरा अशरा मगफिरत तीसरा अशरा जहनम से आजादी। बीते 25 दिनों दिनों में से रोजेदारों ने इबादत,कुरान शरीफ की तिलावत और गरीबों की मदद से खुदा के करीब आने की कोशिश की। अब तीसरा अशरा जहनम से आजादी का है। खुदा की इबादत में गुजरता है दिन शनिवार से तीसरा अशरा शुरू हो गया। तीसरा सप्ताह इबादत और साम्तजिक नजरिए से अहम माना जाता है। इस अशरे में जहनम की आग से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा दुआ करनी चाहिए। इस दौरान लैलतुल कद्र की चमत्कारी रात भी आती है। कई मुसलमान इस अशरे में एतकाफ करते हैं।



## एसपी ने संपर्क सभा में पुलिसकर्मियों से किया संवाद

### » पुलिस लाइन में हुआ संपर्क सभा का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की अध्यक्षता में सम्पर्क सभा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी कार्मिकों की समस्याओं व सुझावों को सुनकर निराकरण किया गया। इसके बाद पुलिस मुख्यालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। एएसपी देवाराम चौधरी, प्रभुदयाल धानिया, सिरोही वृताधिकारी मुकेश चौधरी, लक्ष्मणसिंह, राजेश पांचाल, कोतवाल दलपतसिंह, सदर थानाधिकारी घनश्यामसिंह, साइबर थानाधिकारी कैलाशदान एवं अचलदान समेत जवान तैनात रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 395 श्रमिकों का किया पंजीकरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत बुधवार को नगर परिषद परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। आयुक्त शिवपालसिंह ने बताया कि 395 श्रमिकों ने पोर्टल पर पंजीकरण कर नए जॉब की डिमांड करवाई गई है।

### गहलोत ने दी योजनाओं की जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** नशा मुक्ति पुनवार्स केन्द्र में बुधवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरों की ओर से संगोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना समेत कई योजनाओं कीजानकारी दी। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भीक्सिंह भाटी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण के लिए होने वाले दुष्परिणाम पर जानकारी प्रदान की। नशा मुक्ति केंद्र के परियोजना समन्वयक सीताराम ने नशे का मानव समाज पर होने वाले घातक प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सामाजिक कार्यकर्ता नटवर सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। प्रतियोगिता में विजेताओं का सम्मान किया गया।

### ई-मित्र संचालकों व एलएसपी की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** पंचायत समिति रेवदर के सभागार में उपखण्ड अधिकारी सुबोधसिंह चारण की अध्यक्षता में ई-मित्र संचालकों व एलएसपी की बैठक का हुआ आयोजन। जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाईन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के निस्तारण पर चर्चा की। विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी, प्रोग्रामर भगाराम कोली, उपखंड अधिकारी कार्यालय के मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

### गौतमऋषि ट्रस्ट बड़ी खुणी परगना के सदस्यों के चुनाव निर्विरोध संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया। कस्बे** के गुडा मीणावास अम्बाजी मंदिर परिसर में मंगलवार को अध्यक्ष अंतरिम कमेटी श्री गौतम ऋषि ट्रस्ट एवं उपखंड अधिकारी शिवगंज के निर्देशन में गौतम ऋषि ट्रस्ट पोसालिया बडी खुणी परगना के सदस्यों के चुनाव निर्विरोध एवं शांति पूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव दल रिटर्निंग अधिकारी उमेश गोयल भू अभिलेख निरीक्षक ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की सभी प्रक्रिया सम्पन्न करवान के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दो बजे किया गया। जिसमें 201 सदस्य पंजिकृत हुए। इसके बाद नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए। जिसमें कालूराम मीणा खंदरा, चेताराम मीणा रूखाडा, मुपाराम मीणा पोसालिया, चेनाराम मीणा पालडी एम, सुरेश कुमार मीणा पोसालिया, नरेन्द्र कुमार मीणा बारेवडा के कुल छह नामांकन पत्र प्राप्त हुए। नाम निर्देशन पत्र की संविक्षा करने के बाद कालूराम मीणा खंदरा, चेताराम मीणा रूखाडा, सुरेशकुमार मीणा पोसालिया और नरेन्द्र कुमार बारेवड़ा ने नाम वापस लिए। इसके बाद दो उम्मीदवार मुपाराम पुत्र कछुआराम मीणा पोसालिया और चेनाराम पुत्र प्रहलादराम मीणा पालडी एम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र दिए। समर्थकों ने दोनों अभिनंदन किया। मतदान दल में रिटर्निंग अधिकारी उमेश गोयल, सहायक अधिकारी छैलसिंह देवडा, मतदान अधिकारी प्रकाश परिहार, रूपसिंह व श्यामसिंह ने शांति पूर्वक चुनाव संपन्न करवाए।

### माधव विवि में फ्लैश ड्राइव आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में गुरुवार को सरकुलएज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटी और सॉफ्टवेयर लैपटॉप के क्षेत्र में इतिहास बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों को स्वर्णिम अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण सेल संचालक डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि सर्कुलर एज सॉल्यूशंस एक पुरस्कार विजेता व्यावसायिक सलाहकार और परामर्श सेवा प्रदान करने वाली कंपनी है, जो प्रशिक्षित छात्रों में विशेषज्ञता रखती है। यह एल्युमीनियम ड्राइव माधव फ्रेमवर्क डिपार्टमेंट के एस्टेब्लिशमेंट हॉल में आयोजित की जाएगी। प्रक्रिया सवेरे दस बजे शुरु होगी।

# हवाई पट्टी के रनवे पर अक्सर दौड़ती है नीलगाय

**अचानक विमान उतारते समय हो सकता है बड़ा हादसा**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** जिला मुख्यालय की हवाई पट्टी पर दिन दिनों करीब दो या तीन बजे के समय में देखने के बाद आपकी हैरानी का ठिकाना नहीं रहेगा। इस हवाई पट्टी के रनवे पर प्लेन नहीं लेकिन नीलगाय दिख जाएंगी। हालांकि हवाई पट्टी पर यूं तो सेफ्टी का काफी ध्यान रखा जाता है। किसी भी तरह की संदिग्ध चीज देखते ही एक्शन लिया जाता है। लेकिन, सिरोही की हवाई पट्टी पर जहां बड़े वायूयान उतारने की तैयारी चल रही है वहां सुरक्षा तो दूर की बात, रनवे पर नीलगाय व अन्य गोवंश व पशु दौड़ते नजर आ रहे है। गोयली मार्ग पर बनी हवाई पट्टी किसी नेता या अभिनेता के आना होता है, उस समय इस जगह की सफाई कर इसे हेलीकॉप्टर या प्लेन के लैंड करने लायक तैयार किया जाता है। लेकिन सही मायने में यह हवाई पट्टी वन्यजीवों के लिए शरणगाह व चरागाह बनी हुई है। यहां पहले भी प्लेन उतरते वक्त पशु के आगे आने की घटना सामने आ चुकी है। हालांकि अब जनप्रतिनिधि इसकी कायाकल्प करने में लगे है।

### विमान के लिए हो सकता है खतरा

दरअसल बीते कुछ दिनों हवाई पट्टी के पास वन्यजीवों का मूवमेंट काफी बढ़ गया है। दोपहर को नीलगायों को अक्सर देखा जाने लगा है। ऐसे में अक्समात उतरने वाले विमानों के लिए नीलगायों का विचरण खतरा साबित हो सकता हैं।

### सेलिब्रिटी एवं मुख्यमंत्री तक विमान से आए

सिरोही हवाई पट्टी पर वैसे तो मुख्यमंत्री एवं मंत्री भी आए हुए है। इसके अलावा सेलिब्रिटी में हाल ही अक्षय कुमार भी सपरिवार आए थे। इसके अलावा कई फिल्म अभिनेता भी आए। आशाराम बापू अपने सत्संग के दौरान दो बार इस हवाई पट्टी का उपयोग कर चुके है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी भी अपने लवाजमे के साथ यहां उतर चुकी है।

# सुगम रेल संचालन व यात्रियों की सुविधा के लिए आरयूबी का निर्माण

**निर्माण कार्य के लिए प्रभावित रहेगा रेल यातायात**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**आबूरोड।** अजमेर मंडल के मदार-मारवाड जं. रेलखण्ड पर बर-हरिपुर स्टेशनों के मध्य समपार फाटक सख्या 36 पर आरयूबी निर्माण के लिए यातायात ब्लॉक लिया जा रहा है। जिससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के गाडी संख्या 19735 जयपुर-मारवाड़ जं. रेलसेवा 28 को जयपुर से प्रस्थान कर ब्यावर तक संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा ब्यावर-मारवाड के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाडी संख्या 19736 मारवाड़ जं.-जयपुर रेलसेवा 28 को मारवाड़ के स्थान पर ब्यावर से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा मारवाड़ जं.-ब्यावर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाडी संख्या 14701 श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस रेलसेवा गुरुवार को श्रीगंगानगर से प्रस्थान कर अजमेर-बर स्टेशनों के मध्य 1 घंटे रेगुलेट रहेगी। गाडी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस रेलसेवा गुरुवार को काठगोदाम से प्रस्थान कर अजमेर-बर स्टेशनों के मध्य 50 मिनट रेगुलेट रहेगी।

# होटल के बेसमेंट में लगी आग, सर्तकता से टला हादसा

**दमकल नहीं होने से टैंकरों से मंगवाया पानी**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार।** जेतावाडा के समीप गुजरात सीमा से सटे रिसोर्ट के कमरे में अचानक आग लग गई। जिससे उसमें रखे सोफासेट जल कर स्वाह हो गए। सूचना मिलते ही थानाधिकारी रविंद्रपालसिंह राजपुरोहित मय जाब्ता पहुंचे। उपखंड तथा गुजरात पांथावाड़ा में भी दमकल की व्यवस्था नहीं होने से टैंकरों से पानी मंगवाकर आग पर काबू पाया। थानाधिकारी राजपुरोहित ने बताया शाम को वे टीम के साथ गश्त में थे। सूचना मिली गुजरात सीमा के सूर्यगढ़ पैलेस रिसोर्ट में आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। उप खंड स्तर पर भी दमकल की व्यवस्था नहीं होने से गुजरात पांथावाड़ा में संपर्क किया। लेकिन, वहां भी व्यव-स्था नहीं होने से जेतावाड़ा तथा आसपास से पानी के टैंकर मंगाए गए। टैंकरों की सहायता से आग बुझाई। आग शॉर्ट सर्किट होने से बार के कमरे में आग लगी थी। जहां बैठने के सोफे रखे हुए थे। जिससे जलकर स्वाह हो गए।

# राष्ट्रीय पक्षी की हत्या, आरोपी न्यायिक हिरासत में

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*
*सांडेराव। एक सप्ताह पहले राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या कर उसके शव प्लास्टिक कट्टे में डालकर ले जाने के आरोपियों को पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तार किया । साण्डेराव पुलिस चौकी इंचार्ज सहायक थानाधिकारी श्रवण सिंह के साथ रामसिंह व महिला कांस्टेबल श्रीमती भगवती की टीम ने शिव कुमार पुत्र रमेश कुमार जोगी फालना, श्रीमती पिंटा पत्नी रमेश कुमार कालबेलिया जोगी, शिवाजी कालोनी फालना को पकड़ा। पुलिस ने*



*आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।*

### यह था मामला

गत सोमवार को दिन दहाड़े कस्बे में चोरियों की वारदात का फुटेज एक सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती दाखु देवी भील ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर यथा स्थिति से अवगत होकर मौके की कार्यवाही शुरू की। इस बीच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ग्रामीणों ने फुटेज में कैद चोरी करते दिखे आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। इधर चोरों द्वारा आखरिया चौक में छोड़ कर गए प्लास्टिक कट्टे को दूसरे दिन मंगलवार अल सुबह कुत्तों के नोचने व बदबू आती देख कर ग्रामीणों ने हंगामा खड़ा कर दिया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर फिर से पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों के समक्ष चोरों की ओर से छोड़े गए प्लास्टिक कट्टों की तलाशी ली तो उसमें भंगार के साथ में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव मिलने पर लोगों में इन चोरों के प्रति आक्रोश बढ़ गया। पुलिस ने तुरंत प्रभाव से वन विभाग की टीम को सूचना दी। सरपंच की ओर से पुलिस को राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार कर उसके शव को भंगार भरे प्लास्टिक कट्टे में डालकर ने जाने की एक लिखित रिपोर्ट पेश की गई थी।

# पुलिस ने लुटेरी गैंग के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सरूपगंज।** फोरलेन पर चाकूबाजी कर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलसिंह ने बताया कि फोरलेन पर चाकूबाजी कर राह चलतें लोगों के साथ लुट, हत्या का प्रयास, वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग के मुख्य सरगना सहित दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वही दो विधि से संघर्षरत बालक को डिटेन किया गया। लूट के मामले को लेकर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसके बाद आरापी मांडवाड़ा खालसा निवासी शम्भुराम पुत्र सामीराराम गरासिया तथा मालेरा टोल नाका के पास निवासी भंवरलाल पुत्र जीवाराम गरासिया को गिरफ्तार कर विधि से संघर्षरत बालकों को संरक्षण मे लिया है।



### यह हुई थी घटनाएं

21 मार्च 2025 को पीडित चुन्नीलाल ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर सरुपगंज से नितोडा जा रहा था। पुरानी भावरी से पहले चार अज्ञात लड़कों ने बाइक को रुकवाकर दो लड़कों ने उसे पकड़ा तथा दो अन्यों ने चाकूबाजी कर घायल कर दिया। - पटेलों की फली नागपुरा निवासी प्रतापराम पुत्र कालूराम गरासिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि 21 मार्च 2025 को वह उसके परिवार के लोगों के साथ सरुपगंज से सामान लेकर बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। सरगामाता के पास खड़े दो लडकों नें बाइक रुकवाकर चाकू दिखाकर बाइक एवं मोबाईल लूटकर चले गए। कोदरला निवासी जगदीश कुमार पुत्र अम्बालाल रावल ने 14 मार्च 2025 रिपोर्ट देकर बताया कि वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर कोदरला से पिण्डवाड़ा जा रहा था। बनास में बनास में अज्ञात चार पांच लड़कें बाइक के सामने आकर खड़े हो गए तथा चाकू दिखाकर मोबाइल ले लिया।

# विवाहिता की मौत, चिकित्सक की लापरवाही, डाक्टर निलंबित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**पाली।** बांगड़ अस्पताल में बाइस वर्षीय एक विवाहिता की मौत के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों का कहना है कि मौत गलत इंजेक्शन की वजह से हुई है। इधर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और समझाइश की। परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया। आखिरकार चिकित्सक को निलंबित करने के बाद बुधवार दोपहर शव लिया और उसका अंतिम संस्कार किया। जांच टीम गठित की और प्रारंभिक जांच के बाद डॉ. सूर्यवीर को निलंबित करने के आदेश जारी किए। वहीं डॉ. गौरव कटारिया, डॉ. प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में गठित टीम को पूरे मामले की जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया। इसके बाद बुधवार दोपहर करीब डेढ बजे पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हुए। पाली के मिलगेट क्षेत्र निवासी पायल पत्नी नवीन कुमार को बुखार, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत पर मंगलवार को सुबह बांगड़ हॉस्पिटल लेकर आए, जहां उसे डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने उसे इलाज के लिए भर्ती कर लिया। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने से उसकी तबीयत बिगड़ी। ऐसे में उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। जहां मंगलवार शाम करीब सात बजे डॉक्टर ने बताया कि पायल की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने हॉस्पिटल में हंगामा कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाने की कोशिश, लेकिन परिजन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। आईसीयू वार्ड के बाहर धरने पर बैठ गए। मामले में मंगलवार देर रात पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की ओर से समझाइश की गई, उसके बाद उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई और डेड बॉडी को मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस ने शव का बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मामले में मृतक पायल के भाई निर्मल और रामचंद्र ने कहा कि डॉक्टर की लापरवाही से उनकी बहन की मौत हुई है। वह ठीक थी। कुछ महीने पहले ही उसने प्रियांश को जन्म दिया था। डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया, जो उसकी मौत का कारण बना।

# कार्रवाई के अभाव में धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडारा।** एक साल पूर्व परिवहन कर संग्रहण केन्द्रों के हटने के बाद जिला मुयालय से अलग-अलग चयनित स्थानों से उड़न दस्तों की ओर से ओवरलोड, टैक्स व वाहनों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है। लेकिन, मंडार गुजरात की अंतरराजीय सीमा पर स्थित केन्द्र के बंद होने के बाद से विभाग को हर माह लाखों रुपए का राजस्व नुकसान झेलना पड़ रहा है। वर्तमान में उडन दस्ते को करोटी टोल नाके पर स्थापित किया है। जिससे विभाग को प्रतिमाह लाखों का राजस्व नुकसान तो भुगतना पड़ रहा है।

### अनदेखीए से दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

गुजरात की ओर जाने वाले ओवरलोड वाहन बिना टैक्स चुकाए ही दौड़ रहे हैं। ऐसे में वाहनों की जांच कर टैक्स कौन वसूले। सिरोही, जालोर, बाड़मेर की ओर से गुजरात जाने वाली लग्जरी बस लगभग सभी गुजरात पासिंग होने से काफी टैक्स चोरी होने की आशंका है। क्षेत्र से भारी मात्रा में डंपरों में कपची ओवरलोड जा रही है। कपची गुजरात ले जाने पर रॉयल्टी व जीएसटी की चोरी होने से राज्य सरकार को टैक्स की चोरी के रूप में राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

### दो माह में दो मौत

कांडला हाईवे पर दिनभर सैकड़ों भारी वाहन आबादी के बीच से गुजरते हैं। इनमें पेट्रोल, गैस, केमिकल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों से भरे ट्रक शमिल होते हैं। मंडार, रेवदर, अनादरा, सोनेला, सिरोड़ी और कृष्णगंज जैसे गांवों के बीच से यह हाइवे गुजरता है। यहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। कई लोग जान गवा चुके हैं। दो महीने में दो युवकों की सड़क पार करते मौत हो चुकी है।

### वाहनों के खिलाफ होगी कार्रवाई

*ओवरलोड तथा बिना टैक्स चुकाए चलने वाले वाहनों के खिलाफकारवाई की जाएगी। जल्द ही उड़नदस्तों की भेज कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*
***- रामेश्वर प्रसाद वैष्णव, जिला परिवहन अधिकारी सिरोही।***



# पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में हंगामा

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*
*देसूरी। पंचायत समिति सभागार में प्रधान संगीता राजपुरोहित की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच कई गंभीर मुद्दों पर तीखी बहस हुई, जिससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। पंचायत समिति की बैठक समय पर न होने, विकास कार्यों में देरी, जल जीवन मिशन की बदहाली और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की।*



### पांच सदस्यीय कमेटी गठित

बैठक के दौरान जल जीवन मिशन की खराब स्थिति को लेकर भी जोरदार हंगामा हुआ। पंचायत समिति के 24 ग्राम पंचायतों में पाइपलाइनें तो बिछा दी गई, लेकिन अब तक कई पंचायतों में ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति नहीं हो रही। जगह-जगह पाइपलाइनें लीकेज हो रही हैं, लेकिन अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारियों से जब भी इस संबंध में सवाल किया जाता है, वे कन्नी काट लेते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई, जो जल जीवन मिशन की पाइपलाइन और इससे संबंधित कार्यों की जांच करेगी।

### अधिकारियों पर गुमराह करने का आरोप

सदन में अधिकारियों के रवैये पर भी नाराजगी जताई गई। उपप्रधान मेड़तिया ने कहा कि नौकरशाही हावी हो गई है और अधिकारी जनप्रतिनिधियों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं देते और केवल चाटुकारिता में लगे रहते हैं।

### शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

सदन में राजकीय स्कूलों की स्थिति और आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) में पारदर्शिता को लेकर भी चर्चा हुई। उपप्रधान मेड़तिया ने आरोप लगाया कि गिराली स्थित राजकीय स्कूल में भवन निर्माण के लिए स्वीकृत राशि का दुरुपयोग किया गया। इस पर प्रशासन ने जांच कराने का आश्वासन दिया। सदस्य विक्रमसिंह इन्दा ने आरटीई में पारदर्शिता की मांग उठाई और कहा कि इस योजना के तहत गरीब बच्चों के प्रवेश में अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की अपील की।

### जवाई जल परियोजना पर भड़के जनप्रतिनिधि

सदन की कार्यवाही के दौरान जवाई जल परियोजना को लेकर भी विवाद हुआ। सदस्य विक्रमसिंह इन्दा ने आरोप लगाया कि जल कनेक्शन के झूठे आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं। उन्होंने फर्जी प्रमाण पत्र पेश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### ये रहे मौजूद

प्रधान संगीता अमरसिंह राजपुरोहित तहसीलदार हरेन्द्रसिंह चौहान उपप्रधान मानवेन्द्रसिंह मेड़तिया विकास अधिकारी भोपालसिंह जोधा सरपंच घीसूलाल मेघवाल,गोविंदपुरी गोस्वामी,राजाराम चौधरी,केसाराम भील,जयदेवसिंह चारण,सोहनलाल जांगिड़,दौलत राईका मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई पंचायत समिति सदस्य विक्रमसिंह इन्दा,पुनाराम चौधरी अतिरिक्त विकास अधिकारी ललित व्यास सहायक विकास अधिकारी रमेशदास वैष्णव समेत समस्त अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

### बैठक में देरी पर नाराजगी

पंचायत समिति सदस्य विक्रमसिंह इन्दा ने कहा कि पंचायत समिति की बैठकें समय पर नहीं हो रही हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सदन की बैठक हर महीने होनी चाहिए, लेकिन छह माह बाद बैठक होने से लिए गए प्रस्तावों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती। इस मुद्दे पर सदन में जनप्रतिनिधियों ने मेजें थपथपाकर विरोध जताया। इन्दा ने सवाल उठाया कि जब समस्याओं का निस्तारण ही नहीं होता, तो फिर बैठकें आयोजित करने का क्या औचित्य है।

### तोड़बट्टा प्रणाली पर सवाल

उपप्रधान मानवेन्द्रसिंह मेड़तिया ने सदन में कहा कि समस्याओं का समाधान तोड़बट्टा (समझौता) करके किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की समस्याएं हल नहीं हो रही हैं। उन्होंने सड़क निर्माण की शिकायत का उदाहरण देते हुए कहा कि एक पटवारी से तोड़बट्टा कर दिया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते और फोन तक नहीं उठाते।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.